दैनिक लोकमित्र सच्चाई की जंग
वर्ष : 30 | अंक :49
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 21 दिसम्बर-2023
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# मॉब लिंचिंग होने पर होगी फांसी की सजा

## अमित शाह का संसद में ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन नए आपराधिक कानून विधेयकों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रस्तावित कानूनों के मुताबिक, मॉब लिंचिंग के अपराध के लिए मौत की सजा का प्रावधान होगा। केंद्र के अनुसार नए विधेयकों का उद्देश्य देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पुनर्जीवित करना है, जिसमें दंड के बजाय न्याय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

अंग्रेजों ने जो राजद्रोह कानून बनाया था, जिसके तहत तिलक महाराज, महात्मा गांधी, सरदार पटेल और हमारे कई स्वतंत्रता सेनानी वर्षों तक जेल में रहे और वह कानून आज तक चल रहा है। पहली बार, मोदी सरकार ने राजद्रोह कानून को पूरी तरह से खत्म करने का फैसला किया है।

अमित शाह ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, जो भारतीय दंड संहिता की जगह लेगी, सजा के बजाय न्याय पर केंद्रित है। भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 पहली बार मानसून सत्र के दौरान संसद में पेश किए गए थे। शाह ने शीतकालीन सत्र के दौरान विधेयकों का संशोधित संस्करण पेश किया। शाह ने यह भी कहा कि प्रस्तावित कानून पुलिस की जवाबदेही को मजबूत करने के लिए एक प्रणाली लाएंगे। शाह ने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के बारे में विवरण अब हर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया जाना चाहिए और एक नामित पुलिस अधिकारी इन रिकॉर्डों को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होगा।नए आपराधिक विधेयकों के प्रावधानों के बारे में बोलते हुए शाह ने कहा कि सरकार ने तस्करी कानूनों को लिंग-तटस्थ बना दिया है।

इसके अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की के बलात्कार पर नए कानूनों के तहत स्वचालित रूप से क्ष्टस्ह्र समकक्ष प्रावधान लागू होंगे। अमित शाह ने यह भी कहा कि नए कानूनों में आतंकवाद की परिभाषा शामिल होगी।

### शास्त्रों में न्याय को दंड से ऊपर रखा गया-अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर लोकसभा में चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 200 साल पुराने कानूनों में बदलाव किया गया। शास्त्रों में न्याय को दंड से ऊपर रखा गया। तीनों कानून अंग्रेजों के जमाने के थे। चर्चा के जवाब में गृह मंत्री ने कहा कि जो नए तीन कानून लेकर आया हूं, वो मूल भारतीय न्याय की संहिता की आत्मा को प्रकटीकरण देने वाले कानून हैं।अमित शाह ने कहा कि अब शिकायत करने पर 3 दिन या अधिकतम 14 दिनों के अंदर एफआईआर दर्ज करनी होगी। 3 से 7 साल तक की सजा के मामलों में 14 दिनों के अंदर प्रारंभिक जांच पूरी करनी होगी। यानि अधिकतम 14 दिन या छोटी सजा के मामलों में 3 दिन में एफआईआर दर्ज करनी होगी। जो कानून रिपील करने जा रहे हैं उसमें सरकारी खजाना लूटने, रेल पटरी उखाड़ने और ब्रिटिश ताज के अपमान की सजा पहले रखे गए थे। अब महिला/बच्चों के खिलाफ अपराध को, मानव शरीर पर प्रभाव डालने और देश की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। फिर सेना, चुनाव और करेंसी संबंधी कानून हैं। जो इंडियन पीनल कोड, 1860 में बना उसका उद्देश्य दंड देना था, न्याय देना नहीं। इस सदन की मान्यता के बाद पूरे देश में %भारतीय न्याय संहिता%, सीआरपीसी 1998 की जगह %भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता% और इंडियन एविडेंस एक्ट1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक अमल में आएगी।

## न्याय से जुड़े तीन विधेयकों को मिली लोकसभा की मंजूरी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कानूनी प्रक्रिया से जुड़े तीन कानूनों भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) को नए सिरे से परिभाषित करने वाले तीन नए विधेयक बुधवार को लोकसभा से पारित हो गए।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 को लोकसभा में चर्चा और पारित किए जाने के लिए पेश किया था। गृह मंत्री शाह ने आज इन विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इनका उद्देश्य कानूनी प्रक्रिया को दंड केन्द्रित के बजाय न्याय केन्द्रित करना है और भारतीय विचार को न्याय प्रणाली में जगह देना है।शाह ने विधेयक पर जवाब देते हुए कहा कि पिछली बार पेश विधेयकों को गृह विभाग की स्थायी समिति को भेजा गया था। समिति ने विधेयकों में कई बदलाव सुझाए थे। इनमें से बहुत से बदलावों को स्वीकार किया गया है। ऐसे में विधेयकों से जुड़े संशोधन लाने की बजाय नए ढंग से विधेयक लाए गए हैं।तीनों विधेयकों को आज सदन के समक्ष चर्चा और पारित के लिए पेश किया गया। जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया।

# पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी प्रियंका गांधी

## इंडिया बैठक में ममता का प्रस्ताव



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को गठबंधन की चौथी बैठक के दौरान पीएम मोदी के खिलाफ वाराणसी सीट से इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का नाम प्रस्तावित किया। 2019 में पीएम मोदी के खिलाफ वाराणसी सीट से प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी की चर्चा ने भी जोर पकड़ लिया, लेकिन जब ग्रैंड ओल्ड पार्टी ने हाई-प्रोफाइल सीट के लिए अजय राय को मैदान में उतारा तो इस पर विराम लग गया। बैठक के बाद, जब उनसे वाराणसी से प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम लोग सब कुछ नहीं बता सकते, जो बात हुई है।गठबंधन की चौथी बैठक में टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने भी इंडिया ब्लॉक के सदस्यों से 31 दिसंबर, 2023 तक %सीट-बंटवारे% फॉर्मूले को अंतिम रूप देने का आग्रह किया। सूत्रों ने कहा कि इस बात पर काफी हद तक सहमति बनी कि राज्य स्तर पर सीट-बंटवारे को दिसंबर के अंत तक और अंत में शीर्ष नेतृत्व स्तर पर जनवरी के दूसरे सप्ताह तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान, ममता बनर्जी ने राज्य के लिए लंबित केंद्रीय धन पर चर्चा करने के लिए बुधवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की।पार्टी के नौ सांसदों के साथ संसद परिसर में बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 155 केंद्रीय टीमें पहले ही पश्चिम बंगाल का दौरा कर चुकी हैं। राज्य के लिए लंबित मनरेगा निधि के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि श्रमिकों को भुगतान करना संविधान के तहत अनिवार्य है। ममता बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री) आवास योजना के लिए धन रोक दिया गया है, ग्रामीण विकास योजनाएं बंद कर दी गई हैं, और स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम बंद कर दिया गया है भी बंद कर दिया गया है। हमें वित्त आयोग के तहत धन भी नहीं मिल रहा है।

### कल्याण बनर्जी का माफी मांगने से इनकार, कहा- मिमिक्री एक कला है

**कोलकाता,(हि.स.)।** संसद परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने की घटना का मामला गरमाने के बाद तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी खुद कैमरे के सामने आ गए हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मिमिक्री एक कला है, जिसे मैंने दिखाया। मुझे नहीं पता कि धनखड़ साहब ने इसे अपने ऊपर क्यों लिया। अगर वाकई ऐसा है तो क्या वह राज्यसभा के अंदर इस तरह का व्यवहार करते हैं? वह मेरे सीनियर हैं। हम दोनों एक ही प्रोफेशन में रहे हैं। हम जानते हैं कि किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।दरअसल, संसद परिसर में राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। इस घटना के बाद से राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है।

# 150 सांसदों के निलंबन पर कोई चर्चा क्यों नहीं

## मिमिक्री मामले बोले राहुल गांधी- अपमान किसने और किसका किया?



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के एक सांसद द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल करने को लेकर विवाद के बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि संबंधित विपक्षी सदस्य को सदन से ÷बाहर निकाल दिया गया÷ और वीडियो उनके निजी फोन पर रिकॉर्ड किया गया था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसने अपमान किया और कैसे? सांसदों को बाहर निकाल दिया गया, मैंने वीडियो बनाया, लेकिन यह मेरे फोन पर है। मीडिया (क्लिप) दिखा रहा है। अपने बयान में राहुल ने कहा कि सांसद वहां बैठे थे, मैंने उनका वीडियो शूट किया। मेरा वीडियो मेरे फ़ोन पर है। मीडिया इसे दिखा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी ने कुछ नहीं कहा। हमारे 150 सांसदों को (सदन से) बाहर निकाल दिया गया है लेकिन मीडिया में उस पर कोई चर्चा नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि अडानी पर कोई चर्चा नहीं, राफेल पर कोई चर्चा नहीं, बेरोजगारी पर कोई चर्चा नहीं। हमारे सांसद निराश होकर बाहर बैठे हैं लेकिन आप उस (मिमिक्री) पर चर्चा कर रहे हैं। वहीं, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मिमिक्री की भी जिक्र किया और राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप संसद में नेताओं को वाद-विवाद के लिए भेजते हैं। लेकिन कल कुछ लोगों ने संसद में वाद-विवाद की जगह जोकर का, नकल करने का काम पकड़ लिया। कल एक सांसद भारत के उप-राष्ट्रपति की नकल संसद के प्रांगण में ही कर रहा था और कांग्रेस नेता राहुल गांधी उसकी वीडियो बना रहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिसके बारे में कहा जाता है कि इसका इतिहास 100 वर्ष से भी पुराना है। उस कांग्रेस का नेता किसान पुत्र, जाट पुत्र और ओबीसी के प्रतिनिधि और उप राष्ट्रपति के संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति की तौहीन कर रहा है।संसद की सुरक्षा में सेंध की घटना पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर हंगामा करने पर दोनों सदनों से 90 से अधिक विपक्षी सदस्यों को निलंबित किए जाने के विरोध में विपक्ष के सांसदों ने कल मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सदन की 'मॉक कार्यवाही' का आयोजन किया

# कुछ लोगों ने संसद में वाद-विवाद की जगह जोकर का काम पकड़ लिया है-जेपी नड्डा



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** जेपी नड्डा ने जगदीप धनखड़ मिमिक्री की भी जिक्र किया और राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप संसद में नेताओं को वाद-विवाद के लिए भेजते हैं। लेकिन कल कुछ लोगों ने संसद में वाद-विवाद की जगह जोकर का, नकल करने का काम पकड़ लिया। कल एक सांसद भारत के उप-राष्ट्रपति की नकल संसद के प्रांगण में ही कर रहा था और कांग्रेस नेता राहुल गांधी उसकी वीडियो बना रहा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिसके बारे में कहा जाता है कि इसका इतिहास 100 वर्ष से भी पुराना है। उस कांग्रेस का नेता किसान पुत्र, जाट पुत्र और ओबीसी के प्रतिनिधि और उप राष्ट्रपति के संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति की तौहीन कर रहा है।नड्डा ने कहा कि ये लोग कहते हैं कि मोदी हटाओ, मोदी हटाओ। जबकि मोदी जी कहते हैं कि देश आगे बढ़ाओ, देश को आगे ले जाओ। इसलिए मोदी हटाने वालों को 2024 में आपको हटा देना है और देश का विकास करने वाले मोदी जी को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि देश को चलाने के लिए नेतृत्व, नीति, नियम और कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। मैं आज आप सबसे पूछता हूं कि क्या कारण था कि 70 साल से एशियन गेम्स में कभी भी इतने मेडल नहीं आए, जितने इस बार (100 से अधिक) आए हैं। क्या कारण था कि टोक्यो ओलंपिक से पहले भारत कभी भी ओलंपिक में इतने मेडल नहीं ले सका, जितने टोक्यो ओलंपिक में मिलें।

# कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर केन्द्र सरकार सतर्क

## राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** कोरोना और इसके नए वेरिएंट जेएन- 1 के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा संबंधी सेवाओं की तैयारियों पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के जेएन-1 वेरिएंट को वेरियंट ऑफ इंटरेस्ट माना है, यानी यह वायरस तेजी से फैल सकता है।इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें घबराने नहीं, सतर्क रहने की जरूरत है। अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर 3 महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल होना चाहिए। इसके लिए राज्यों को केन्द्र सरकार की ओर से सभी प्रकार का समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को तैयारियों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्यों को कहा कि स्वास्थ्य का क्षेत्र किसी राजनीति का क्षेत्र नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय हर सहायता के लिए उपलब्ध है।उल्लेखनीय है कि कोरोना के नए वेरियंट जेएन-1 के एक मामले की केरल में पुष्टि की गई है। दुनिया के कई देशों में कोरोना के नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

### केरल में कोरोना के मामलों में तेजी, 24 घंटे में 292 नए मामले, 3 की मौत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केरल में कोरोना के नए मामले अचानक से तेजी से बढ़ने लगे हैं। बुधवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, केरल में पिछले 24 घंटे में 292 नए सक्रिय मामले सामने आए हैं और 3 कोरोना पीड़ितों की मौत हुई। राज्य में कुल सक्रिय मामलों की संख्या 2041 है।मंत्रालय के अनुसार देश में कोरोना के 341 नए मामले सामने आए हैं। जिसमें दिल्ली और गुजरात में तीन-तीन, महाराष्ट्र में 11, तमिलनाडु में 13, तेलंगाना में 4, कर्नाटक में 9 मामले दर्ज किए गए हैं।

# ईडी ने लालू और तेजस्वी यादव को समन भेजा

## 22 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर और उनके बेटे, बिहार के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर को तलब किया है। इससे पहले अक्टूबर में दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ इस साल जुलाई में आरोप पत्र दायर होने के बाद लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव को जमानत दे दी थी। इस मामले में लालू और उनके परिवार के खिलाफ यह दूसरा आरोपपत्र था और तेजस्वी यादव को आरोपी के रूप में नामित करने वाला इस मामले का पहला आरोपपत्र भी था।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले साल मई में लालू और उनके परिवार के सदस्यों पर मामला दर्ज किया था और लालू, पत्नी राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी, बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव और लाभार्थियों सहित 17 लोगों को नामित किया था। पूरी प्रक्रिया, जैसा कि एफआईआर में आरोपी है। केंद्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला इस आरोप पर आधारित है कि जब लालू यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे तो उन्होंने लोगों को नौकरी देने के बदले में रिश्वत के रूप में जमीन के भूखंड प्राप्त किए थे। इससे पहले नवंबर में ईडी ने मामले के सिलसिले में तेजस्वी यादव के करीबी कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि कात्याल एके इंफोसिस्टम के प्रमोटर हैं। कत्याल और एके इंफोसिस्टम घोटाले के सिलसिले में सीबीआई और ईडी की जांच के घेरे में हैं।प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत दायर ईडी का मामला, उन आरोपों की सीबीआई जांच से उपजा है कि लोगों को रेलवे में रोजगार दिया गया था जब बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद रेल मंत्री थे। उपहार में दिए गए भूमि पार्सल के बदले में या अपने परिवार और सहयोगियों को सस्ती दरों पर बेच दिया। सीबीआई की पहली चार्जशीट के अनुसार, लालू के परिवार ने इस तरह से 1 लाख वर्ग फुट से अधिक जमीन महज 26 लाख रुपये में हासिल की, जबकि तत्कालीन सर्कल दर के अनुसार जमीन का संचयी मूल्य 4.39 करोड़ रुपये से अधिक है।

# लोकसभा से दो और सांसद हुए सस्पेंड

## 143 हुए निलंबित सांसदों की संख्या



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** लोकसभा ने बुधवार को दो और विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र के लिए कदाचार के लिए निलंबित कर दिया। दोनों सदस्य - थॉमस चाज़िकादान और एएम आरिफ - केरल से हैं। चाजिकादान जहां केरल कांग्रेस (एम) से हैं, वहीं आरिफ सीपीएम से हैं। इसके साथ ही कुल 143 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित कर दिया गया है। शीतकालीन सत्र शुक्रवार (22 दिसंबर) को समाप्त होने वाला है। एडवोकेट एएम आरिफ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार एडवोकेट शनिमोल उस्मान को 10,474 मतों के अंतर से हराकर अलाप्पुझा निर्वाचन क्षेत्र जीता। थॉमस चाज़िकादान केरल कांग्रेस (मणि) के नेता हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उम्मीदवार वीएन वासवन को 1,06,259 मतों के अंतर से हराकर कोट्टायम निर्वाचन क्षेत्र जीता।आपराधिक कानूनों से संबंधित तीन विधेयकों पर चर्चा के बीच में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष के दो सदस्यों - सी. थॉमस और ए.एम. आरिफ का नाम लेकर उन्हें आसन की अवमानना को लेकर संसद के वर्तमान सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। 4 दिसंबर को शुरू हुए सत्र में 14 दिसंबर को 14, सोमवार को 78, मंगलवार को 49 और अब आज दो और सांसदों को निलंबित किया गया।

# धर्म स्थल कानून के बावजूद अन्य मस्जिदों पर दावा करना उचित नहीं- अरशद मदनी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** जमीअत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि संसद से पारित 1991 के धर्म स्थल कानून के मौजूद होने के बाद बाबरी मस्जिद को छोड़कर किसी अन्य मस्जिद पर दावा करना और मामले को कोर्ट में लेकर जाना सही नहीं है। मथुरा की ईदगाह को लेकर कोर्ट के जरिए सर्वे का फैसला दिए जाने को भी इसी एक्ट के आलोक में देखा जाना चाहिए।जमीअत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मदनी बुधवार को यहां कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वर्ष 1991 में यह एक्ट संसद से पारित हुआ था, तब हमने समझा था कि अब सारी समस्या का समाधान हो गया है। बाद में कुछ शरारती और साम्प्रदायिक तत्वों के जरिए एक बार फिर से इन सभी मस्जिदों को लेकर के विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर मस्जिद इंतजामिया कमेटी सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रही है। हम उनके साथ हैं।उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की ईदगाह के मामले में अन्य राजनीतिक दलों की चुप्पी सही नहीं है। जिन लोगों ने वर्ष 1991 में धर्म स्थल कानून बनाया और उसे संसद से पास करवाया था, उन लोगों को सामने आना चाहिए और अपनी बात रखनी चाहिए। मौलाना ने कहा कि अयोध्या की बाबरी मस्जिद से संबंधित सुप्रीम कोर्ट का फैसला जैसा भी था, हमने उसे माना है और आगे भी सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आएगा, हम उसे मानेंगे क्योंकि यह देश हमारा है और सुप्रीम कोर्ट भी हमारा है।सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार अयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए दी गई जगह पर मस्जिद बनाने के लिए तैयार होने के सवाल पर मौलाना ने कहा कि हम उस जमीन पर मस्जिद हरगिज बनाना नहीं चाहते।क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद को मंदिर नहीं माना था और बाबरी मस्जिद को मस्जिद मानकर फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर के पक्ष में कैसे फैसला दिया, क्यों दिया? हम इस मामले में नहीं पड़ना चाहते, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के जरिए मस्जिद बनाने के लिए जो जमीन दी गई है, उसे हम सही नहीं मानते है। उन्होंने कहा कि भारत में हम जहां चाहें मस्जिद बना रहे हैं और बन रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के जरिए दी गई जमीन से हमारा कोई सरोकार नहीं है।मौलाना ने एक सवाल के जवाब कहा है कि हम अपने धार्मिक स्थलों को कैसे किसी के हवाले कर सकते हैं। जबकि सभी को यह पता है कि मस्जिद जहां पर भी बनाई जाती है, जगह खरीद कर बनाई जाती है। किसी भी मस्जिद का निर्माण किसी मंदिर को तोड़कर नहीं किया गया। इस्लाम इसकी इजाजत बिल्कुल भी नहीं देता है।

# महामाया राजकीय महाविद्यालय स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशाम्बी में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार सरोज फौजी और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार सरोज फौजी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत प्रदेश के युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट प्रदान किये जा रहे है। 21वी सदी तकनीक की सदी है। हमारा युवा उस तकनीक से कंधा से कंधा मिलाकर चले। स्मार्टफोन से छात्र, छात्राओ को ऑनलाइन कक्षाओं को लेने, अपने विषय की समाग्री को प्राप्त करने और अन्य उपयोगी लाभ प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अमित सोनकर पार्षद अशोक नगर वार्ड संख्या 10 ने युवाओं का मनोबल बढ़ाया और कहा कि छात्रों को अपने भविष्य के प्रति सावधान रहना होना। इस दौरान विजय विजय तिवारी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने शिक्षा में तकनीक के महत्त्व को रेखांकित किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अरविंद कुमार ने कहा कि- उत्तर प्रदेश सरकार समय- समय पर अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश के जन सामान्य को लाभान्वित करती रही है। उन्ही योजनाओं में एक योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत युवाओं को स्मार्टफोन प्रदान किया जा रहा है। निश्चित रूप से स्मार्टफोन आज के समय की मांग है। छात्र छात्राएं अपने शिक्षा को रोटी- रोजगार से जोड़ने में सफल हो।

देश दुनिया के नए ज्ञान-विज्ञान से कनेक्ट रहे और सीखने सीखने की प्रक्रिया में स्मार्टफोन बहुत सहायक होगा। उन्होंने अपनी चंद पंक्तियो से समाप्त किया- वक्त के सफर में हम सब हमसफर है। तकनीक का खेल कुछ ऐसा है कि हम धरा और नभ के शिखर है। कुल 59 छात्र, छात्राओ को स्मार्टफोन प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन स्मार्टफोन नोडल अधिकारी डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 पवन कुमार, डॉ0 तरीत अग्रवाल, डॉ0 नीलम बाजपेयी, डॉ0 भावना केसरवानी, डॉ0 सन्तोष कुमार, डॉ0 आनन्द कुमार, डॉ0 शैलेश मालवीय एवम कमर्चारी तथा छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे।

## मां झारखंडी क्रिकेट टूर्नामेंट 25 दिसंबर से होगा शुरू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** जनपद के नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा स्थित ऐतिहासिक दंगल मैदान में जय मां झारखंडी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 25 दिसंबर से शुरू हो रहा है जिसकी तैयारी टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा बड़ी तेजी से की जा रही है पूरे मैदान मे पानी का छिड़काव करके साफसफाई की जा रही है पिछले 4 वर्षों से टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हो रहा था इस बार पुनः 25 दिसंबर से पश्चिम सरीरा के ऐतिहासिक दंगल मैदान में जय मां क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बड़े ही भव्य तैयारी के साथ शुरू हो रहा है इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के कई जनपदों के नाम चीन खिलाड़ी टूर्नामेंट में खेलने आते हैं पुनः शुरू हो रहे इस क्रिकेट टूर्नामेंट से क्षेत्रीय लोगों मे काफी उत्साह देखा जा रहा है क्रिकेट टूर्नामेंट में पूरन सिंह अजीत रैना सभासद,पवन सिंह प्रीतम द्विवेदी आदि लोगों का विशेष सहयोग रहता है।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मे तीन चरणों के खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में तीन चरणों मे खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज दिनांक 20 दिसम्बर,2023 को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय ककोढा, कौशाम्बी में तीन दिवसीय विद्यालयीय, जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आश्रम पद्धति विद्यालय करारी के प्रधानाचार्य रामसुख भारती, ककोढा के प्रधानाचार्य अजय कुमार भारती व माध्यमिक खेल सचिव श्याम लाल व व्यायाम शिक्षक दिनेश कुमार व आश्रम पद्धति विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के प्रथम दिन एथलेटिक्स खेलों का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर व सीनियर वर्ग में 100 मीटर, 400 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर रेस में ककोढा के छात्र प्रथम स्थान प्राप्त किये जबकि 1500 मीटर रेस के सीनियर वर्ग में बरेसा का छात्र प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाटपुट थ्रो जूनियर व सीनियर दोनों वर्गों के ककोढा का प्रथम स्थान रहा जबकि डिसकस थ्रो जूनियर वर्ग में बैरेसा व सीनियर वर्ग में ककोढा का प्रथम स्थान रहा। इसी तरह लांग जम्प व हाई जम्प के जूनियर व सीनियर वर्ग में ककोढा के छात्र प्रथम रहे। प्रतियोगिता में एटीएस ककोढा, एटीएस बरेसा व एटीएस करारी के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

## मैन ऑफद सीरीज पाने वाले खिलाड़ी को राजेश कुमार और सोनू सरोज ने दी बधाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बारा, कौशाम्बी।** कोसम इनाम क्रिकेट कप के आयोजक एवं सरिता इंडियन गैस एजेंसी के प्रो.राजेश कुमार ने धोवियन का पूरा टीम के खिलाड़ी सत्यम शुक्ला को अपने टीम के लिए और टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया जिसमे सोनू सरोज की टीम के लिए 53 रन ले कर 13 विकेट झटकने वाले खिलाड़ी रहे आयोजक राजेश कुमार ने 10000 रुपए और स्मृति चिन्ह दे कर पुरस्कृत किया और आयोजक राजेश कुमार और टीम के कप्तान सोनू सरोज ने मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कौशाम्बी को ऐसे हुनरमंद खिलाड़ी को प्रदेश नही देश के टीम में खेलना चाहिए और मनोबल बढ़ाते हुए बृजेश कुमार कौशिक अग्रहरि,अजय करिवारिया उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

## एडीएम ने पीड़ित की बात सुनकर सीएमओ को दिया कार्यवाही का आदेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा कस्बे के एक निजी अस्पताल में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मरीज की मौत से नाराज परिजनों ने थाना पुलिस से कार्यवाही की मांग की लेकिन स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही से इनकार कर दिया। पीड़ित परिजन लाश लेकर मुख्यालय मंझनपुर कलेक्ट्रेट अफसरों से इन्साफ मागने पहुचे। लोगो की भीड़ देख एडीएम ने पीड़ित की फरियाद सुनकर सीएमओ को सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिया है।

पश्चिम शरीरा थाना के बौली गाव की रहने वाली सरोज देवी (40) पत्नी भोरे लाल को पिछले कई महीनो से पेट में दर्द की शिकायत थी। पीड़ित ने गाव की आशा के जरिये सरकारी अस्पताल में डाक्टरी उपचार के लिए पहुची। जहाँ डाक्टरों ने बच्चे दानी में इंफेक्शन होनी की बात कह



कर आपरेशन की सलाह दी। पीड़ित ने आशा के कहने पर इलाज कराने के बजाय वापस घर लौट आई। छः दिन पहले आशा के समझाने पर वह पश्चिम शरीरा कसबे में एक अस्पताल में भर्ती होकर बच्चे दानी का आपरेशन कराया। आरती देवी ने बताया अस्पताल में उन्होंने अपनी जेठानी के इलाज के लिए 1 लाख रुपये जमा किया। इसके बाद भी मरीज का डाक्टरों ने सही से इलाज नहीं किया. डाक्टर 9 दिन के अन्दर मरीज को एक अस्पताल से दूसरी अस्पताल लेकर टहलाते रहे। उन्होंने मरीज को जीवन दान अस्पताल में भर्ती किया था लेकिन उन्हें मरीज की हालत गंभीर बता कर घर से 40 किलोमीटर दूर तिल्हापुर के अरमान अस्पताल ले गए. जहाँ उनके मरीज की सुबह 10 बजे मौत हो गई। मौत के बाद डाक्टरों ने मरीज को अस्पताल से बाहर निकाल कर रख दिया। आरती के मुताबिक, उनके मरीज की मौत का कारण डाक्टरों का गलत इलाज है। जिसके कारण वह कार्यवाही की मांग को लेकर थाना पश्चिम शरीरा को तहरीर दी लेकिन उन्होंने कार्यवाही से इनकार कर दिया। इन्साफकी आस में शव के साथ वह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के पास आये है। शव के साथ दर्जनों की संख्या में कलेक्ट्रेट के बाहर लोगो को जमा देख एडीएम वित्त एवं राजस्व पीड़ित के पास पहुचे। लोगो की बात सुनकर उन्होंने पीड़ित पक्ष को इन्साफ दिलाये जाने का भरोसा दिया। एडीएम विश्राम कुमार ने तत्काल सीएमओ डॉ सुस्पेन्द्र सिंह ने बात कर प्रकरण की जाँच कर आरोपी अस्पताल के खिलाफनियमानुसार कार्यवाही की बात कही है।

## युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** ग्रामीण मिनी स्टेडियम गेरसा में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेललीग के अंतर्गत युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में महर्षि पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा सीनियर बालिका वर्ग में महक सिंह ने ऊंची कूद में प्रथम स्थान व लंबी कूद तथा 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मंडल स्तर पर पहुंची जिसमें जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि कुमार शर्मा, युवा कल्याण अधिकारी अमिताभ कुमार व कार्यक्रम प्रभारी अंशु मिश्रा ने बालिका को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस खबर को सुनकर विद्यालय में खुशी का माहौल छा गया। जिससे खुश होकर विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी ने बालिका की अद्वितीय प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की वा शुभकामनाएं दीं साथ में विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएन पांडे, उप प्रधानाचार्य भास्कर सिंह, निर्देशिका अंशु सिंह, चीफप्राक्टर सुरेखा सिंह व सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# खेल कूद से होता है शारीरिक व मानसिक विकास- संजय कुमार गुप्ता

### ग्रामीण मिनी स्टेडियम में जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### एथलेटिक्स रवि तो सीनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड में कलीम अहमद ने मारी बाजी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता कौशाम्बी का आयोजन विकास खण्ड सिराथू के ग्रामीण मिनी स्टेडियम में किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन चायल विधान सभा के पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने किया जबकि समापन का कार्यकम जिला युवा कल्याण अधिकारी जिला कीड़ा अधिकारी के द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र बॉटकर किया गया।

जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, बॉलीबाल, कबड्डी और कुश्ती की प्रतियोगिताएं आयोजित का गयी। एथलेटिक्स में रनिंग 100मी0, 800मी0,1500 मी0 और ऊँचीकूद, लम्बीकूद, गोला फेक, जेबलिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। सभी प्रतियोगिताएं बालक वर्ग में सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित की गयी। एथलेटिक्स रवि सिराथू प्रथम (सब जूनियर बालक वर्ग 100 मी दौड) 2. खुशबू चायल प्रथम (सब जूनियर बालिका वर्ग 100 मी दौड़) 3 योगेश कुमार मंझनपुर प्रथम (जूनियर बालक वर्ग 100 मी. दौड) 4. मनीता नेवादा प्रथम (सब जूनियर बालिका वर्ग 100 मी दौड़) 5. कलीम अहमद सिराथू प्रथम (सीनियर बालक वर्ग 100मी. दौड़) 6 कौशल्या सरसवां प्रथम (सीनियर बालिका वर्ग 100 मी. दौड़) 7. रमानिवास मूरतगंज प्रथम (सब जूनियर बालक वर्ग 800 मी दौड़) 8. खुशबू चायल प्रथम (सब जूनियर बालिका वर्ग 800 मी दौड़) 9. छोटकू सेन प्रथम (जूनियर बालक वर्ग 800 मी दौड़) 10 तमन्ना कौशाम्बी प्रथम (जूनियर बालिका वर्ग 800 मी दौड़) 11. जितेन्द्र कुमार सरसवां प्रथम (सीनियर बालक वर्ग 800 मी दौड़) 12 कौशल्या सरसवां प्रथम (सीनियर बालिका वर्ग 800मी दौड़) 13. छोटकू सेन सरसवां प्रथम (जूनियर बालक वर्ग 1500मी. दौड़) 14 तमन्ना कौशाम्बी प्रथम ( जूनियर बालिका वर्ग 1500 मी दौड) 15. राहुल कुमार सिराथू प्रथम (सीनियर बालक वर्ग 1500 मी दौड़) लम्बीकूद रमानिवास मूरतगंज प्रथम (सब जूनियर बालक वर्ग) 2. छाया पाल सिराथू (सब जूनियर बालिका वर्ग) 3. पंकज मूरतगंज प्रथम जूनियर 4 मनीता नेवादा प्रथम जूनियर 5. हर्ष तिवारी नेवादा प्रथम सीनियर 6. शोभा मंझनपुर प्रथम सीनियर। ऊँचीकूदः- 1. आदित्य नेवादा प्रथम सब जूनियर बालक वर्ग 2 गुनगुन देवी सिराथू प्रथम 3. रियाज मूरतगंज और रामपती नेवादा प्रथम जूनियर 4. अशोक नेवादा और महक सरसवां प्रथम सीनियर । गोलाफेकः- 1. रितेश कुमार सिराथू बालक वर्ग और शीलू नेवादा बालिका वर्ग प्रथम सबजूनियर 2. शकुन नेवादा बालिका वर्ग और साहिल नेवादा बालक वर्ग प्रथम जूनियर 3. रियाज अहमद मूरतगंज बालक वर्ग और तनु अग्रहरि नेवादा बालिका वर्ग प्रथम सीनियर । जेबलिंगरू- 1. सचिन मूरतगंज बालक वर्ग और चाँदनी सिराथू बालिका वर्ग प्रथम सबजूनियर 2. सोभित कुमार नेवादा बालक वर्ग और गुड़िया नेवादा बालिका वर्ग प्रथम जूनियर 3. नमन कुशवाहा नेवादा और शिवानी नेवादा प्रथम सीनियर। कबड्डी - 1. नेवादा टीम विजेता सबजूनियर बालक वर्ग, और सिराथू टीम विजेता बालिका वर्ग सबजूनियर सिराथू टीम विजेता बालक वर्ग और नेवादाटीम बालिका वर्ग जूनियर बॉलीबाल 1. विजेता नेवादा टीम सबजूनियर बालक वर्ग और कौशाम्बी टीम विजेता बालिकावर्ग सबजूनियर 2 विजेता चायल जूनियर बालक वर्ग और बालिका वर्ग मंझनपुर टीम विजेता जूनियर । 3 विजेता चायल सीनियर बालक वर्ग और बालिका वर्ग मंझनपुर टीम विजेता सीनियर। समस्त कार्यकम का संचालन एवं कियान्वयन प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अंशु मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें सभी विकास खण्ड के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मौजूद रहें।

# संत शिरोमणि गाडगे महाराज का मनाया गया 67वा परिनिर्वाण दिवस

## वृद्धाआश्रम व जिला अस्पताल में सैकड़ो लोगों को वितरित किया गया कम्मल और फल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम के साथ मंझनपुर चौराहे पर बाबा साहब संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज जी का 67वां परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें समाज के सैकड़ो लोगों ने बढ़कर चढ़कर हिस्सा लिया और उन्होंने बारी-बारी से संत शिरोमणि गाडगे साहब जी के विचारों और आदर्श को याद करते हुए अपने-अपने विचारो को प्रस्तुत किया। और संबोधन के दौरान पूर्व विधायक राम सजीवन निर्मल जी ने संत गाडगे जी के त्याग परित्याग और संघर्ष के बारे में विस्तृत रूप से बताएं। और उन्होंने कहा कि संत गाडगे जी ने बचपन से ही समाज के प्रति संघर्ष करना शुरू कर दिए थे। और उसवक्त समाज में शिक्षा का बहुत ही अभाव था। इस समस्या को देखते हुए। गाडगे जी ने समाज को एकत्रित करके। कई वृद्ध आश्रम, हॉस्पिटल, यूनिवर्सिटिय्यन विद्यालय, आदि खोलकर समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य का प्रकाश फैलाने का कार्य किये ।और साथ ही साथ स्वच्छता के जनक संत गाडगे जी महाराज बचपन से ही साफ छवि के व्यक्तित्व के रूप में सामने आए।

और समाज में फैली गंदगी को साफ करने का संकल्प लिया। और अपने पूरे जीवन काल में स्वच्छता के नायक के रूप में विश्व विख्यात संत गाडगे जी के पर निर्माण के दिवस में के मौके पर विधायक जी ने बड़ी बारीकियां से गाडगे जी जीवन संघर्ष का अवलोकन करते हुए। उनके त्याग संघर्षो के बारे में समाज को अवगत किए। साथ ही साथ समाज के लोग भी अपने-आप ने विचार को समाज के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद समाज के लोगो ने वृद्ध आश्रम ओसा तथा जिला अस्पताल में जाकर असहाय पीड़ित, सोसीत, वंचित, लोगों को सॉल और कंबल तथा फल का वितरण किया गया इस मौके पर हेमंत कुमार टुन्नू ,उमेश कुमार दिवाकर, वीरेंद्र कुमार निर्मल, बोलता प्रसाद चौधरी, मथुरा प्रसाद चौधरी, अरुण चौधरी, डॉ बी के दिवाकर, कौशलेंद्र प्रताप चौधरी, धर्मेंद्र दिवाकर दिलीप चौधरी , विद्यासागर, सोनू चौधरी दिलीप चौधरी, अंबिका चौधरी, रामसरन निर्मल, राजेश निर्मल, राम राज निर्मल, लवकुश चौधरी प्रधान, दिनेश चौधरी, जिलेदार चौधरी, दुर्गेश चौधरी, छितानी लाल चौधरी, रामाआसरे चौधरी, निरंजन चौधरी, पवन चौधरी, राजेश मास्टर, कैलाशचंद बौद्ध, सेहंदी लाल चौधरी, कैलाश चौधरी, दीपक चौधरी, चोखेलाल चौधरी, एवं समस्त समाज के लोग उपस्थित रहे।

## दबंग ने गाली-गलौच का विरोध करने पर चरवाहे को पीटकर नगदी छीना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के पचनी का पूरा मजरा भीखपुर मेंडवारा गांव में बुधवार को एक दबंग ने गाली-गलौच का विरोध करने पर चरवाहे को तमंचा के बट से मारा और जेब में रखा नगदी छीन लिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।घायल ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

भीखपुर मेंडवारा गांव के मजरा पचनी का पूरा निवासी गोरेलाल पुत्र देवमन मवेशी पालन कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसने बताया कि बुधवार की सुबह वह कादिलपुर बाजार के पीछे अपने मवेशियों को चरा रहा था।इसी दौरान गांव का एक दबंग उसके पास पहुंचा और अनायास उसके साथ गाली-गलौच करने लगा।

आरोप है कि गाली-गलौच का विरोध करने पर दबंग ने गुस्से में आकर तमंचा के बट से उसपर वार कर दिया और जेब में रखा बकरी की बिक्री का 9 हजार रुपए छीन लिया।इससे गोरेलाल को काफी चोटें आई।घायल ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## जालसाजो ने नेट बैंकिग के जरिए पार किए सात लाख

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के एक युवक के साथ नेट बैंकिंग के जरिए लाखो रुपए लूट कर लिया , पीड़ित ने मामले की सूचना सैनी पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई जहां कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के करनपुर सौरई निवासी नदीम अहमद पुत्र मो नसीम ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की 15 व 16 दिसंबर को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जालसाजी करके नेट बैंकिग द्वारा उसके खाते से सात लाख दस हजार रुपए पार कर दिया , मोबाइल पर मैसेज आने पर पीड़ित को जानकारी हुई जिसके बाद पीड़ित साईबर सेल में सूचना देकर कार्यवाही की मांग की कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

## वाहन चालकों को एआरटीओ ने वितरित किया चश्मा, वितरित की गई दवाईयां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** 31 दिसम्बर 2023 तक चलले वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत परिवहन विभाग कौशाम्बी की और से सैनी बस स्टैंड पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित चिकित्सक द्वारा चालकों एवम् परिचालको का नेत्र परीक्षण एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल की उपस्थिति में संपन्न कराया, जिसमें लगभग 55 चालकों का परीक्षण कराया गया तथा चश्मे का वितरण भी एआरटीओ द्वारा किया गया। एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल ने वाहन चालकों से अपील किया है कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का आवश्यक रूप से प्रयोग करें, बगैर हेलमेट के दोपहिया वाहन का प्रयोग न करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करें। यही नहीं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट जरूर इस्तेमाल करें। विभिन्न सड़कों के लिए जो वाहनों की गति का निर्धारण किया गया है। उसी गति के मुताबिक अपने वाहनों को सड़क पर चलाएं इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरतें। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा के आरबीएसके टीम के नेत्र परीक्षण अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, नेत्र परीक्षण अधिकारी अखिलेश कुमार, एलटी अमित दीप मौजूद रहें।

## दीनदयाल अन्त्योदन योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत करें आवेदन

कौशाम्बी। दीनदयाल अन्त्योदन योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद् मंझनपुर में स्वयं सहायता समूह एवं उनके संघो के गठन के लिए सी0आर0पी0 का चयन किया जाना है।

यह जानकारी उप जिलाधिकारी, परियोजना अधिकारी डूंडा ने देते हुए बताया कि जिला नगरीय विकास अभिकरण डूंडा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सी0आर0पी0 के आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शैक्षिक योग्यता, आय प्रमाण पत्र 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संलग्न कर 25 दिसम्बर 2023 तक इच्छुक महिला जिला नगरीय विकास अभिकरण डूंडा कार्यालय, विकास भवन मंझनपुर में जमा कर सकतीं है। उन्होने बताया कि लाभार्थी जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूंडा द्वारा नगर पालिका परिषद् मंझनपुर में योजनान्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह क्षेत्र स्तरीय समिति व शहर स्तरीय समिति की महिला सदस्य हो, न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल हो, मोबाइल एप चलाने में निपुण, डिजीटल साक्षरता की सामान्य जानकारी एवं अधिकतम आयु 20 से 45 वर्ष हो।

# गाइडिंग से विकसित होता है कौशल- सीडीओ

## जनपदीय स्काउट और गाइड रैली का हुआ भव्य समापन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश, जिला संस्था प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्काउट गाइड जनपदीय रैली का समापन बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में किया गया। समारोह में राकेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी एवं प्रभारी सीडीओ, प्रतापगढ़ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ किया गया। समापन दिवस में प्रातः स्वच्छता श्रमदान,स्काउट झंडा शिष्टाचार किया गया।सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए स्काउट गाइड दलों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जिसे जिला मुख्यायुक्त व डीआईओएस सरदार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । बेसिक,कस्तूरबा,माध्यमिक और सीबीएसई विद्यालयों की स्काउट और गाइड के दलों ने गांठ,फांस,झांकी,पुल,तंबू ,मीनार का निर्माण,शारीरिक प्रदर्शन ,विकास प्रदर्शनी, बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।बच्चों ने सामूहिक लोक नृत्य और गायन प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के अलग अलग वर्गो में पूर्व माध्यमिक विद्यालय छेमर सरैया, शंकर दयाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय, अमर जनता इं का कटरा गुलाब सिंह, राम नारायण इं का पट्टी, के पी हिंदू इं का, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीगंज, शंकर विद्यालय इं का कटैया जीजीआईसी प्रतापगढ़, कृपालु बालिका इं का कुंडा,कस्तूरबा बालिका विद्यालय लक्ष्मणपुर, जीआईसी प्रतापगढ़ सहित 11 विद्यालयों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग के द्वारा बच्चों में अच्छे संस्कार,सेवा भाव ,नैतिकता और संघर्षो का सामना करने का कौशल विकसित होता है।जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिला संस्था की ओर से मुख्य अतिथि और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह को स्मृति चिह्न और अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।सभी प्रतिभागी दलों ,निर्णायकों,प्रधानाचार्यों,सहयोगियों आदि को सम्मानित किया गया।स्काउट जिला आयुक्त प्रमोद तिवारी ने रैली के समापन की घोषणा किया।

आभार ज्ञापन जिला सचिव डॉ.राघवेंद्र पाण्डेय और संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव शर्मा ने किया।इस अवसर पर जिला कमिश्नर गाइड गीता यादव,संयोजक प्रधानाचार्य जीआईसी कुलश्रेष्ठ तिवारी,डॉ.अनुपम ओझा, डॉ.अनूप सिंह, डॉ. पद्मधर शुक्ल, जिला बेसिक स्काउट मास्टर सुशील सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, नीलम शुक्ला,नरसिंह बहादुर सिंह,राजाराम यादव,पवन कुमार,मीनाक्षी पाण्डेय,सोनी ओझा, मंजू वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चार के खिलाफ महिला से मारपीट का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के रामपुर खजूर निवासी दीपक सरोज की पत्नी ममता ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि गांव के प्रेमचन्द्र, फूलचंद्र, मिथुन व राज ने अठारह दिसंबर की शाम छः बजे लाठी डंडों से लैस होकर उसके घर पर चढ़ आये। आरोपियों ने उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। एसओ नीरज यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रांसफार्मर फुंकनें से कई घरों की बत्ती गुल, लोग बेहाल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के नेताजीपुरम वार्ड के ट्रांसफार्मर फुंकने से कई घरों की बत्ती तीन दिनों से गुल है। बिजली नही होने से परेशान वार्ड के पीड़ित लोगों ने विभागीय अफसरों से कई बार समस्या के निजात दिलाने के लिए गुहार लगायी। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी ट्रांसफार्मर नही बदला जा सका। ट्रांसफार्मर खराब होने से लगभग पचास से अधिक घरों की आपूर्ति बाधित है। इसके बावजूद भी विभाग के अफसर इसको बदलवा नही सके। जेई मो. अनवर ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना मिली है, शीघ्र ही इसे बदलवाया जाएगा।

# बेकाबू कर की चपेट में आने से साइकिल सवार अधेड़ की मौत, परिजनों में कोहराम



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज,प्रतापगढ़।** रिश्तेदारी से साइकिल से घर लौट रहे अधेड़ की कार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार छोड़कर चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घटना लालगंज में लखनऊ वाराणसी हाईवे पर हुई।

लालगंज कोतवाली के सराय जगत डिहवा निवासी 55 वर्षीय श्रीराम पाल पुत्र राम लाल पाल साइकिल से डेरवा रिश्तेदारी गया था। वापस लौटते समय लालगंज कोतवाली के समीप लखनऊ वाराणसी हाईवे पर सामने से आ रही बेकाबू कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आनन फानन में उसे ट्रामा सेंटर ले गई। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी पर परिवार के लोग पहुंचे तो अस्पताल में कोहराम मच गया। पुलिस ने पृथक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उधर घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार को मौके पर छोड़कर अज्ञात चालक भाग निकलने में कामयाब रहा। प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार के नम्बर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है।

## लीलापुर में लोनी नदी के पुल के नीचे झाड़ियों में मिला नवजात बच्ची का शव



**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के स्थानीय लोनी नदी के पुल के नीचे पांच माह के मासूम बच्ची का अल्प विकसित शव मिलने पर सनसनी फैल गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर छानबीन के लिए पहुंची। छानबीन के दौरान सामने आया कि किसी ने लोकलाज के भय से मासूम बच्ची को समय से पहले ही जन्म दिया और पहचान छिपाने के लिए उसे नदी के किनारे फेंक दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# अस्पताल में भी टहलते है छुट्टा मवेशी

## काऊ कैचर खराब होने से बढ़ी समस्या

लोकमित्र ब्यूरो




**प्रतापगढ।** मेडिकल कालेज के महिला एवं पुरूष दोनो अस्पतालो में भी छुट्टा मवेशी टहलते रहते है। साथ ही मरीजो तथा तीमारदारो को घायल भी करते रहते है। यहां जानवरो का प्रवेश रोकने वाला काउ कैचर निष्क्रिय हो गया है। इसीलिए यह समस्या बढ़ी है। हालत यह है कि छुट्टा मवेशी इमरजेन्सी से लेकर वार्डो में टहलने के साथ ही गोबर करते हुए गंदगी भी फैलाते रहते है। उधर मेडिकल कालेज प्रशासन भी इस ओर से उदासीन बना है तथा गार्डो को डांट फटकार कर कार्रवाई की इतिश्री कर लेते है। बताते चले कि मेडिकल कालेज के राजा प्रताप बहादु चिकित्सालय एवं महिला अस्पताल दोनो के गेट पर काउ कैचर लगाए गए थे। इसमें 2 से 3 इंच मोटाई वाली लोहे की पाइपे एक दूसरे से सटाकर गेट पर बिछा दिया गया था। इसे काउ कैचर इसलिए कहा जाता है क्योकि गाय या कोई अन्य जानवर जब इन पाइपो पर अपना पैर रखते है तो लोहे की गोल पाइप उनके खुर का संतुलन नहीं बन पाता और पैर मुड़ जाता है। इससे वे आगे नहीं बढ़ पाते। उधर महिला अस्पताल के गेट पर लगे काउ कैचर का एक हिस्सा टूट गया और बचे हुए अधिकांश हिस्से में पाइपो के बीच मिट्टी भर गई है। दो पाइपो के बीच का गैप मिट्टी से भर जाने की वजह से काउ कैचर समतल हो गया है। इसलिए जानवर के खुर आराम से अपना संतुलन बना ले रहे है। लोगो का मानना है कि यदि काउ कैचर में लगी पाइप के बीच जमा गंदगी व मिट्टी निकाल दी जाए तो वह फिर से काम करने लगेगा और जानवर उसे पार नहीं कर सकेंगे। इस बावत सीएमएस मेडिकल कालेज डा. सौभाग्य प्रकाश का कहना है कि अस्पताल संक्रमण के मामले में बहुत संवेदनशील होता है। इसलिए इसके भीतर मवेशी नहीं आने चाहिए। काउ कैचर के बारे में प्राचार्य से बात करके इसका समाधान निकाला जाएगा।

## हवा व कोहरे से गिरा तापमान, गलन बढ़ी

**प्रतापगढ।** सर्द हवा एवं कोहरे का कहर जहां बढ़ता जा रहा है। वही तापमान में गिरावट भी हुई है। इससे गलन भी बढ़ रहा है। उधर मौसम विभाग आगे भी गलन और बढ़ने का दावा कर रहा है। सर्द हवा तथा रात एवं सुबह कोहरे के कारण गलन बढ़ने लगी है। गलन के कारण लोग अब अलाव का सहारा भी लेने लगे है। हालांकि दिन में धूप होने के कारण कुछ राहत रहती है। मगर शाम होते ही ठण्ड व गलन से लोग बेहाल होने लगते है। सुबह करीब नौ बजे बाद ही कोहरा हट पाता है। इसमें आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। सुबह वाहनो की रफ्तार काफी धीमी रहती है। साथ ही ठण्ड के कारण लोग परेशान होते है। वही ठण्ड के कारण सफर करना भी काफी कष्टकारी हो गया है। उधर प्रशासन द्वारा अभी कही पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे रात के समय सफर करने निकल रहे लोगो को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मौसम के जानकारो का कहना है कि पहाड़ो से बर्फीली हवा आ रही है। यदि हवा ऐसे ही रही तो आगे के दिनो में पारा और लुढ़केगा तथा गलन बढ़ेगी।

# जनपद न्यायाधीश ने आला अधिकारियों संग जिला कारागार का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद, मुख्य न्यायिक मजिस्टेªट प्रदीप शुक्ला, जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर बंदियों की समस्याओं को सुना एवं जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने जिला कारागार में स्थित महिला बैरक, पाकशाला, जेल अस्पताल, मेडिसीन स्टोर, नियंत्रण कक्ष, बैरक 1 एवं 2, लीगल एड क्लीनिक एवं वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम, पुस्तकालय सहित जेल परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक रमाकान्त ने बताया कि जिला कारागार में कुल 1122 बंदी निरूद्ध है जिसमें 1028 पुरूष एवं 47 महिला तथा 47 किशोर बन्दी शामिल है। विचाराधीन महिला बंदियों के साथ कुल 06 बच्चे रह रहें है। दो महिला बन्दी गर्भवती है जिनका महिला चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। जनपद न्यायाधीश ने जेल अधिकारी को निर्देशित किया कि ठण्ड से बचाव हेतु कैदियों का ध्यान रखा जाये। महिला बैरक में जनपद न्यायाधीश व अन्य अधिकारियों ने विचाराधीन महिला बंदियों से उनके केस की जानकारी ली और उनके बच्चों को खाने की सामग्री प्रदान की और बच्चों को विद्यालय भेजने के निर्देश दिये।

जिला कारागार में 18 वर्ष से कम आयु के निरूद्ध बन्दियों से मिलकर उनके अपराध एवं उनकी आयु के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत रीता बनर्जी द्वारा बन्दियों को आंवले के लड्डु बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बन्दियों से प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त की।

जिला कारागार में पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया और जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि पुस्तकालय में पढ़ने हेतु पुस्तकें ज्यादा रखी जाये। पाकशाला के निरीक्षण में बन्दियों हेतु बनाये जा रहे भोजन की गुणवत्ता को देखा। अस्पताल के निरीक्षण में 03 मरीज भर्ती थे जिनके स्वास्थ्य एवं दवाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने अस्पताल में इधर-उधर फैले तारो की वायरिंग कराने हेतु निर्देशित किया। मेडिसीन स्टोर के निरीक्षण के दवाओं के रजिस्टर का अवलोकन किया गया। जिला कारागार के निरीक्षण में किसी बन्दी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तुये बरामद नही हुई। इस दौरान उप जेलर आफ्ताब अंसारी उपस्थित रहे।

# वादकारी महिला के साथ एसडीएम सदर ने की अभ्रदता

## डी एम से शिकायत के बाद सी. आर.ओ कर रहे जांच

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** सुर्खियों में बने रहने के शौकीन एस.डी.एम सदर उदय भान सिंह ने मुकदमे की पैरवी करने गई रंजीत पुर चिलबिला निवासी बिंदू देवी से कोर्ट का दरवाजा बंद कर उससे गाली गलौज के साथ अभद्रता व बत्तमीजी किया। जिससे छुब्ध होकर पीड़िता ने डीएम के साथ मुख्यमंत्री से भी शिकायत किया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला अधिकारी ने महिला के साथ घटित घटना की जांच सी. आर.ओ राकेश गुप्ता को सौपा है। जिले के आला अधिकारी के आदेश पर जांच अधिकारी ने तहसील सदर से सी.सी.टी.बी फुटेज खंगाल कर शीघ्र ही अपनी जांच रिपोर्ट डी एम को सौंपने की तैयारी में है। चर्चाओं पर गौर करें तो भाजपा की इस सरकार में महिलाओ के मान सम्मान के साथ किसी व्यक्ति द्वारा अभद्रता करना किसी भी सूरत में क्षम्य नही दिख रहा है। जनपद आगमन के बाद से ही एस.डी.एम सदर को देखा जाय तो लालगंज तहसील में अपनी तैनाती के दौरान भी काफी विवादित सुर्खियां बटोरी थी।जिसके बाद अधिवक्ताओं के लम्बे विरोध के बाद उन्हें पैदल होना पड़ा था।अपने को रसूखदार कहे जाने वाले इस अधिकारी के ऊपर यहां के नेताओ के साथ जिले के मुखिया क्यों मेहरबान है यह तो सरकार का कोई नुमाइंदा ही बता सकता है। फिलहाल महिला द्वारा लगाया गया आरोप बेहद ही गंभीर है। अब देखना यह है की जिले के जिम्मेदार मुखिया अपने अधीनस्थ इस विवादित अधिकारी के खिलाफ क्या कार्यवाही करते है ! फिलहाल पीड़ित महिला अब चुप बैठने को तैयार नही है।

# गृह मंत्री अमित शाह के बुलावे पर दिल्ली पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

लोकमित्र ब्यूरो



**कुण्डा प्रतापगढ़।** देश के गृहमंत्री के बुलावे पर कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के कुण्डा बाबागंज विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ता सांसद विनोद सोनकर के नेतृत्व में अमित शाह से मुलाकात किये। बता दें कि नम्बर माह में कौशांबी सांसद विनोद सोनकर गृहमंत्री अमित शाह से मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यो से अवगत कराया था। उस दौरान अमित शाह ने कौशाम्बी सांसद के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो की सराहना की थी। खासकर मोदी स्वास्थ्य वैन के कार्यो को सराहा था। उसी समय कुंडा बाबागंज के कार्यकर्ताओं से मिलने की इच्छा व्यक्त की। देश के गृहमंत्री अमित शाह के बुलावे पर 32 कार्यकर्ताओं को सांसद ने दिल्ली बुलाकर मंगलवार को लोकसभा में अमित शाह के ऑफिस में मुलाकात कराएं। कौशांबी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर के साथ कुंडा बाबागंज के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा का भ्रमण किया। सांसद विनोद सोनकर के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष हरि ओम मिश्र,पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, सिंधुजा मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्या, सांसद मीडिया भूपेन्द्र पाण्डेय,अखिलेश द्विवेदी, उदय शंकर पाण्डेय,ठाकुर प्रकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, आशुतोष जायसवाल डिंपू,योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, आशुतोष मणि द्विवेदी, महेश सिंह फौजी, मोनू शुक्ल, उदय मिश्र, सिद्दार्थ शंकर श्रीवास्तव, राकेश मोदनवाल,सरोज त्रिपाठी, सुमन साहू,रूपा गौतम,धीरेन्द्र मौर्य, बड़े लाल मौर्य, सूर्य देव सिंह, अमर जीत सिंह,भोला सेठ,राम कुमार कोरी,विजय पाल सरोज, सहित 32 कार्यकर्ताओं ने सांसद के साथ लोकसभा का भ्रमण किया।

## मोटरसाइकिल लगाने पर हुई मारपीट में सात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट

**बाघराय,प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के महमदपुरभाव गांव में रामलखन सरोज के यहां 16दिसंबर को दनियापुर के रामू सरोज के बेटे धीरेन्द्र की बारात आई थी जिसमें पड़ोसी शिवप्रताप के दरवाजे पर मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले थे। जिसमें 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे जिनका इलाज चल रहा है लवकुश पुत्र रामलखन की तहरीर पर पुलिस ने महमदपुरभाव गांव निवासी,, लालचंद व अशोक व शिवप्रताप व रामू व श्यामू ,सुधीर, विवेक समेत सात लोगों के विरुद्ध धारा 323,504,506,147,148,के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## बड़ौदा बैंक की बंधक भवन की विधिक कब्जा कार्यवाही



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज,प्रतापगढ़।** बड़ौदा यू.पी. बैंक, शाखा लालगंज अझारा के क्रानिक बकायेदार संदीप कौशल पुत्र श्री सूर्य लाल के विरुद्ध बकाया ऋण की वसूली हेतु श्रीमान जिला मजिस्ट्रेट, जनपद प्रतापगढ़ के आदेशानुसार सरफेसी की प्रभावी कार्यवाही करते हुए आज लालगंज स्थित आशा कौशल पत्नी सूर्य लाल के भवन संपत्ति की विधिक कब्जा करवाई की गई। तहसीलदार लालगंज एवं पुलिस प्रशासन ने अपनी उपस्थित में बैंक के मुख्य प्रबंधक,प्राधिकृत अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता,विधिक अधिकारी जगदीश डूडिया को कब्जा दिलाकर ताला लगा दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों से तहसील प्रशासन और बैंक के अधिकारियों ने अपील किया कि लोग अपने ऋणों की किस्तों की अदायगी समय से सुनिश्चित करें और अपने कार्य व व्यवसाय को प्रगतिपथ पर ले चलें। बैंक पक्ष में बंधक संपत्ति पर बैंक द्वारा विधिक कब्जा कार्रवाई से, जानबूझकर ऋण ना जमा करने वाले बकायेदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# अचानक लगी आग से फटा सिलेंडर गृहस्थी का सब कुछ जलकर राख

लोकमित्र ब्यूरो

**बीरापुर,प्रतापगढ़।** रात को अचानक लगी आग से सिलेंडर फटने से आग ने विकराल रूप धारण कर अनाज वस्त्र वर्तन गृहस्थी का सामान सहित करीब एक लाख का सामान जल कर राख हो गया। ग्रामीणों के घंटो अथकक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के चौपाई गांव निवासी शेर बहादुर सिंह खेती किसानी कर घर परिवार का भरण पोषण करता है। और आवासीय छप्पर में गुजर बसर कर इसी तरह जीवन बिता रहा था। बताते हैं मंगलवार की शाम खाना खाकर पति-पत्नी रात करीब 9रू00 बजे दरवाजे पर अलाव जलाकर ताप रहे थे कि इसी बीच अचानक छप्पर में रखा गैस सिलेंडर अचानक जलने लगा। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक सिलेंडर फटने से आग बेकाबू होकर पूरे आवासीय छप्पर को अपने आगोश में ले लिया। और उसमें रखा अनाज बस्त्र बर्तन गृहस्थी का सारा सामान छप्पर सहित सब कुछ जलकर राख हो गया। भीषण अग्निकांड में गरीब एक लाख रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। हल्ला गुहार पर जुटे ग्रामीणों ने पंपिंग सेट समरसेबल चलाकर घंटो अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाए। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया था। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



## कालेज में कपड़ा मेले का होगा आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विकासखंड क्षेत्र के राजापुर विंधन बाजार स्थित सत्येंद्र बहादुर सिंह इण्टर कॉलेज में आगामी शुक्रवार को कपड़ा मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजित कपड़ा मेले में क्षेत्र के जरूरत मंद लोगों को निःशुल्क कपड़ा वितरित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन कपड़ा बैंक के आलोक कुमार सिंह के तत्वावधान में कॉलेज के स्वयं सेवक छात्र छात्राओं के सहयोग से यह सेवा कार्य संपादित होगा। बता दें सत्येंद्र बहादुर सिंह इण्टर कॉलेज प्रांगण में आयोजित कपड़ा मेले की शुरुआत दिन शुक्रवार को प्रातः 11बजे से की जायेगी।

# भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है - रामानुज दास

## पांचवें दिन श्रोताओं की उमड़ी भीड़,कथा सुन हुए भाव विभोर

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रतापगढ़।** शहर के किशोरी सदन में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास श्री राम कृष्णाचार्य रामानुज दास महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया।इस मौके पर भगवान श्री कृष्ण की मनोरम झांकी की प्रस्तुति की गई। कथा व्यास श्रीराम कृष्णाचार्य रामानुज दास महाराज ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बडा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। इस दौरान कथा व्यास ने कृष्ण के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि जब भगवान ने पृथ्वी पर श्रीकृष्णा अवतार धारण किया तब सभी देवता और स्वयं ब्रह्मा व शिव जी भी भगवान की लीलाओं के साक्षी बने थे। कथा में प्रमुख रूप से मुख्य यजमान श्याम बाबू खण्डेलवाल, गोविंद आंकड व श्रीमती विनीता के साथ ही विष्णु खण्डेलवाल,रवि खंडेलवाल, विजय श्रीवास्तव एडवोकेट, रमेश तिवारी, शिवेश शुक्ल, कहैंया खण्डेलवाल सहित भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रोता गण मौजूद रहे।

## भैंस चोरी करने वाले गए जेल

**दिलीपपुर,प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बशीरपुर से कुछ दिन पूर्व राम कैलाश कनौजिया की भैंस चोरी हो गई थी, जिसकी शिकायत दिलीपपुर थाने पर दर्ज कराई गई थी। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष राधेश्याम ने कुछ लोगों को पूंछ-तांछ के लिए उठाया था। जिनसे पूंछ-तांछ करने पर भैंस चोरी का खुलासा हुआ हो गया। सलीम सुत ननकऊ, जाबिर सुत यूनुस निवासीगण रसोइयां करन सुत राधेश्याम हरिजन निवासी अमरपुर आदि ने चोरी की बात स्वीकार किया ।इन लोगों ने बताया कि रात में भैंस चोरी करके उसे करन के डाला पर लादकर रात में ही जुबैरगंज फैजाबाद के मेले मे बेंच आए हैं।इन तीनों लोगों पर आइपीसी की धारा 379 एवं 411 के तहत कार्यवाही करते हुए आज जेल भेज दिया गया।

# सिराथू के भदवां और बिदनपुर आमद करारी में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** विकासखंड सिराथू के भदवां व बिदनपुर आमद करारी गांव में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भदवां में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता प्रशांत केसरी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पात्र लोगों को इसका लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा की जिन लोगों को सरकार द्वारा अभी तक योजनाओं का लाभ किसी कारणवश नहीं उपलब्ध हो पाया है वह कार्यक्रम में लगाए गए संबंधित स्टाल पर जाकर अपनी जानकारी उपलब्ध कराए। सरकार द्वारा योजना की पात्रता की स्थिति में उसे लाभान्वित कराया जाएगा। लगाए गए स्टालों में बेसिक शिक्षा विभाग से प्राथमिक विद्यालय भदवां के शिक्षक सुनील कुमार रैना ने स्कूल के बच्चों के साथ टीएलएम का बहुत ही सुंदर स्टाल लगाया जो लोगों





के आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में आए हुए लोगों में बुद्धु पुत्र भोंडा, प्रज्ञा पत्नी बाबूलाल सहित पांच लोगों ने आवास न मिलने की शिकायत, नया राशन कार्ड बनाए जाने के लिए अदालती प्रसाद, उदय राज,हरिश्चंद्र, सुनीता देवी, गुड्डी सरोज सहित लगभग बीस लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। छोटेलाल पुत्र बंशीलाल ने शौचालय न मिलने और जितेंद्र व मुकेश ने आवास और राशन न मिलने का आरोप लगाया। शुकरु लाल पुत्र रघुबर, हरिश्चंद्र, शेषधर, चौबी देवी, रामआसरे आदि ने किसान सम्मान निधि न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्रम्ह प्रकाश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष तिलक तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा प्रतिभा कुशवाहा, पूर्व विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल के बड़े भाई मुन्नालाल पटेल, प्रधान प्रतिनिधि नंदलाल सरोज, ग्राम विकास अधिकारी मानसिंह सरोज सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद बिदनपुर आमद करारी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपरोक्त अतिथियों ने प्रतिभाग करते हुए उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से रूबरू कराया। प्रशांत केसरी ने हर एक व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, उज्वल गणवेश, पानी, सड़क, रोजगार और सामजिक सुरक्षा की आवश्यकता होती है जिसे सरकार उपलब्ध करवा रही है। यहां पर भी लोगों ने आयुष्मान कार्ड, शौचालय, आवास आदि की शिकायतें ग्रामीणों ने की। अंत में भाजपा नेता मुन्ना पटेल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय खारा में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफसफाई किया।

# मोदनवाल समाज की हुई बैठक, लेखा-जोखा किया गया पेश




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के शीतलाधाम में बुधवार को कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई मोदनवाल समाज की एक बैठक आहूत की गयी।बैठक में वार्षिक लेखा-जोखा पेश किया गया साथ ही संगठन की मजबूती पर बल दिया गया।कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम चौयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी का समाज के लोगों द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन अजय मोदनवाल ने किया।इस दौरान समाज के संरक्षक नेमचंद्र मोदनवाल ने कहा कि किसी समाज के उत्थान में समाज की एकजुटता का अहम योगदान होता है। जब हम सब एकजुट हो जाएंगे तो ऐसा कोई कार्य नहीं है, जो असंभव हो।सभासद रामबाबू मोदनवाल ने कहा सभी स्वजातीय बंधुओं को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि मोदनवाल समाज राजनीतिक दृष्टि से भी उपेक्षित है। किसी भी पार्टी की सरकार में समाज को सत्ता में समुचित भागीदारी नहीं मिली। हम केवल वोट देते आ रहे हैं। जब तक समाज के लोग जागरूक नहीं होंगे, इसी तरह से उपेक्षा होती रहेगी।वहीं संदीप मोदनवाल ने कहा कि जब चुनाव आता है तो वोट मांगने आ जाते हैं।उसके बाद उनके हित की बात कोई नहीं करता है। अब भी समय है कि हम सब एकजुटता का प्रदर्शन करें।इस मौके पर जयनारायण मोदनवाल, ओमप्रकाश मोदनवाल, सुरेशचन्द्र मोदनवाल, पप्पू मोदनवाल, सुनील मोदनवाल, शिवशंकर मोदनवाल, मोनू मोदनवाल, विपिन मोदनवाल, सोनू मोदनवाल, मदनलाल, मुन्ना मोदनवाल, टिंचुक मोदनवाल, रंजीत मोदनवाल सहित तमाम समाज के लोग उपस्थित रहे।

# खेत में लगी मटर की फसल को दबंगो ने किया नष्ट



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत में लगी मटर की फसल को दबंगो ने उखाड़कर नष्ट कर दिया जिसका विरोध करने पर दबंगो ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के मरधरापुर निवासी उमा देवी पत्नी मसूरियादिन ने बुधवार को सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की निदुरा गांव में लगभग बीस वर्ष पहले उसने भूमि का बैनामा कराया था जिसके बाद उक्त भूमि में दखल होने के बाद फसल आदि की बोवाई करती चली आ रही है। उमा देवी का आरोप है की मंगलवार को गांव के कुछ दबंगो ने उसके खेत में बोई मटर की फसल उखाड़कर नष्ट कर दिया जिसका उलाहना देने पर दबंग गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे, पीड़िता ने मामले की शिकायत सैनी पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# राज्यपाल के संभावित आगमन को लेकर थुलगुला में डीएम एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कडा के थुलगुला में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राज्यपाल के आगमन को लेकर डीएम एसपी व सीडीओ ने थुलगुला में तैयारियो का जायजा लेते हुए मातहतो को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का दौरा विकास खंड कड़ा के थुलगुला में आगामी दिनों में लगभग तय है। इसी के साथ जिला प्रशासन भी तैयारियों में जुट गया है। बुधवार को ग्राम पंचायत थुलगुला में परिषदीय विद्यालय , आंगनबाड़ी केंद्र आदि की साफसफाई के अलावा वहां की रंगाई-पुताई भी की गई। साथ ही ग्राम पंचायत में दर्जनों सफाई कर्मियो द्वारा गांव की साफसफाई के साथ ही सड़कें भी दुरुस्त की जा रही हैं। कार्यक्रम की तैयारी व सुरक्षा के मद्देनजर डीएम सुजीत कुमार , एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव , मुख्य




विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम सुजीत कुमार ने थुलगुला में कार्यक्रम की तैयारियों का गहनता से निरीक्षण करते हुए मातहतो को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए छोटी-छोटी कमियों की सूची तैयार की गई। इसके अलावा खुफिया विभाग को भी लगाया गया है, ताकि राज्यपाल के आगमन पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , खंड विकास अधिकारी विजय शंकर तिवारी , डीपीओ सुरेश गुप्ता , सीडीपीओ मनोज वर्मा , आंगनबाड़ी से ज्ञानमती , शिक्षा विभाग खंड शिक्षा अधिकारी सुनील सिंह , ए आर पी प्रभाकर मिश्र, पूर्ति निरीक्षक राम कुंवर आर्य , थानाध्यक्ष सैनी जयचंद्र शर्मा , सचिव शरद श्रीवास्तव , आफ्ताब आलम , अजय सिंह , निखिल सिंह , सतेंद्र सिंह , विकास शर्मा , रमेश सोनकर , सुरेश मौर्य , प्रधान प्रतिनिधि लौलेश कुमार सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विदेश भेजने के नाम कबूतरबाज ने की ठगी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विदेश भेजने के नाम पर कबूतरबाजो ने एक युवक से ठगी कर लिया और विदेश नही भेजा , पीड़ित ने रुपए वापस मांगने पर कबूतर बाज टालमटोल करते हुए धमकी देने लगे , पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के मानिकपुर रज्जूपुर निवासी दीपक कुमार पुत्र केशलाल ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की गांव के कुछ लोगो द्वारा विदेश भेजने के नाम पर 35 हजार रुपए की ठगी कर ली गई , पीड़ित का आरोप है की सात माह बाद कबूतरबाज से रुपए वापसी की मांग की तो टालमटोल करते हुए धमकी देने लगा , पीड़ित ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों का किया औचक निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** एसडीएम सिराथू प्रबुद्ध सिंह ने सिराथू कस्बे में स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर का औचक निरीक्षण किया , निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अल्ट्रा साउंड सेंटर जा जायजा लेते हुए अभिलेख आदि की जांच कर डाक्टरों के बारे में जानकारी लिया जहां एक अल्ट्रा साउंड सेंटर में डाक्टर अनुपस्थित पाए जाने पार नोटिस जारी किया है।

एसडीएम सिराथू प्रबुद्ध सिंह ने बुधवार को सिराथू कस्बे में स्थित वन्दना व शिप्रा अल्ट्रासाउंड सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम सिराथू ने अल्ट्रासाउंड सेंटर के कागजात की गहनता पूर्वक जांच किया जहां वन्दना अल्ट्रा साउंड सेन्टर में सब कुछ ठीक ठाक पाया गया वही शिप्रा अल्ट्रा साउंड सेंटर में डाक्टर अनुपस्थित पाए गए। इस दौरान एसडीएम ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है । साथ अल्ट्रा साउंड सेंटर के संचालकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# डोरमा में पशु आरोग्य शिविर में किया गया टीकाकरण

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने गौपूजन कर किया शुभारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सैनी, कौशाम्बी।** विकासखंड कड़ा के डोरमा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ए.के.सागर के दिशा निर्देश में किया गया , शिविर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य द्वारा गौ पूजन कर किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने पशु पालकों से पशुपालन की योजनाओं एवं शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आवाह्न किया ।शिविर में पशुओं की निशुल्क चिकित्सा ,जांच, कृत्रिम गर्भाधान,दवापान,किया गया।। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा ए के सागर द्वारा विभाग की योजनाओं , टैगिंग , वर्गीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की उपयोगिता , एमएलएम द्वारा भेड़ , बकरी एवं सूकर पालन के संबंध में जानकारी दी गई।। पशु चिकित्सा अधिकारी अजुहा डॉक्टर विवेक सिंह द्वारा पशुओं को 15



दिसंबर चल रहे निःशुल्क एफएमडी टीकाकरण के संबंध में जानकारी दी गई एवं रोगो से बचाव हेतु पेट में कीड़े की दवा का महत्व को बताया । पशु चिकित्सा अधिकारी कड़ा डाक्टर अनिल कुमार सिंह द्वारा सभी का सस्वागत एवं अभिनंदन कर मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, बीमा पशुधन बीमा ,किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई।। शिविर में पंचायत सचिव शरद श्रीवास्तव ,ग्राम प्रधान सरवन सिंह, प्रधान प्रतिनिधि भरतलाल , राकेश कुमार मौर्य मौर्या सहित पशुधन प्रसार अधिकारी संजय, अनिल कुमार, मनीष कुमार कनौजिया, गुरदीप सहित पशुपालक मौजूद रहे।

# चायल तहसील में अधिवक्ता की मौत पर चायल तहसील में वकीलों ने मनाया शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के जनका गांव निवासी अधिवक्ता शिवलाल के मौत की सूचना मिलने पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को चायल बॉर एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर चायल के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

चायल बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेश्वर सिंह यादव ने बताया कि जनका गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता शिवलाल की बुधवार भोर दिल का दौरा पड़ने से अचानक मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद चायल के अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सभागार में एक शोक सभा का आयोजन किया। अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। अधिवक्ताओं ने शोकाकुल परिवार को सहन शक्ति प्रदान करने की कामना की। चायल के अधिवक्ता बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोक सभा में अध्यक्ष जगजीत सिंह, त्रिभुवन सिंह, दस्सू सिंह, कुंवर श्याम, मो.आमिर, अजीत सिंह, मोहर सिंह, रामनरेश पटेल, सगीर अहमद, रिजवान अहमद, सुखलाल यादव, सुरेंद्र सिंह, बालकरन, राकेश पाल, अजय कुमार पांडे, शिव नरेश, शनि चंद्र मिश्रा, नूरुत जमां, मो.शाहरुख, विजय तिवारी, शिवम ओझा, धर्मेंद्र यादव, कपिल मिश्र, अखिलेंद्र, रामनरेश पटेल, घनश्याम कुमार, रिंकू पासी, वनय कुमार यादव, आरके शर्मा, अजीत पटेल, उमाकांत मिश्र, राधेमोहन, दीपक सिंह, धीरेन्द्र प्रताप, अजय कुमार सेन, सौरभ गुप्ता, विकास और सुल्तान मोहम्मद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# भगवान दया के है सागर- ब्रह्मर्षिआनंद धाम सरकार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय परिवार मंझनपुर के तत्वावधान में आयोजित सप्तम् दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के षष्ठम् दिवस में प्रख्यात कथा व्यास आनंद धाम सरकार ब्रह्मर्षि नागेंद्र जी महाराज ने भगवान कृष्ण की गोपियों के साथ की गयी रासलीला का सुंदर वर्णन किया। पूर्णिमा की रात्रि में भगवान श्री कृष्ण ने यमुना जी के तट पर शीतल चंद्रमा के प्रकाश में जहां बालुका खिल रही है। भगवान कृष्ण ने बांसुरी बजाई श्री कृष्ण एक है और बांसुरी भी एक है। लेकिन 84 कोस के ब्रज मंडल में जितनी भी गोपियां हैं सबको बांसुरी में अपना नाम सुनाई दे रहा है। मानो कृष्ण की बांसुरी प्रत्येक गोपी को उनका नाम लेकर बुला रही है। जो गोपी जिस कार्य में लगी थी सभी गोपियां अपने-अपने कार्यो को छोड़कर सीधे वृंदावन के पावन यमुना तट की ओर दौड़ पड़ी। भगवान कृष्ण की लीला को देखने के लिए नारी का वेश धारण करके पार्वती जी के साथ



शंकर जी भी आए। महारास नृत्य प्रारंभ हो गया। भगवान श्री कृष्ण ने शंकर जी को पहचान लिया। श्री कृष्ण ने इतनी जोर से मुरली बजाई की शंकर जी के सिर की साड़ी खुल गई ।

भगवान श्री कृष्ण शंकर जी को देखकर हंसने लगे। इसके बाद भगवान का मथुरा आगमन ,अक्रूर जी के मोह का भंग करना एवं मथुरा में जाकर कंस का उद्धार करने के प्रसंग का बहुत ही विस्तृत ढंग से वर्णन किया गया ।

भगवान श्री कृष्ण के द्वारिका गमन एवं द्वारकाधीश बनने के बाद देवी रुक्मणी के साथ विवाह के प्रसंग का वर्णन किया गया कथा पंडाल में मुख्य रूप से मुख्य यजमान श्रीमती सावित्री शुक्ला श्री कन्हैया प्रसाद शुक्ल एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय कौशांबी के मुख्य अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ल वृद्ध जन आश्रम संचालक आलोक राय मोतीलाल सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय,आशीष पाण्डेय,पियूष शुक्ल,दिलीप तिवारी,विष्णु शुक्ल,अरुण शुक्ल,विकास नारायण तिवारी,धर्मेंद्र तिवारीरमेश सिंह,अमित पाण्डेय,सुनील पांडे ,फूलचंद्र पाण्डेय,प्रीति पाण्डेय नीता देवी, विनोद ,अनिल आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# दरोगा-सिपाही ने तहरीर बदलने से इंकार करने पर पीड़ित को थाने में बेंत से पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के तेरहमील तिराहे के समीप पिटाई कर लूट के मामले में पुलिस ने पीड़ित के खिलाफ ही थर्ड डिग्री इस्तेमाल कर दिया। तहरीर न बदलने पर पुलिस ने थाने लाकर पीड़ित की बेंत से पिटाई कर दी। पिटाई के बाद उसके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। बुधवार को घायल ने मामले की शिकायत सीओ कार्यालय में करते हुए जांच कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

गौसपुर गांव निवासी जालिम सिंह पुत्र स्व0 रामनाथ कारोबारी है। वह जेसीबी मशीन आदि किराए पर चलाता है। जाालिम के अनुसार शनिवार रात वह गौसपुर मोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर जेसीबी और ट्रैक्टर में डीजल डलवाने के लिए बाइक से जा रहा था। इसी दौरान तेरहमील तिराहे के समीप बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे घेरकर रोक लिया। बदमाशों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के बाद उसकी जेब में रखा बीस हजार रुपया लूट लिया। जालिम के शोर मचाने पर पर मौके पर जुटे लोगों के साथ हल्का सिपाही ने घेरकर दोनों बदमाशों को दबोच लिया। दबोचे गए बदमाशों को सिपाही थाने ले जाने की बात कहकर अपने साथ लेकर चले गए। आरोप है कि हल्का सिपाही ने रास्ते में लेनदेन कर दोनों को छोड़ दिया। पीड़ित ने थाने जाकर दोनों बदमाशों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। सोमवार को पीड़ित ने सिपाही समेत दोनों बदमाशों की शिकायत एसपी से करते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई थी। आरोप है कि इसी से नाराज होकर मंगलवार को दरोगा-सिपाही उसे पकड़कर थाने ले गए और जबरन उससे तहरीर से सिपाही का नाम और रुपयों की लूट हटाने के लिए कहा। कारोबारी के इंकार करने पर दोनों ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के बाद उसके खिलाफ लिखापढ़ी कर निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। एसडीएम कोर्ट से जमानत कराने के बाद घायल कारोबारी ने दरोगा-सिपाही समेत दोनों बदमाशों के खिलाफसीओ कार्यालय में तहरीर दी है।

# चोरी की वांछित आरोपी को चोरी के आभूषणों के साथ किया गया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित रेखा देवी निवासी ग्राम व थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी का 40.93 ग्राम पीली धातु व 340 ग्राम सफेद धातु के आभूषण बरादम किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार, महिला कांसटेबल नेहा राठौर, कांसटेबल रवि सिंह चंदेल रहें।



## प्रतिबंधित गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक चन्दन सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त, चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी इकबाल अहमद निवासी मीठेपुर सयारा थाना सैनी को सयारा ओवर ब्रिज के नीचे से 500 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराबके साथ पांच गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस उपनिरीक्षक लौकेश कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा श्रीलाल निवासी तिरहरा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को 09 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अजीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा अरविन्द कुमार निवासी भद्दूपुर थाना मंझनपुर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना करारी पुलिस उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा मनोज कुमार निवासी गुलामनूर का पूरवा थाना करारी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक अनुप शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा विनोद निवासी बलीपुर टाटा थाना चरवा को 08 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना चरवा पुलिस उपनिरीक्षक विपुलेश सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा आरोपी विजय लाल निवासी फरीदपुर सुलेम थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 150 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1000 रू0 सम्मन शुल्क वसूला गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 05 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट एवं शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 04, थाना सराय अकिल से 01, ) कुल 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# डैश बोर्ड पर कम उपस्थिति होने पर बीएसए ने शिक्षकों पर कसा शिकंजा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति को लेकर निरंतर प्रयास और कवायद की जा रही है। उसके बावजूद बच्चों की उपस्थिति शासन की मंशा के अनुरूप नहीं हो पा रही है। वर्तमान में जारी हुई निपुण भारत डैश बोर्ड पोर्टल पर संपूर्ण जनपद की औसत उपस्थिति मात्र 47 फीसदी दर्शाई गई है। इतनी कम उपस्थिति पर जहां एक तरफ इसे विभाग ने संज्ञान में लिया है वहीं जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा की भी त्योरी शिक्षकों के ऊपर टेढ़ी हो गई है।0बीएसए ने आदेश जारी करते हुए की स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति को लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक बच्चों उपस्थिति को लेकर गंभीर प्रयास नहीं किया गया जो बेहद खेदजनक है। उन्होंने कहा की यदि जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा स्कूल के निरीक्षण में नामांकन के सापेक्ष 70 प्रतिशत से कम बच्चों की उपस्थिति पाई जाती है तो इसके लिए संबंधित प्रधनाध्यपक का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारी नियमावली एवं शासनादेशों के आलोक में कठोर करवाई की जाएगी।

# गुमराह कर दिव्यांग लाभार्थी से बीस हजार की ठगी

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के मानपुर गौरा गांव में दिव्यांग महिला लाभार्थी को गुमराह कर पंचायत सहायक ने बीस हजार की ठगी कर लिया। रुपए मांगने पर पंचायत सहायक आवास की धनराशि रिकवरी कर देने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में अवास लाभार्थी ने मुख्य विकास अधिकारी रविकिशोर त्रिवेदी को शपथ पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है । विकासखंड सिराथू के मानपुर गौरा गांव की कल्पना देवी ने बुधवार को सीडीओ को शपथ पत्र देकर बताया वह दोनों पैर से दिव्यांग है । वित्तीय वर्ष 2023-24 में उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था ।ऐसे में पंचायत सहायक ने गुमराह करके उससे बीस हजार रुपये ले लिया था। दी गई रकम मांगने पर आवास निरस्त करने के साथ मिली किस्त की रिकवरी करने की धमकी दे रहे हैं।

## सम्पादकीय

# उछला धारावी का मुद्दा

उद्धव ठाकरे ने धारावी के निवासियों को साथ लेकर अडानी समूह की पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ आंदोलन छेड़ा है। इस दौरान ध्यान खींचने वाली बात यह हुई कि उनकी इस मुहिम में ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि लेफ्ट और अंबेडकरवादी संगठन भी शामिल हुए हैं।शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने गंभीर आरोप लगाया है कि उनकी सरकार को धारावी परियोजना रोकने की वजह से गिराया गया। परोक्ष रूप से उन्होंने अडानी ग्रुप को निशाने पर लिया है। ठाकरे मुंबई में धारावी झुग्गी बस्ती के कथित पुनर्विकास के मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरे हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा कि चूंकि उनकी सरकार ने धारावी से निवासियों को हटाकर वहां की जमीन देने से इनकार किया, इसलिए उनकी पार्टी तोड़ी गई और उनकी सरकार गिराई गई। अब उद्धव ठाकरे ने धारावी के निवासियों को साथ लेकर अडानी समूह की पुनर्विकास परियोजना के खिलाफ आंदोलन छेड़ा है। इस दौरान ध्यान खींचने वाली बात यह हुई कि उनकी इस मुहिम में ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि लेफ्ट और अंबेडकरवादी संगठन भी शामिल हुए हैं। पहली रैली में बड़ी संख्या में धारावी के निवासियों ने भी भागीदारी की। इस बीच कांग्रेस ने धारावी को अडानी ग्रुप को सौंपने के फैसले को महा-घोटाला कहा है।पार्टी ने एक बयान में आरोप लगाया कि धारावी प्रोजेक्ट के तहत अडानी समूह को 10.5 करोड़ वर्ग फीट की जायदाद का हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) दे दिया गया है। यह क्षेत्र धारावी के वर्तमान इलाके से छह से सात गुना ज्यादा है। टीडीआर सिस्टम के तहत बिल्डर किसी क्षेत्र में जो निर्माण कार्य करते हैं, उनके बदले दूसरे इलाकों को डेवलपमेंट करने उन्हें का अधिकार मिलता है। मतलब यह कि अडानी ग्रुप धारावी में जो निर्माण कार्य करेगा, उसके बदले उसे से सात गुना अधिक बड़े इलाके को डेवलप करने का अधिकार भी मिलेगा। कांग्रेस का आरोप है कि टीडीआर के आरंभिक टेंडर में अडानी समूह को पांच करोड़ वर्ग फीट क्षेत्र मिलने की बात थी। लेकिन बाद में उसे 110 प्रतिशत बढ़ा दिया गया, जिससे इस समूह के मुनाफे में 434 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। विरोध पर उतरी पार्टियों का आरोप है कि इस परियोजना के तहत धारावी के बहुत से वर्तमान निवासी रिहाइश से वंचित हो जाएंगे। ये सारे गंभीर आरोप हैं। अपेक्षित है कि महाराष्ट्र और केंद्र की सरकारें इनका तथ्यात्मक जवाब दें। वरना, धारावी का आंदोलन एक बड़े विरोध की शक्ल ले सकता है।




**मेष राशि:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप कोई धार्मिक आयोजन करवा सकते हैं। आज किसी बिजनेस में रुपए लगाने से पहले उस बिजनेस के जानकर की सलाह लेना उचित रहेगा। आज आपका विवाहित जीवन सुख शांति से भरपूर रहेगा। आज ऑफिस में सीनियर्स की सलाह आपके काम आयेगी। अपना कार्य किसी को सौपने से आपका काम रुक सकता है।

**वृष राशि:** आज आपका दिन बेहतर रहने वाला है। आज पारिवारिक उलझनों से राहत मिलेगी। साथ ही पारिवारिक सुख शांति में बढ़ोतरी भी होगी। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज आप अपने किसी क्लाइंट से मीटिंग करेंगे। आज आपका कोई रिश्तेदार आपके लिए उपहार लेकर आयेगा। दोस्तों के साथ टूर का भरपूर आनंद उठाएंगे। आज पुत्र पक्ष से आपको सुखद समाचार मिल सकता है ।

**मिथुन राशि:** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। पहले से चली आ रही किसी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपका दिन ख़ुशी से भरा रहेगा। कोई नया वाहन लेने का विचार आज आप अपने परिवार वालों के साथ करेंगे। स्वजनों से हर्षोल्लास से भरी कोई सूचना मिल सकती है। बुक स्टोर के लोगों का कारोबार बेहतर दिशा में आगे बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को प्रसाशनिक अधिकारीयों से ताल-मेल बनाकर रखना अच्छा रहेगा।

**कर्क राशि:** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। आज किसी कार्य में आपके प्रयत्न सफल रहेंगे। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के जो अविवाहित हैं उनके विवाह की टेंशन जल्द ख़त्म होगी। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। उनसे अपने मन की बात शेयर करेंगे। आज वाहन लेने का अवसर आपको मिल सकता है।

**सिंह राशि:** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको खान पान का ख़ास ख्याल रखना चाहिए। आपकी आमदनी की अपेक्षा आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी। आज किसी नए कार्य में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज वाहन चलाते समय आप फ़ोन का इस्तेमाल न करें। विद्यार्थी आज अपनी पढाई पर ध्यान देंगे। आज बिजनेस में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि:** आज आपका दिन उत्साह भरा रहेगा। आज आपको आय वृद्धि के नए साधन मिलेंगे, उनका लाभ उठाएंगे। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। छोटी-छोटी बातों को आज नजरंदाज करें। आज आप किसी कम्पटीशन में भाग ले सकते हैं। आज लेखन कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज लोगों से आपको तारीफ मिलेगी। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घर वाले आपकी बात पर सोच-विचार करेंगे ।

**तुला राशि:** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के बड़ों से आगे बढ़ने की राय मिलेगी। जो आगे चलकर आपके काम आयेगी। किसी रायटर की बुक आज पब्लिश होगी जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला सावधानी पूर्वक लें। व्यापार के नजरिये से आपका काम अच्छा चलेगा। सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत लोगों को जल्द बेहतर समाचार मिलेगा। महिलायें आज ऑनलाइन कोई डिस बनाना सीखेंगी। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते है। कुल मिलाकर आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है।

**वृश्चिक राशि:** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे, उसमे आपको सफलता अवश्य मिलेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में कोई छोटी पार्टी कर सकते हैं। आज आप दोस्तों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

**धनु राशि:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स का कार्य कर रहे लोगों के आमदनी में आज बढ़ोतरी होगी। आज आय के नये-नये स्रोत भी आपको मिलेंगे। आज पूरा दिन आप ऊर्जा से भरे रहेंगे। आज अनावश्यक सोच-विचार से बचने का प्रयास करें। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। आज आपके बच्चे किसी की मदद करेंगे, जिससे आपको उन पर गर्व होगा। छात्र आज अपनी तैयारियों को लेकर अपने शिक्षकों से सलाह लेंगे, अच्छा मार्गदर्शन मिलेगा। लवमेट के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर राशि:** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज स्वजनों से स्नेह बढेगा। आज खान पान में रूचि बढ़ेगी। जो लोग कोई नया कोर्स ज्वाइन करना चाहते हैं उनके लिए समय अनुकूल रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों का काम पहले से बेहतर चलेगा। आपकी सेल में बढ़ोतरी होगी। बच्चों के साथ आज मनोरंजन करेंगे। लवमेट अपनी गलत फहमियाँ दूर करेंगे। घर में किसी नन्हें मेहमान के आने से घर का माहौल उत्सव जैसा रहेगा।

**कुम्भ राशि:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज जानकार लोगों की सलाह मिलेगी। रियल स्टेट के कारोबारियों की आज कोई प्रॉपर्टी सेल हो सकती है, जिससे आपको अच्छा मुनाफा होगा। अगर आप वाहन लेना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। आपके मनचाहे कार्यों की पूर्ति होगी। आज घर में किसी बात को लेकर हर्षोल्लास का माहौल बन सकता है। किसी पर अधिक विश्वास करके अपनी निजी बातें शेयर न करें। परिवार की किसी कन्या को बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन राशि:** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। बिजनेस को लेकर आज कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लेना चाहिए । छात्र अपनी पढाई में लापरवाही करने से बचे। आज कार्यक्षेत्र में आपको किसी से पुरानी पहचान का फायदा मिलेगा। आपके रूके हुए सारे काम आसानी से पूरे हो जायेंगे। व्यापारिक दृष्टि से आपका काम गति से आगे बढेगा। आज दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैं इस दौरान खान पान का ध्यान रखना होगा।

# कला और साहित्य अकादमी पुरस्कारों की बंदर बांट



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

आज हम देखते हैं कि अधिकांश साहित्य और कला अकादमियों के मंच पर पुरस्कृत होने वाले लोगों में अधिकतर को कोई जानता भी नहीं है। यह सच है कि आज जितनी राजनीति में राजनीति है उससे अधिक राजनीति साहित्य और कलाओं में है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे जलने वाली मशाल कहा था। लेकिन देश भर में आज साहित्य राजनेताओं के पीछे चल रहा है। पिछले दशकों में हुए साहित्य, संस्कृति और भाषा के पतन का असर आगामी पीढ़ियों तक जाएगा। लेकिन किसे फिक्र है। राज्य अकादमी पुरस्कारों की वार्षिक गतिविधियां संदिग्ध है। जो कार्य एक वर्ष में पूर्ण होने चाहिए उनको करने में सालों लग रहें है। पुरस्कारों के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया स्पष्ट और समयानुसार नहीं है। उदाहरण के लिए हरियाणा साहित्य अकादमी के वार्षिक परिणामों की घोषणा का साल खत्म होने को है, मगर अभी तक नहीं हुई है। न ही आगामी साल का प्रपत्र जारी किया गया है। एक अकादमी के भीतर क्या-क्या खेल चलते है ? पारदर्शिता के अभाव में किसी को पता नहीं चलता।वैसे कोई भी पुरस्कार या सम्मान उत्कृष्टता का पैमाना नहीं हो सकता। हिंदी भाषा में निराला, मुक्तिबोध, फणीश्वरनाथ रेणु, धर्मवीर भारती, राजेंद्र यादव, असगर वजाहत जैसे महत्वपूर्ण कवियों-लेखकों को भी साहित्य अकादमी पुरस्कार नहीं दिया गया और बहुत से ऐसे लेखकों को पुरस्कृत किया गया, जिन्हें कभी का भुलाया जा चुका है। इस बारे में विचार करना चाहिए और पुरस्कार की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। आज जिस प्रकार से सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त करने के लिए कुछ योग्य एवं अयोग्य साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार साम-दाम-दण्ड-भेद सब अपना रहे हैं और अपने प्रयासों में प्रायः सफल भी हो रहे हैं, उससे सम्मानों और पुरस्कारों के चयन की प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है। पुरस्कारों की दौड़ में साहित्य का भला नहीं हो सकता।

*पुरस्कारों की दौड़ में खोकर,  
भूल बैठे हैं सच्चा सृजन ।  
लिख के वरिष्ठ रचनाकार,  
करते है वो झूठा अर्जन ।।  
मस्तक तिलक लग जाए,  
और चाहे गले मे हार ।  
बड़े बने ये साहित्यकार।।*

आज साहित्य और कला जगत में बहुत सी संस्थाएं काम कर रही है। जब मैं इन संस्थाओं की कार्यशेळी देखता हूँ या इनके समारोहों से जुडी कोई रिपोर्ट पढ़ता हूँ तो सामने आता है एक ही सच। और वो सच ये है कि किसी क्षेत्र विशेष या एक विचाधारा वाली संस्थाएं आपस में अग्रीमेंट करके आगे बढ़ रही है। ये एग्रीमेंट यूं होता है कि आप हमें सम्मानित करेंगे और हम आपको। और ये सिलसिला लगातार चल रहा है अखबारों और सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरता है। खासकर ये ऐसी खबर शेयर भी खुद ही आपस में करते है। आम पाठक को इससे कोई ज्यादा लेना देना नहीं होता। अब बात करते है सरकारी संस्थाओं और पुरस्कारों की। इनकी सच्चाई किसी से छुपी नहीं। जिसकी जितनी मजबूत लाठी, उतना बड़ा तमगा। सिफारिशों के चौराहों से गुजरते ये पुरस्कार पता नहीं, किस को मिल जाये। किसी आवेदक को पता नहीं होता। इनकी बन्दर बाँट तो पहले से ही जगजाहिर है। ऐसे पुरस्कारों की विश्वसनीयता को लेकर देश भर में गंभीर आरोप लग रहे हैं। सच्चा रचनाकार इनके चक्कर में कम ही पड़ रहा है।

*अब चला हाशिये पे गया,  
सच्चा कर्मठ रचनाकार ।  
राजनीति के रंग जमाते,  
साहित्य के ये ठेकेदार ।।  
बेचे कौड़ी में कलम,  
हो कैसे साहित्यिक उद्धार ।  
बड़े बने ये साहित्यकार।।*

आज संस्थाएं एक दूजे की हो गयी है। एक दूसरे को सम्मानित करने और शॉल ओढ़ाने में लगी है। सरकारी पुरस्कार बन्दर बाँट कहे या लाठी का दम। जितनी जान-पहचान उतना बड़ा तमगा। ये प्रमाण पुरस्कार विजेताओं की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हैं। आज देशभर की साहित्य अकादमियां पद और पुरस्कारों की बंदर बांट करने में लगी है।अधिकांश अकादमियों के कामकाज को देखकर तो यही लगता है।

जब तक विशेषज्ञता के क्षेत्र में राजनीतिक नियुक्तियां होती रहेगी तब तक ऐसी दुर्घटनाएं होती रहेगी। सिविल सेवा कमिशन और प्रदेशों की अकादमी में सदस्यों और अध्यक्षों की राजनीतिक नियुक्तियों ने इन संस्थाओं की विशेषज्ञता पर प्रश्न चिन्ह लगाए हैं। पिछले दशकों में पुरस्कारों की बंदर बांट कथित साहित्यकारों, कलाकारों और अपने लोगों को प्रस्तुत करने के लिए विशेष साहित्यकार, पुरोधा कलाकार, साहित्य ऋषि जैसी कई श्रेणियां बनी है। जिसके तहत विभिन्न अकादमियां एक दूसरे के अध्यक्षों को पुरस्कृत कर रही है और निर्णायकों को भी सम्मान दिलवा रही है। इन पुरस्कारों में पारदर्शिता का अभाव है। बिना साधना के कैसा साहित्य?

*देव-पूजन के संग जरूरी,  
मन की निश्छल आराधना ।।  
बिना दर्द का स्वाद चखे,  
न होती पल्लवित साधना ।।  
बिना साधना नहीं साहित्य,  
झूठा है वो रचनाकार ।  
बड़े बने ये साहित्यकार।।*

अब समय आ गया है कि देश की सभी राज्य अकादमियों को केंद्रीय साहित्य अकादमी की तरह सचमुच स्वायत बनाया जाए और इनका काम पूरी तरह से साहित्यकारों, कलाकारों को सौंपा जाए।

किसी भी अकादमी के वार्षिक कार्यों की प्रगति समयानुसार और पूरी तरह पारदर्शी बनाने पर जोर देना होगा ताकि सच्चे साहित्यकारों का विश्वास उन पर बना रहे। उम्मीद है कि राज्य सरकारें अकादमियों के वर्तमान विवादास्पद कार्यों की जांच कराएगी और अकादमी में योग्य और प्रतिभाशाली लेखक, कलाकारों को नियुक्त करेगी। ताकि देश भर पर भाषा, साहित्य और संस्कृति नित नए आयाम गढ़ती रहे।

# अज्ञात बीमारी का शिकार हो रहे पहाड़ी इलाकों के मवेशी



**बाबर नफ़ीस**

एक ओर जहां इंसान कोरोना जैसी जानलेवा बीमारी से लड़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर केंद्रशासित प्रदेश जम्मू के डोडा स्थित पहाड़ी इलाकों में मवेशियों के बीच एक अज्ञात बीमारी ने कोहराम मचा रखा है. जिसने अब तक कई पालतू मवेशियों की जाने ले ली हैं. ये मवेशी गरीबों की आय का प्रमुख स्रोत हैं. ऐसे में इन जानवरों की मौत उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा रहा है. क्षेत्र का पशु चिकित्सा विभाग भी अभी तक इस बीमारी के कारणों और इसके समुचित इलाज का पता लगाने में असफल रहा है. ज्ञात हो कि डोडा जिले के ठाठरी उपमंडल में तीन तहसीलें हैं. इन तीनों तहसीलों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र और गांव दूर दराज़ पहाड़ी इलाकों पर आबाद हैं. इनमें से ज्यादातर पंचायतें सर्दियों के चार महीने बर्फ से ढकी रहती हैं और अन्य क्षेत्रों से पूरी तरह से कट जाती हैं. इस दौरान जहां स्थानीय लोगों को कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं यहां का विकास कार्य भी ठप हो जाता है. जिससे प्रशासनिक स्तर पर ग्रामीणों को कोई मदद नहीं मिल पाती है.वर्तमान में, इन क्षेत्रों के लोगों की आज सबसे बड़ी समस्या मवेशियों में फ़ैल रही यह अज्ञात बीमारी है. इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि एक सप्ताह पहले उनके मवेशियों को बुखार आता है. जिससे धीरे धीरे वह खाना पीना बंद कर देते हैं और फिर कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो जाती है. गौरतलब है कि इन दूर दराज़ ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए मवेशी पालन सबसे बड़ी आजीविका का माध्यम है. यह उनके आर्थिक सशक्तिकरण का भी एक अहम जरिया है. इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस इलाके के कई घर ऐसे हैं जहां सैकड़ों की संख्या में मवेशी पाले जाते हैं. इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन से गुहार लगाई कि इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाए और मवेशियों की जान बचाने के इंतजाम किया जाएं. लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है और न ही प्रशासन द्वारा गांव में



कोई पशु चिकित्सक भेजा गया है. जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है.इस संबंध में एक सामाजिक कार्यकर्ता मुहम्मद इक़बाल कहते हैं कि सर्दी के मौसम में इन पहाड़ी इलाकों के निवासियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. यह क्षेत्र तीन महीने तक बर्फ के कारण बंद रहता है. यदि उनकी इन सभी समस्याओं का समाधान सर्दियों से पहले कर लिया जाए तो इस क्षेत्र के लोगों का सामान्य जनजीवन प्रभावित नहीं हो सकता है. वहीं, एक अन्य सामाजिक कार्यकर्ता आदिल हुसैन कहते हैं कि मवेशियों के बीच यह अज्ञात महामारी हर साल इस इलाके में फैलती है, जिसमें सैकड़ों मवेशियों की जान चली जाती है. जबकि यह मवेशी इन पहाड़ी इलाकों के लोगों के लिए आय का एक प्रमुख स्रोत है. उन्होंने कहा कि हर घर में कम से कम दो भैंस और एक गाय पाली जाती हैं. जिसका न केवल दूध बेचकर बल्कि उसका गोबर भी बेच कर यह ग्रामीण अपनी आय में वृद्धि करते हैं. ऐसे में इस नामालूम बीमारी ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं. ये समस्या इसलिए भी गंभीर हो गई है, क्योंकि इन मवेशियों के लिए दवा मिलना भी बहुत मुश्किल हो गया है. ग्रामीण बताते हैं कि जानवरों की मौत से फसलों को भी बहुत नुकसान हो रहा है, क्योंकि स्थानीय किसान खेतों में देसी खाद डालने के लिए इन मवेशियों का गोबर खरीदते हैं और खेतों में रासायनिक खाद की जगह उपयोग करते हैं.एक अन्य स्थानीय महिला सायमा बानो ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहती हैं कि बीमारी से मवेशियों की मौत से होने वाले नुकसान का कोई मुआवजा भी नहीं मिलता है. जबकि प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि गरीबों के नुकसान की पूर्ति हो सके. उन्होंने बताया कि इस संबंध में हमने डोडा के जिला विकास आयुक्त विश्वपाल महाजन को पहले ही सूचित कर दिया है कि वह हमारी पीड़ा को समझें और न केवल जानवरों की मौत का मुआवज़ा दिलाने की व्यवस्था करें बल्कि बचे हुए मवेशियों को इस बीमारी से बचाने के लिए बेहतर इलाज की भी व्यवस्था करें। लेकिन अभी तक हमें कोई भी सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है. उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर प्रशासन की चुप्पी हमारी मुश्किलों को बढ़ा रही है. इस संबंध में ठाठरी की प्रखंड विकास अध्यक्ष फातिमा फारूक कहती हैं कि यह अज्ञात बीमारी पिछले कुछ समय से मवेशियों में लगातार बढ़ रही है. इस वर्ष भी जिस प्रकार से यह बीमारी फैल रही है उससे यह संकेत मिलता है कि आने वाले समय में लोगों को फिर से समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है.मूल रूप से यह बीमारी क्या है, और किन कारणों से हो रही है? इस संबंध में स्थानीय पशु चिकित्सक डॉक्टर तालिब हुसैन कहते हैं कि अभी तक निश्चित रूप से इसके कारणों का पता नहीं लगाया जा सका है. लेकिन माना यह जा रहा है कि यह बीमारी बदलते पर्यावरण और खराब मौसम के कारण हो सकती है. इसके अलावा खराब घास भी इस बीमारी के फैलने का कारण बनती है. उन्होंने पशुपालकों को सलाह दी कि वह अपने मवेशी को खराब घास की जगह ताजी घास खिलाएं. उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं, लेकिन डोडा जिले में पशु चिकित्सकों की भारी कमी है. इसलिए डॉक्टर घर-घर जाकर मवेशियों का निरीक्षण नहीं कर सकते हैं. ऐसे में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा लगाए जाने वाले शिविरों के माध्यम से मवेशियों का इलाज कराया जा सकता है. उन्होंने कहा कि फिलहाल विभाग द्वारा मवेशियों के लिए दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. लेकिन पशुपालकों को स्वयं सावधानी बरतनी होगी। यदि उन्हें अपने मवेशियों में किसी भी प्रकार की बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए ताकि समय पर उनके मवेशियों का इलाज संभव हो सके. बहरहाल, अब यही उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रशासन जल्द से जल्द इन इलाकों में पशु चिकित्सकों की एक टीम भेजे ताकि गरीब लोगों के आय के स्रोत और उनके मवेशियों को इस अज्ञात बीमारी से बचाया जा सके.

# मिमिक्री कांड से वेस्ट यूपी के जाट, इंडिया गठबंधन से नाराज

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

राज्यसभा के सभापति और कद्दावर जाट नेता जगदीश धनखड़ का जिस तरह से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक सांसद ने लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन के भीतर मजाक उड़ाया और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उसका हंस-हंस कर वीडियो बनाया. उससे राजस्थान, हरियाणा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट की काफी नाराज है.जाट समाज इसके खिलाफ महापंचायत बुलाकर बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकता है.आम चुनाव से कुछ समय पूर्व विपक्ष का इस तरह का रवैया उसके स्वयं के पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है. टीएमसी संसद के मिमिक्री कांड से पश्चिम बंगाल में भले ही ममता बनर्जी की पार्टी को कोई नुकसान नहीं हो, लेकिन राहुल गांधी के वीडियो बनाने वाले शर्मनाक कृत्य से राजस्थान और हरियाणा सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासत में बड़ा खेला हो सकता है. जिसका इंडिया गठबंधन को बड़ा नुकसान उठाना पड़े तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए. वहीं भाजपा मिमिक्री कांड से फायदे में नजर आ रही है.

मिमिक्री कांड सामने आते ही बहुजन समाज पार्टी ने तो इस मामले में अपना स्टैंड क्लियर करते हुए इस घटना को दुर्घटना पूर्ण बता दिया है लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और राष्ट्रीय दल के नेता चौधरी जयंत सिंह की चुप्पी से जाट समाज काफी आहत है. समय रहते इन दोनों नेताओं ने अपना स्टैंड क्लियर नहीं किया तो लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को जाट बाहुल्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई सीटों पर बुरी तरह से हार



का सामना करना पड़ सकता है.

दरअसल. राज्यसभा सभापति पदेन उपराष्ट्रपति भी होता है. जगदीप धनखड़ पुराने जाट नेता है. उनकी उम्र भी हो चुकी है. नई दिल्ली और आस पास के क्षेत्र में जाट समाज का बोलबाला है. जाट समाज यूं तो किसी को वोट दे पर समाज के प्रतिष्ठित शख्सियत के अपमान पर एकजुट नजर आता है. वैसे भी एक बुजुर्ग आदमी की बॉडी लैंग्वेज का मजाक बनाना बेहद भद्दा है. उसमें भी अगर यह किसी सांसद द्वारा किया जाए यह तो वास्तव में भारतीय लोकतंत्र के लिए शर्मिंदगी की बात है.

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने जो किया वो गलत है,पर राहुल गांधी ने जो किया वो बहुत ही अभद्रता की श्रेणी में आ जाता है. राहुल गांधी अगर वीडियो नहीं बनाते तो शायद यह मामला सामने आता नहीं आता. क्योंकि आजकल तमाम दिग्गज हस्तियों की मिमिक्री के बहुत लोग वीडियो बना रहे थे और बहुत लोग देश के तमाम सम्मानित लोगों की बॉडी लैंग्वेज की नकल कर उनका मजाक बनाते रहते हैं. हो सकता है कि संसद में भी यह आए दिन होता हो. कल्याण बनर्जी को कौन जानता है. हो सकता है कि इसके पहले कल्याण बनर्जी पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की भी इस तरह से हंसी उड़ा चुके हों. पर चूंकि कल्याण बनर्जी को कोई जानता ही नहीं है इसलिए मामला तूल नहीं पकड़ता. राहुल गांधी विपक्ष के सबसे बड़े दल के सबसे बड़े नेता हैं. इंडिया गठबंधन अगर अस्तित्व में आता है चुनावों में विजयी होता है तो उन्हें पीएम बनते हुए भी हम देख सकते हैं. इसलिए उनका वीडियो बनाना लोगों और उसमें भी खास का जाट समुदाय को बिल्कुल भी नहीं पचेगा.वहीं कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कहना है कि इसको जाट समुदाय से जोड़कर देखना गलत है.

उधर, दिल्ली और उसके आसपास के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट समुदाय ने भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के समर्थन में विरोध प्रदर्शन किया है. जगदीप धनखड़ के समर्थन में पालम के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी ने कहा इस मुद्दे पर हमने प्रमुख लोगों की मीटिंग बुलाई है. फिलहाल अभी पंचायत नहीं बुलाई गई है. उन्होंने कहा कि या तो टीएमसी सांसद माफी मांगे या हम बड़े स्तर पर पंचायत करेंगे और हो सका तो टीएमसी के सांसदों का मकान भी घेरेंगे. सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि उप राष्ट्रपति के आपत्तिजनक हावभाव का प्रदर्शन करने के लिए जिम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द माफी मांगनी चाहिए. उन्होंने कहा कि जाट समाज किसान परिवार का अपमान नहीं सहेगा. राज्यसभा के सभापति का अपमान क्यों किया गया? क्योंकि वो किसान परिवार में जन्मे हैं? मुझे उम्मीद है ममता बनर्जी खुद माफी मांगने के साथ ही अपने सांसदों से माफी मंगवाने का काम करेंगी. इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए थी.

# विपक्ष नकल करता है अक्ल नहीं लगाता !

विपक्ष के पुराने और नए नेता नरेंद्र मोदी की देखा-देखी वह सब कर रहे है जो चुनाव प्रबंधन के नए तौर-तरीके हैं। सोशल मीडिया, सर्वे टीम, चुनावी प्रबंध की एजेंसियों, पेशेवरों, मार्केटिंग-ब्रांडिंग की पोस्टरबाजी के सारे तामझाम राहुल, अखिलेश, तेजस्वी, हेमंत, अरविंद केजरीवाल, जयंत चौधरी, अभिषेक बनर्जी आदि चुनावों में अपनाए हुए होते हैं। करोड़ों-अरबों रुपए खर्च करते हैं। निश्चित ही चार महीने बाद 'इंडिया' एलांयस की पार्टियां इसी ढर्रे पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। मगर होगा वही जो अभी उत्तर भारत में हुआ है। कांग्रेस जैसे हारी है। क्यों?जवाब में राहुल गांधी, केजरीवाल, अखिलेश, मायावती, लालू यादव, नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन आदि को खुद यह सोचना चाहिए कि इनके पास वह जुमला, वह मुद्दा, वह जादू, वह अभिनय, वह स्क्रिप्ट कहां है, जिसके भौकाल से लोग नरेंद्र मोदी की बजाय उनकी फिल्म पसंद करें? उनके भक्त बने? क्या विपक्ष किसी ऐसे चेहरे को मोदी के आगे उतार सकता है, जिससे लोग ठिठक कर सोचें, हां, यह तो काबिल है, दमदार है और इसे ही वोट देना है! या क्या विपक्ष के पास नरेंद्र मोदी को घेरने का ऐसा मुद्दा, ऐसा आरोप है, जिससे लोग नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोचने को मजबूर हों? लोग गुस्सा हो जाएं? अगला सवाल है कि विपक्षी नेताओं में यह संकल्प है कहां कि कुछ भी हो जाए हम एक साथ करो-मरो में नरेंद्र मोदी को हराने की प्रतिज्ञा करते हैं?विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद विपक्षी नेताओं की क्या कानाफूसी सुनाई दी? अखिलेश अपने अंतरंगों में कहते हुए थे अच्छा हुआ कांग्रेस को औकात मालूम हुई! सब यह खैर मनाते हुए थे कि अब कांग्रेस दबी रहेगी! नीतीश को भरोसा हुआ कि वे अब 'इंडिया' के मालिक। ऐसे ही मनीष सिसोदिया, संजय सिंह के जेल में होने और केजरीवाल के जेल जाने के आसार के बावजूद आप पार्टी के नेताओं में गलतफहमी है कि वे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब में अकेले मोदी को लोकसभा सीटें नहीं जीतने नहीं देंगे। कांग्रेस या तो हमारी शर्तों पर सीट समझौता करे नहीं तो हम अकेले लड़ेंगे।हां, इसी अंदाज में सब नेता, सभी विरोधी पार्टियां एक-दूसरे को लेकर सोचते हुए हैं। आखिरी वक्त तक ऐकला चलो के ढर्रे में पार्टियां तैयारियां करेंगी और ऐन वक्त सीट एडजस्टमेंट से हवा बनाई जाएगी कि हम मोदी को हराने के लिए एकजुट हो गए हैं। पर उससे माहौल कैसे बनेगा? यूपी-बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़ आदि में मोदी भक्तों की भीड़ और मोबिलाइजेशन के आगे मोदी विरोधियों में क्या कोई वैसी बिजली कड़की हुई होगी जैसे इमरजेंसी के बाद विपक्षी एकता बनते ही उत्तर भारत में फिजा बदली थी? 1977 का वक्त हो या 2014 के चुनाव से पहले का अन्ना हजारे आंदोलन व मोदी-शाह का भौकाल कई महीनों में धीरे-धीरे पका था। जबकि 'इंडिया' एलायंस में होना क्या है? राहुल, अखिलेश, नीतीश, तेजस्वी, हेमंत, केजरीवाल आदि पहले अपने सलाहकारों, सर्वेयरों, मैनेजरों से हिसाब लगवाते रहेंगे कि हम फलां-फलां सीट को जीत लेंगे। फिर सौदेबाजी करेंगे। खींचतान होगी। मार्च तक सीट एडजस्टमेंट बना होगा और सभी अपने खाते की सीट पर विपक्षी वोटों की गोलबंदी से भाजपा को हराने की गलतफहमी में रहेंगे। न पार्टियों के कार्यकर्ताओं में मिलजुल कर मेहनत का जोश बना हुआ होगा और न किसी नारे, मुद्दे का अखिल भारतीय भौकाल व नैरेटिव होगा।

# सनातन धर्म विरोधी गतिविधि पर अभाविप का विरोध प्रदर्शन

## डीआईओएस ने पहुंच कर समाप्त कराया आन्दोलन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शहर में स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में तिलक लगाकर पढ़ने आने वाली छात्राओं के साथ बार बार विद्यालय की अध्यापिका द्वारा दुर्व्यवहार निंदनीय है। कुछ छात्राओ द्वारा इसकी शिकायत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा किया गया था। जिसकी जानकारी हेतु परिषद के कुछ प्रमुख कार्यकर्ता विद्यालय के प्रधानाचार्य मिले और विषय से अवगत कराया। लेकिन प्रधानाचार्य और प्राध्यापिका ने इस तरह के विषय से मना कर दिया। तिलक लगाकर विद्यालय आने वाली छात्राओं से पूछने पर सभी ने कहा की विद्यालय में तिलक लगाकर आने पर मना किया जाता है साथ ही प्रेक्टिकल में नंबर कम करने की धमकी दी जाती है। विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ एवं संगठन के कार्य को अनुचित एवं गलत कहा गया साथ ही विद्यार्थियों को संगठन का सदस्य बनाने पर सदस्यता शुल्क पांच रुपया लिया जाना भी वसूली बताया। जिससे परिषद के कार्यकर्ता नाराज होकर गेट के बाहर विरोध प्रदर्शन करने लगे।जिला संयोजक यशस्वी सिंह ने बताया कि विद्यालय की प्राध्यापिका




मंजू कुशवाहा द्वारा पहले भी परिषद की छात्रा कार्यकर्ताओं द्वारा गलत मानसिकता द्वारा दुव्यवहार किया गया था। जिसकी शिकायत विद्यालय की प्रधानाचार्य से की गई थी।काशी प्रांत के इंटर कालेज संयोजक रमेश सिंह पटेल ने कहा की विद्यालय में विभिन्न धर्म समुदाय के विद्यार्थी पढ़ाई करते है। लेकिन उनके धर्म से जुड़े विषयों पर आपत्ति ठीक नही। विद्यालय की प्राध्यापिका द्वारा सनातन धर्म को बदनाम एवं अपनाम करना उनकी कुंठित विचार को प्रकट करता है साथ ही छात्राओ को तिलक लगाकर आने से मना करना उनकी धर्म विरोधी गतिविधि को दर्शाता है।प्रांत सहमंत्री सुधांशु रंजन मिश्रा ने कहा की पचास लाख से अधिक विद्यार्थी सदस्यता का विश्व में सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद है जो अपने स्थापना काल से ही अपनी कार्य पद्धति के आधार पर विद्यार्थियों की लोकप्रिय संगठन है। बिना किसी आधार के संगठन पर आरोप लगाना एवं परिसर में सनातन धर्म विरोधी गतिविधि करना एक शिक्षक के लिए अशोभनीय है। विद्यार्थी परिषद में सभी धर्म समुदाय के विद्यार्थी सदस्य एवं कार्यकर्ता है। परिषद ने कभी भी किसी धर्म समुदाय का विरोध नही किया लेकिन विद्यालय के तुच्छ मानसिकता की प्राध्यापिका द्वारा सनातन धर्म को अपमानित करना एवं छात्राओ को तिलक लगाकर विद्यालय आने से मना करना एवं ऐसा न करने पर प्रेक्टिकल में नंबर कम करने एवं अन्य प्रकार की धमकी देना परिषद स्वीकार्य नहीं कर सकता। इसे मानसिकता वाले को कैंपस से मुक्त करना चाहिए।आंदोलन स्थल पर जिला विद्यालय निरीक्षक डा सरदार सिंह ने पहुंच कर विषय की गंभीरता को समझा एवं आंदोलन को समाप्त करने का आग्रह किया। परिषद के कार्यकर्ताओ ने प्राध्यापिका के निष्कासन का मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया और जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की। इस मौके पर शिवानी मतनहेलिया, अनिकेत तिवारी,कार्तिकेय पांडेय, स्वेता ,बालाजी ओझा, कृपा, अभिषेक, राम मिश्र, सुमित गुप्ता, धर्मेंद्र प्रजापति, अंजनी दुबे, राहुल मौर्य, आदि लोग मौजूद रहे

# उप जिलाधिकारी ने जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए दिए निर्देश

## उपजिलाधिकारी ने सिया गांव मे लगाई चौपाल

**बाघराय,प्रतापगढ़।** ग्राम पंचायत सिया मे चकरोड़ो एवम तालाबों मे जो भी लोग अतिक्रमण किए है उस अतिक्रमण को हटा ले। छोटे मोटे विवादो को ग्राम पंचायत की बैठक मे ही मामले का निस्तारण होना चाहिए । यह बाते सिया गांव मे आयोजित चौपाल कार्यक्रम के तहत उप जिलाधिकारी कुंडा भरतराम ने कही उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर ग्राम सभा की जमीन पर तालाब चकरोड़ की जमीन से अतिक्रमण हट जाना चाहिए नहीं तो राजस्व विभाग की दो टीमें गठित करके अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा। गांव के रामानंद मिश्र ने ग्रामसभा में अवैध अतिक्रमण के बारे मे उप जिलाधिकारी को अवगत कराया । इस मौके पर नायब तहसीलदार अजय सिंह , राजस्व निरीक्षक राम जगत वा लेखपाल राम सिंह, प्रधान छोटे लाल , वा पूर्व ज्येस्ट प्रमुख राम कुमार यादव ,शिद्धनाथ,रामसिरोमडी,राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

# गाय की जान बचाने वाले को जेल भेजना चाहती है पुलिस

## घायल गाय को घर में शरण देकर बचाई जान, बच्चा होने पर हक जताने पहुंचा मालिक सेवक गाय देने को राजी नहीं, मामला पुलिस तक पहुंचा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गाय को माता मान उसकी सेवा की। सांडों के सींग से घायल होने पर उसे अपने घर में शरण दिया। इलाज कराया। बच्चा होने पर ललचाई गाय की मालकिन पति संग हक जताने गौ सेवक के घर धमक पड़ी है। गाय को देने के लिए कहा है। सेवक ने इंकार किया तो महिला उसके खिलाफ एफआइआर लिखवाने पुलिस चौकी पहुंच गई। अब पुलिस गाय की जान बचाने वाले सेवक को जेल भेजने की तैयारी में हैं।मामला रेलवे कालोनी का है। बताया जाता है कि एक रेल कर्मी ने अपनी गाय को छोड़ रखा था। वह इधर उधर घूमकर अपना पेट भरती। करीब दो महीने पहले जेल के पीछे कई सांडों ने उसे घेर लिया और सींग से हमला किया वह जान बचाने के लिए शंकर पांडे के घर में घुस गई। हमले में जान तो बच गई लेकिन उसके पैर और शरीर में चोटें आई थी। शंकर पांडे को उस पर तरस आ गया। उन्होंने उसका इलाज कराया। अच्छे से उसकी देखभाल की।

ठीक होने के बाद गाय घर से नहीं जाना चाहती थी। शंकर ने बाहर करने का प्रयास किया। लेकिन बात नहीं बनी। उससे लगाव हो जाने के बाद बेसहारा गाय को अपना समझ कर खूंटे से बांध कर उसे चारा पानी देने लगा। पता चला है कि कुछ दिनों पहले गाय ने बच्चे को जन्म दिया है। यह बात गाय के स्वामी को पता चली तो महीनों बाद अब वह गाय को जिसको दर दर मरने के लिए छोड़ दिया था। उसे हासिल करना चाहता है। इसके लिए उसकी पत्नी ने जेल पुलिस चौकी में शंकर के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। शंकर भी गाय को लौटाने के मूड में नहीं है।उसका कहना है कि अभी तक क्यों नहीं आए। बच्चा होने के बाद ये लोग लालच में पड़ गए हैं। पुलिस से दबाव डलवा रहे हैं। पुलिस शंकर पांडे को चोरी के आरोप में जेल भेजने की तैयारी में है।

# दुराचार के आरोपी का शांतिभंग में चालान

**मानधाता,प्रतापगढ़।**थाना क्षेत्र के टिकरी गांव निवासी एक नाबालिग ने अपने दरवाजे के सामने साड़ी से घेरकर नहाने के लिए बनाया है। उसी में नाबालिग स्नान कर रही थी कि उसी समय लड़की के पड़ोस के एक युवक देशराज नहाते समय उसकी वीडियो बना कर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुराचार किया।उसके बाद शादी का दबाव बना रहा है। शादी न करने तथा किसी से बताने पर उसे तथा उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। पीड़िता ने मानधाता पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उस युवक के खिलाफकार्रवाई की मांग की। लेकिन मानधाता पुलिस उस युवक के खिलाफमुकदमा दर्ज नहीं किया तो वह पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना दे कर कार्रवाई की मांग की ।एसो पुष्पराज सिंह ने बताया कि घटना पन्द्रह दिन पहले की है तहरीर के आधार पर युवक को गिरफ्तार कर थाने लाया गया था।उस समय पीड़िता के घर वालों को बुलाया जा रहा था मगर वो लोग नहीं आने पर युवक को 151 में चलाना कर दिया गया है। बार बार बुलाने के बाद भी नहीं आये इसलिए मुकदमा नहीं दर्ज किया गया।

# पर्यावरण सेना के ग्रीन आंगनवाड़ी अभियान का हुआ शुभारंभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** आज पर्यावरण सेना द्वारा मान्धाता ब्लॉक के पूरेखरगराय में स्थित जनपद का पहले मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों को पर्यावरणीय शिक्षा से जोड़ने और बच्चों को हरा-भरा माहौल देने के उद्देश्य से पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने कदम और अमरूद के पौधे लगाकर ग्रीन आंगनबाड़ी अभियान का शुभारंभ किया।इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पेड़ों का महत्त्व बताते हुए पेड़ों को बचाने और स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित किया।इस मौके पर पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही धरती पर जीवन का आधार है।ऐसा तभी संभव है जब हर नागरिक अपने हिस्से का पेड़ लगाकर उसे वृक्ष बनाए।पर्यावरण सेना प्रमुख ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने की पहल हमें बच्चों से करनी चाहिए।इनके माध्यम से एक स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण हो सकता है।आगे उन्होंने बताया कि पर्यावरण सेना जन सहयोग से ग्रीन आंगनवाड़ी और ग्रीन स्कूल बनाने का कार्य कर रही है,जिसमें सभी हरित सहयोग अपेक्षित है।आंगनवाड़ी कार्यकत्री सरोज देवी ने पर्यावरण सेना के हरित प्रयासों की सराहना की और सभी से इस हरित मिशन में सहयोग की अपील की। इस मौके पर संजय तिवारी,निर्मला,अशोक कुमार,देवी,तमन्ना,अल्तमस,दिव्यांशु, शुभम, निधि,नित्या तिवारी एवं नमन कुमार तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# नाबालिक के अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में सजा

**प्रतापगढ़।** अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने नाबालिग के अपहरण व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मोनू सोनी थाना कंधई को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास तथा बीस हजार रूपया अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थ दंड की राशि पीड़िता को उसके मानसिक चिकित्सीय आघात व पुनर्वास हेतु प्रदान किया जाएगा,साथ ही उपरोक्त मुकदमे में अन्य अभियुक्त प्रदीप सोनी थाना पट्टी को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया। राज्य की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक देवेश चंद्र त्रिपाठी व अशोक त्रिपाठी ने की। वादी मुकदमा के अनुसार घटना 18 नवंबर 2015 को शाम 6रू00 बजे की है, उसकी नाबालिग पुत्री मेला देखने गई थी। इसी बीच मोनू सोनी उसकी लड़की को बहला फुसला कर भाग ले गया। पीडिता जब बरामद हुई तो उसने न्यायालय में बयान दिया की घटना वाले दिन मुझे मोनू सोनी जबरदस्ती अपने बाइक पर बैठा लिया और ढकवा मोड लाया जहां उसका दोस्त प्रदीप सोनी अपने चार पहिए वाहन लिए खड़ा था। मोनू मुझे मुंबई ले गया और वहां पर मेरे साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया।

# खाद्य कारोबारियों का नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकारण के फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एण्ड सर्टीफिकेशन (फॉस्टेक) कार्यक्रम के अन्तर्गत राजा पाल टंकी चौराहा स्थित मोती महल डीलक्स होटल में खाद्य कारोबारियों का एक दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया गया जिसमें प्रशिक्षक हरचरन कौर द्वारा जनपद प्रतापगढ के विभिन्न बाजारों के खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों का सुरक्षित रख-रखाव, कच्ची सामग्रियों और खाद्य का भण्डारण, भोजन पकाने की बेहतर पद्धतियों, खाद्य प्रसंस्करण, विनिर्माण, पैकेजिंग, परोसे जाने के तरीके, खाद्य परिसर की साफ-सफाई, अपशिष्ट निस्तारण, खाद्य प्रतिष्ठान में काम करने वाले श्रमिकों को शारीरिक स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों से 36 खाद्य कारोबारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रषासन विभाग से मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी, जनार्दन सिंह, अंजनी कुमार मिश्र, ऋचा पाण्डेय, विवेक कुमार तिवारी उपस्थित रहें।

# तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मारी टक्कर, छात्रा की हालत गंभीर



**सुवंसा** -घटना नगर पंचायत सुवंसा चौराहे पर सुबह दिनेश कुमार गुप्ता की पुत्री अर्पिता गुप्ता( 13 ) न्यू आइडियल कॉन्वेंट स्कूल इटहरा बॉर्डर में कक्षा सात में पढ़ती है। बुधवार सुबह 8ः30 बजे स्टेशन रोड से जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर उसकी साइकिल पहुंची की जौनपुर की ओर से तेज रफ्तार आ रही मॉल वाहक पिकअप चालक उसको जोरदार टक्कर मारते हुए बिना रुके भाग निकला। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने एसओ फतनपुर को दी। सूचना पाते ही बिना देरी किए एसओ ने गाड़ी को ड्राइवर के साथ धर दबोचा।थानाध्यक्ष के इस कार्य की लोग खूब प्रशंसा कर रहे हैं। इधर छात्रा को लेकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगरा बादशाहपुर गए जहां डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। परिजन किसी निजी अस्पताल इलाज करवा रहे हैं। छात्रा को ब्रेन में चोट अधिक लगने से उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। उधर, वाहन चालक राजेश पाल एवं खलासी दिनेश कुमार पटेल को हिरासत में लेकर घटना की पूछताछ की जा रही है।

# जिले में पहली बार पुस्तक मेले का आयोजन, सिद्धि सिंह बनी मिस प्रतापगढ़



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा, प्रतापगढ़।**बुक ऑडियो पीडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं मिस्टर गोल गुरु फाउंडेशन द्वारा नगर पंचायत हीरागंज के अंजनी स्थित एसकेवाई इंटर कॉलेज में खेलो इंडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें 20 से अधिक खेल प्रतियोगिताएं हुई।कबड्डी में अमेठी से आई संगम योद्धा की टीम विजयी रही, वहीं वॉलीबॉल में जवाहर नवोदय विद्यालय की गर्ल्स एवं बॉयज टीम विजेता बनी, मेहंदी प्रतियोगिता में ताजपुर की रवीना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जगहों से आए सुप्रसिद्ध कवियों ने अपनी रचनाएं पड़ी ।राष्ट्रीय कवि लवलेश यदुवंशी, युवा कवि आशुतोष ओझा एवं भदोही से आयीं शिल्पी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।जिले में पहली बार आयोजित पुस्तक मेले में भी पाठकों की भारी भीड़ रही, अपने बीच इतनी सारी किताबें देखकर लोगों में उत्साह रहा। लखनऊ से आयीं मिस उत्तराखंड कोमल सोनी ने मिस्टर एवं मिस प्रतापगढ़ के प्रतिभागियों की परफॉर्मेंस के बाद सिद्धि सिंह को मिस प्रतापगढ़ एवं प्रशांत पाण्डेय को मिस्टर प्रतापगढ़ का ताज पहनाया। इस दौरान सुरेश कुमार यादव, प्रेमचंद शुक्ला, रमेश सोनी, रेखा शुक्ला, कांति यादव, नीरज मिश्रा, राजीव यादव, अभिषेक शुक्ला, अनुज मिश्रा, रॉबिन यादव, अंशुमान आदि उपस्थित रहे।

# गाँव - गरीब, युवा एवं नारी शक्ति को सशक्त करने का लेटेस्ट माध्यम बन रही मोदी जी की गारन्टी

## संकल्प यात्रा पहुंची सैकड़ों ग्रामीणों के मध्य कांपामधुपुर ग्राम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बेलखरनाथ धाम-** हमारे गाँव हों या नगर, हमारी युवा शक्ति और नारीशक्ति- इन दोनों को सशक्त करने का बहुत बड़ा माध्यम हैं- मोदी की गारंटी वाली गाड़ी। जो गाँव-नगर एवं बाजारों में ग्रामीणों, युवाओं और नारीशक्ति को सशक्त कर रही है। यह विचार प्रतापगढ़ के प्रताप संयोजक डा0विनोद त्रिपाठी ने बेलखरनाथ ब्लॉक क्षेत्र के कांपा मधुपुर में संकल्प यात्रा के दौरान ब्यक्त किया! वि0शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डा0विनोद ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा, किसान सम्मान, प्रधानमंत्री आवास,फ्री राशन एवं शौचालय आदि विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ग्रामीण जनता उठाये और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाये। ग्राम प्रधान सीताराम सरोज ने कहा कि संकल्प यात्रा का अधिकाधिक लोगों को लाभ मिलें, लोग जुड़े, यात्रा आने से पहले ही पूरे गांव में वातावरण बन गया! जिनको अब तक सरकारों का लाभ मिला है, उनको वहां जरूर लाइए



ताकि बाकियों को विश्वास पैदा हो कि जिनको आज अभी लाभ नहीं मिला है, रह गए हैं, ये मोदी की गारंटी है भविष्य में मिलेगा। पूर्व ग्राम प्रधान अवधेश मिश्र ने कहा कि केन्द्रीय सरकार की लाभकारी योजनाओं का जिसको लाभ मिला है, वो जब बोलता है तो दूसरे का भरोसा बढ़ जाता है। ग्रामीणों से आग्रह है कि जिन-जिन लोगों को गैस का कनेक्शन मिला होगा, बिजली का कनेक्शन मिला होगा, किसी को जल का कनेक्शन नल, किसी को घर, आयुष्मान कार्ड, मुद्रा योजना और स्वनिधि मिली होगी, किसी को बैंक से पैसा, बीमा का पैसा आदि बहुत सारे लाभ हैं, जब उसको पता चलेगा हमारे गांव में उसको मिला है तो चलो मैं भी रजिस्टर करवा देता हूं। क्योंकि यह मोदी जी की गारन्टी है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी, बेसिक शिक्षा, राजस्व, ग्राम विकास एवं ग्राम पंचायत के कर्मचारी, ग्रामीणों में शम्भू नाथ दूबे, पवन दूबे, चिन्नी ओझा, रामराज वर्मा और जितेंद्र सरोज आदि ने विचार ब्यक्त किया!

# योग कोई धर्म नही यह जीवन जीने की कला है-अष्टभुजा प्रसाद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरासुंदरपुर।** सावित्री शैक्षणिक एवं समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में आंचल पब्लिक स्कूल हंडौर के प्रांगण में एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं को योगासन क्यो जरूरी है, योगासन से लाभ तथा योगासन से बीमारियो के खत्म होने की जानकारी की बारीकियां से अवगत कराया गया कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा मां सरस्वती वंदना के बाद हुआ उसके कार्यशाला में पतंजलि योग समिति के संगठन मंत्री योगाचार्य चंद्रपाल निर्मल द्वारा बच्चों को सर्दी खांसी जुकाम तथा फेफड़ों संबंधी बीमारी के लिए मस्तिष्का आसन, सिर दर्द माइग्रेन तथा दर्द से संबंधित बीमारियो के लिए अनुलोम विलोम आसन , मन को एकाग्र करने के लिए भ्रामरी, इसके अलावा पश्चिमोआसन,त्रिकोणासन धुर्वासन, गोमुखआसन,वक्रासन आदि आसनो को सिखाया तथा गांव मे पाए जाने वाले पौधो का औषधीय



गुण भी बताया गया । इस अवसर पर संरक्षक अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि योग से मनुष्य मे स्थिरता धीरज और अनुशासन का जन्म होता है योग कोई धर्म नही यह जीने की कला है योग के अभ्यास से व्यक्ति को मन शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है इसके पूर्व योगाचार्य का सारस्वत अभिनंदन किया गया। प्रबंधक अनूप त्रिपाठी ने आभार जताया। स्वागत प्रिंसिपल आंचल त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर बृजेश शुक्ल हिन्दुस्तानी, आस्था त्रिपाठी ,अंकिता दुबे, मुस्कान बानो, शिखा दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# सड़क पुनरोद्धार हेतु कटरा गुलाब सिंह बाजार में युवाओ ने निकाला कैंडिल मार्च

## 24 दिसंबर को महासत्याग्रह मे सभी से प्रतिभाग की हुई अपील



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** कटरा गुलाब सिंह से लेकर कानूपुर मार्ग के पुनरोद्धार हेतु कटरा गुलाब सिंह बाजार के युवाओ ने कैंडिल मार्च निकाल करके घर घर जन संपर्क किया। वहीं 24 दिसंबर को महा सत्याग्रह मे सभी से प्रतिभाग की अपील हुई। सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के मार्गदर्शन मे अग्रहरि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष अजय अग्रहरि के संयोजन मे हुए इस मार्च मे युवाओ ने प्रतिभाग करके आगामी रविवार 24 दिसंबर को होने वाले महासत्याग्रह मे सभी बाजार वासी से भागीदारी का आवाहन किया गया। इस अवसर पर सभी ने मुख्यमंत्री व जन प्रतिनिधियों से सड़क पुनरोद्धार का मार्ग जल्द प्रशस्त करने का आवाहन किया।

कानूपुर सड़क के लिए कैंडिल मार्च व जन संपर्क अभियान में रामलीला के प्रबन्धक अनिल अग्रहरी राजू मैनेजर , शोभनाथ अग्रहरी, श्रवण पटवा किशन लाल , बबलू पटवा, शोम जायसवाल ,दीपक सोनी , अज्जू केसरवानी ,शिवम अग्रहरी ,कुलदीप ,जिलाजीत पटवा आदि लोगो ने प्रतिभाग किया।

# हत्यारोपी की शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर होगा विशाल प्रदर्शन-प्रवीण मिश्र



**प्रतापगढ़**-उड़ैयाडीह चौराहे पर टेम्पो चालक की पीटकर कि गई हत्या में नामजद आरोपी की एक माह का समय बीत जाने पर भी गिरफ्तारी न होने से नाराज अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के प्रदेश प्रभारी प्रवीण मिश्र ने कहा कि यह शासन प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती और शर्म की बात है कि एक महीने का समय बीत गया और आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।आगे उन्होंने शासन प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी की अतिशीघ्र गिरफ्तारी नहीं होती है तो समस्त ब्राम्हण संगठन संयुक्त रूप से मिलकर प्रदेश मुख्यालय से लेकर तहसील मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करेगा जिसके लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

# डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव परिवाद समिति की अध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव स्थानीय परिवाद समिति की अध्यक्ष मनोनीत की गई हैं। यह मनोनयन जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी रणबहादुर वर्मा ने किया है। उक्त समिति का उद्देश्य महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकना है। दरअसल सर्वोच्च न्यायालय की विशाखा गाइडलाइन के अनुपालन में प्रदेश के मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर जिले में इस तरह की समिति गठित करने का निर्देश दिया है। उसी के तहत जिले में यह समिति गठित की गई है। समिति की अध्यक्ष डॉ. (श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव ने महिलाओं को आश्वस्त किया है कि अपने कार्यस्थल पर वे पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने जनपद के सभी सरकारी कार्यालयों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और जहां भी महिलाएं कार्यरत हैं, उनके कार्यालयाध्यक्षों से अनुरोध किया है कि वे अपने यहां आंतरिक ग्रेवाइन्स कमेटी अवश्य गठित करें, जिससे कार्यरत महिलाएं अपने कार्यस्थल पर खुद को सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने जनपद की महिलाओं को विश्वास दिलाया है कि वह सदैव उनके साथ खड़ी मिलेंगी।

# चोरी के 4 अभियुक्त गिरफ्तार,मैजिक वाहन व 10 हजार नगदी बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**दलीपपुर,प्रतापगढ़।** पुलिस ने चोरी के चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उनके पास से मैजिक वाहन एवं 10 हजार नगदी बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना दिलीपपुर से उ0नि0 श्री सुरेश कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना क्षेत्र दिलीपपुर के सराय गनई चौराहा के पास से मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 223,23 धारा 379, 411 भादवि से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01. सलीम पुत्र ननकऊ नि0ग्राम रसोईयां थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ 02. जाबिर पुत्र युनूस नि0ग्राम रसोईयां थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ 03. करन पुत्र राधे नि0ग्राम अमरपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ 04. एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की भैंस बिक्री के कुल 10000 रुपये व घटना में प्रयुक्त वाहन एक अदद डाला मैजिक को बरामद किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 17.12.2023 की रात्रि में ग्राम वशीरपुर से एक भैंस चोरी किये थे जिसको जुबेरगंज अयोध्या बाजार में जाकर अज्ञात व्यक्ति को बेच दिये थे।

# नम आंखों के साथ किया गया डाक्टर का अंतिम संस्कार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ौर के अधीक्षक डा0 भरत पाठक का बीतीरात लखनऊ के मेंदान्ता हास्पिटल मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गई ,उनके मृत्यु की सूचना पर जिले के प्रशासनिक व स्वास्थ्य विभाग मे शोक की लहर फैल गई। सभी ने डाक्टर भरत पाठक के प्रति शोकसंवेदना ब्यक्त करते हुए दुख प्रकट किया।। उनका प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार किया गया,डाक्टर भरत पाठक तीन भाईयो मे सबसे बडे थे अपने पीछे वह भरा पूरा परिवार छोड़ गये। उनके ऐक पुत्र और ऐक पुत्री है,पिछ्ले ऐक माह पूर्व उनकी माँ का देहान्त हो गया था जिसके बाद से ही वह बीमार चल रहे थे जिनका आज बीतीरात मृत्यु हो गई। उनके अंतिम संस्कार मे डा0 ज्ञानेंद्र मौर्य, डा0 राजीव त्रिपाठी, डा0दिनेश सिंह,डा0 अभिषेक सिंह, डा0 दिनेश कुमार,डा0आरपी गिरी डिप्टी सीऐमओ, डा0 नौशाद अहमद,,डा0 अमित तिवारी,डा0 राजीव द्विवेदी,डा0 अखिलेश जायसवाल,वरिष्ठ पत्रकार संतोष पाण्डेय ,राहुल मिश्रा के साथ साथ कोहड़ौर स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त स्टाप आदि ईष्ट मित्रो ने दुख प्रकट करते हुए अंतिम संस्कार में शामिल हुए ।

# राज्यपाल ने जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदी महिलाओं से किया संवाद



**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद महिलाओं से वार्ता की। इसके बाद आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया।

साथ ही जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने बुधवार को जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में राजकीय महाविद्यालय की 40 की छात्राओं को महिला बंदियों से संवाद कर किन परिस्थितियों में उनसे अपराध हुआ, उनकी पारिवारिक दशा क्या है, अपराध करने के बाद उन पर क्या प्रभाव पड़ा, जेल में उनके स्वास्थ्य सुधार और पुनर्वास की क्या व्यवस्थाएं हैं। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने छात्राओं और महिला बंदियों से संवाद किया, उनके अनुभव जाने। राज्यपाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से महिलाओं के प्रति अपराध रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर न्याय समितियां गठित करने की बात को कहा। उन्होंने कारागार में निरुद्ध सभी महिलाओं से कारागार में किसी भी प्रकार की समस्या न होने, सभी प्रकार की अनुमन्य सुविधाएँ मिलने, उनके बच्चों को पौष्टिक आहार मिलने की बात कही। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि डिग्री कॉलेज की छात्राओं के साथ समय-समय पर महिलाओं का संवाद होता रहे व उनके साथ रस्सा कसी, म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं कारागार में कराई जाएं। उन्होंने पाकशाला का भी भ्रमण किया। रसोई में बन रहे भोजन को देखा। पाकशाला की स्वच्छता और भोजन की प्रशंसा की गई। कारागार निरीक्षण से पूर्व सभी महिलाओं को नई साड़ियाँ, स्वेटर, चप्पले और उनके बच्चों को गर्म कपड़े, खिलौने, चॉकलेट उनके लिए कुर्सियां दी गयीं। कारागार के विद्यालय में महिला बंदियों की शिक्षा के लिए 65 इंच का एक स्मार्ट बोर्ड और महिला बंदियों के स्नान के लिए गीजर उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही केन्द्र गोद भराई भी की। इसके बाद उन्होंने जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने शाम के समय रामघाट में गंगा आरती भी की। इस मौके पर मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी, पुलिस महानिरीक्षक कारागार राजेश कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला,

## बंटवारे का मामला विचाराधीन होने के बावजूद भी हो रहा निर्माण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के देवखरपुर गांव में बंटवारे का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद भी दबंगो द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है विरोध करने दबंगो द्वारा धमकी दी जा रही है पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है । सिराथू तहसील क्षेत्र के देवखरपुर गांव के लालता प्रसाद पुत्र राम सूरत ने एसडीएम सिराथू को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की भूमि उसकी भूमि का बंटवारे का मामला तहसील न्यायालय में विचाराधीन है बावजूद इसके विपक्षी अवैध निर्माण करा रहा है विरोध करने पर गाली गलौच व धमकी देता है , पीड़ित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

# क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मैहर ने कानपुर को हराया



**चित्रकूट:** राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति पर चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी एवं दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा आयोजित किए जा रहे राष्ट्र स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2023 के पूल बी पहले क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश की कानपुर एवं मध्य प्रदेश की मैहर के बीच मुकाबला खेला गया। मैच के पूर्व विभागाध्यक्ष विज्ञान संकाय महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय डॉ आईपी त्रिपाठी, प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय अंशुमान पाठक, गुरुकुल शंकुल प्रभारी संतोष मिश्रा एवं शैक्षणिक प्रभारी कालिका प्रसाद श्रीवास्तव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैहर ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 122 रन बनाए। जिसमें रुणेन्द्र सिंह ने 27, अनुराग ने 24, उमेश ने 17 रनों का योगदान दिया। कानपुर की ओर से नरेंद्र को तीन जबकि राजीव एवं ओम को दो-दो विकेट प्राप्त हुए। 123 रनों के लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी कानपुर की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट खोए और 17 ओवर में केवल 98 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कानपुर की ओर से आकाश सिंह ने 31 और मोहम्मद अजहर ने 18 रनों का योगदान दिया। मैहर की ओर से आकर्ष सिंह को तीन जबकि कृष्णम और रूणेंद्र को दो-दो विकेट प्राप्त हुए। रूणेन्द्र को मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस प्रकार मैहर ने 24 रनों से यह मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां उसका मुकाबला कल नोएडा एवं चित्रकूट की टीम के बीच खेले जाने वाले मुकाबले की विजेता टीम से 22 दिसम्बर को होगा। आज के मैच के अंपायर राधेश्याम वाघमारे एवं आलोक सिंह, कमेंटेटर आदित्य सोनी, सर्वेश निगम, स्कोरर हर्षित परौहा रहे। इस मौके पर रमाकांत कुशवाहा, रवि पाल, राहुल पाल, अमित विक्रम आदि मौजूद रहे।

# आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बनकर प्रतिमा ने रोशन किया क्षेत्र का नाम

**चित्रकूट:** समाज में दहेज के लिए बेटियों को प्रताड़ित किया जाता है, लेकिन ऐसे भी परिवार हैं जो बहू को बेटी मानकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जिला मुख्यालय की प्रतिमा त्रिपाठी ने शादी के बाद पति और सास-ससुर के प्रोत्साहन और अपनी खुद की मेहनत से अपनी पढ़ाई जारी रखी है और आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बनकर घरेलू महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। वह अपनी कामयाबी का श्रेय सास-ससुर और पति को देती हैं।



पकौवा देवी संस्कृत महाविद्यालय मानिकपुर के प्राचार्य एवं सरैया निवासी स्व राममिलन त्रिपाठी की बेटी प्रतिमा शुरू से ही पढ़ने में होशियार थी। उन्होंने अपनी पढ़ाई आदर्श इण्टर कॉलिज मानिकपुर से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने गवर्नमेंट आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलिज जबलपुर से बीएएमएस किया। इसके बाद पिता ने प्रतिमा की शादी कर्वी के हरिकृष्ण मिश्र के साथ कर दी। जहां ससुराल में भी पढ़ाई जारी रखने के लिए ससुरालीजनों ने प्रोत्साहित किया। जिसके बाद प्रतिमा परिश्रम से सफलता का परचम लहरा दिया और अपने पहले ही प्रयास में यूपी लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बन गई। उनके अफसर के पद पर चयन होने पर उनके परिवार व पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। प्रतिमा अपनी कामयाबी का श्रेय अपने सास-ससुर, पति और अध्यापकों को देती हैं। उनकी प्रेरणा के श्रोत उनके ससुर लवकुश मिश्रा हैं, जो बैंक अधिकारी के पद से सेवानिवृत होने के बाद अपनी बहू के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्तमान समय में प्रतिमा फर्रुखाबाद मेडिकल कॉलिज से मास्टर ऑफ सर्जरी (एमएस) की तैयारी कर रही हैं। गृहणियों के लिए प्रेरणा श्रोत बनी प्रतिमा का कहना है कि शिक्षा में ही विकास का मूल व्याप्त है। शिक्षा एक ऐसा यंत्र है, जो सभी को जीवन में आगे बढ़ने और कामयाब होने के साथ ही जीवन में कठिनाइयों और चुनौतियों पर जीत प्राप्त करने की क्षमता देती है। इसलिए सभी को परिश्रम से पीछे नहीं हटना चाहिए। पूरा समाज डॉ प्रतिमा और उनके परिवार की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर ओरोपी पति को सजा

**चित्रकूट:** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आठ हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि बांदा जिले के फतेहगंज थाने के लगनहाई निवासी प्रेमसिंह पटेल पुत्र लोटन पटेल ने बीती 26 मई 2017 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रेम सिंह के अनुसार उसने अपनी बहन ज्ञान देवी की शादी मुकुंद पुर महादेवन गांव के निवासी अशोक कुमार पटेल के साथ बीती 29 मई 2014 को की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन ज्ञान देवी का दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे। एक लाख रूपए और भैंस की मांग को लेकर ज्ञान देवी के साथ मारपीट करते थे और कमरे में बंद कर तीन-तीन दिन तक भोजन नहीं देते थे। 19 मई 2017 को ज्ञान देवी को ससुराल में पति अशोक कुमार ने गमछे का फंदा लगाकर खींच दिया। जिससे वह बेहोश हो गयी। जिला अस्पताल लाने पर उसे प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया गया और वहां ज्ञान देवी की मौत हो गयी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी अशोक कुमार पटेल को सात वर्ष कारावास के साथ आठ हजार रूपए अर्थदण्ड से

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

नं0मु0 172/22

नाम फरीकेन राम अवध बनाम चौथी आदि

बनाम

1. चौथी सुतराम गरीब 2. श्रीराम कथित पुत्र राम किशुन 3. बसन्तलाल 4. मनोज कुमार 5. रमेश कुमार 6. सुरेश कुमार 7. संजय कुमार सुतगण राम किशुन 8. प्रदीप कुमार 9. संदीप कुमार 10. शिवम् सुतगण रामलवट समस्त निवासीगण ग्राम ढिंढुई (एकडरिया) प0 व त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0

तारीख पेशी 19.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय पट्टी प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

मु0नं0 3382/2023

नाम फरीकेन मनोरमा सिंह बनाम सुनीता देवी आदि

बनाम

1. सुनीता देवी पत्नी हरिबक्श सिंह 2. प्रेमलता सिंह पत्नी शेर बहादुर सिंह निवासी ग्राम ईशनपुर प0 व त0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 3. गांव सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम ईशनपुर प0 व त0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़

तारीख पेशी 30.12.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.12.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय कक्ष सं0 2 प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

एम सी सी नं0 25/22

नाम फरीकेन कमलेश बनाम दिनेश आदि

बनाम

दिनेश कुमार सिंह पुत्र इन्द्र बहादुर सिंह निवासी ताजपुर कोट प0 बिहार त0 कुण्डा जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 02.01.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 02.01.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज ई0सी0 ऐक्ट महोदय प्रतापगढ़

अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0

अपील नं0 17/2019

नाम फरीकेन अशोक प्रताप सिंह आदि बनाम रानी श्रीमती संगीता सिंह आदि

बनाम

उदय प्रताप सिंह सुत स्व0 राजा पशुपति प्रताप सिंह निवासी दिलीपपुर कोट ग्राम व पोस्ट दिलीपपुर प0 सदर त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 16.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

## ग्रामोदय में जैविक खेती के लिए उपयोगी वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की बताई प्रभावी विधि

**चित्रकूट:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में चल रहे जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती के मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक खेती के लिए उपयोगी वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की प्रभावी विधि बताई गई।

राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र गाजियाबाद के सहायक निदेशक डॉ एके शुक्ला ने एफसीओ विशिष्टता जैव उर्वरक और जैविक उर्वरकों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र गाजियाबाद की वैज्ञानिक डॉ रश्मि सिंह ने पीजीएस इंडिया प्रमाणीकरण से सम्बन्धित जानकारी वर्चुअल माध्यम से शेयर किया। कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो डी पी राय ने प्राकृतिक खेती और सतत् कृषि को रेखांकित किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ पावन सिरोठिया ने मृदा संरक्षण में जैविक खाद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मृदा विज्ञान विषय के शोधार्थी विवेक कुमार सिंह ने राइजोबियम कल्चर का प्रेजेंटेशन किया।

# छेमर सरैया के बच्चो ने जीता खिताब, पुरस्कृत किया गया




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सगरासुंदरपुर ।** बेसिक की जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता में ब्लॉक लक्ष्मणपुर से नेतृत्व करने पहुंची पूर्व माध्यमिक विद्यालय छेमरसरैइया के बच्चों ने शिवगढ़ ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानीगंज के बच्चों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान को काबिज किया।वहीं दूसरे स्थान पर ब्लॉक शिवगढ़ के विद्यालय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानीगंज के बच्चों का दबदबा रहा। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त हुए बच्चों को डीआईओएस सरदार सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत करके उनका उत्साहवर्धन किया। इसमें मुख्य रूप से जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह ,जिला पीटीआई एवं ब्लॉक लक्ष्मणपुर व्यायाम शिक्षक सुशील सिंह,छेमरसरैइया के कोच अर्जुन कुमार ,अमित सिंह ,राघवेंद्र तिवारी ,सुरेश कुमार आदि बहुत से शिक्षक मौजूद रहे।

# फैमिली रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन




**लोकमित्र संवाद**

**लीलापुर-प्रतापगढ़ ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सगरा सुंदरपुर बाजार में बुधवार को बाजार से लगभग 200 मीटर दूरी नेशनल हाईवे पर स्थित पेट्रोल पंप के पास सुप्रसिद्ध जे, के, डी, ढाबा एंड फैमिली रेस्टोरेंट खुल जाने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल नवनिर्मित रेस्टोरेंट ढाबा का उद्घाटन मुख्य अथिति भाजपा मंडल अध्यक्ष समाजसेवी संजय शुक्ला ने किया ने किया।उद्घाटन में आए संभ्रांत लोगों का कहना है कि ढाबा खुल जाने से खाना- खाने वाले शौकीनों को अब दूर तक नहीं जाना पड़ेगा पिछले कई वर्षो से नजदीक नहीं होने से खाना ङ्क खाने के शौकीनों को काफी दूर तक जाना पड़ता था ढाबा रेस्टोरेंट संचालक श्रीकांत दुबे ने बताया कि हमारा, हमेशा से यही प्रयास रहता है कि अच्छी क्वालिटी का भोजन व लोगों को सुविधा दिया जा सके, विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह व प्रधान नितेश सिंह वीरू, रहे इस मौके पर दिनेश दुबे बद्री दुवे, सर्वेश जयसवाल रवि जायसवाल संदीप शुक्ला ,श्याम जी जायसवाल लल्लू पांडेय राहुल जायसवाल कौशलेंद्र जायसवाल सत्येंद्र मिश्रा कप्तान शुक्ला सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दो सगे भाइयों समेत पांच आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**लीलापुर-प्रतापगढ़।** पीड़ित की तहरीर पर दो सगे भाइयों समेत पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज।स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही समर बहादुर वर्मा के लड़के आदित्य वर्मा व आदित्य वर्मा व उनकी की मां तथा समर बहादुर वर्मा की लड़कियां कुसुम व मनीष एक राय होकर मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गये जानकारी होने पर जब मैं पूछने गई तो यह लोग गालियां देते हुए अमादा फौजदारी होते हुए गालियां देने लगे हल्ला ग्वार मचाने पर आसपास के लोगों को आता हुआ देखकर पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए ।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति संशोधित समय सारिणी जारी

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति से सम्बन्धित संशोधित समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों हेतु छात्र स्तर से आनलाइन आवेदन आदि की प्रक्रिया के प्रथम चरण में छात्र/छात्राओं द्वारा छात्रवृत्ति हेतु आनलाइन आवेदन दिनांक 31 दिसम्बर 2023 तक किया जायेगा। दिनांक 19 जनवरी 2024 तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं सलग्न अभिलेखों से समस्त विवरण का शिक्षण संस्थान द्वारा मिलान किया जायेगा एवं आनलाईन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रों का आवेदन निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा।उन्होने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वगे के छात्रों हेतु द्वितीय चरण के सम्बन्ध में बताया है कि दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च तक छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन किया जायेगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चकहिंगुई विकास खण्ड मंझनपुर, जनपद-कौशाम्बी

**निविदा**

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत चकहिंगुई में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 21.12.2023 से प्राप्त एवं दिनांक 27.12.2023 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 28.12.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा। सामाग्री की मात्रा निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | परियोजना का नाम | निविदा हेतु सामाग्री की लागत | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चकहिंगुई | चकहिंगुई बस्ती के तालाब से डामर रोड की पुलिया तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.93 लाख | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | | चकहिंगुई में तालाब से डामर रोड तक नाली निर्माण कार्य | 1.06 लाख | |
| 3 | | चकहिंगुई में नौशाद के घर से डामर रोड तक नाली निर्माण कार्य | 1.82 लाख | |
| 4 | | असार के घर से इमाम बाड़ा होते हुए तालाब तक नाली निर्माण | 2.20 लाख | |
| 5 | | चकहिंगुई में गुलाब सरोज के घर से नईकी के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.11 लाख | |
| 6 | | पक्की रोड़ से अख्तर अंसारी के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.06 लाख | |

मेराज बानो
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–चकहिंगुई
वि0ख0–मंझनपुर, कौशाम्बी

दिनेश पाल
ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत–चकहिंगुई
वि0ख0–मंझनपुर, कौशाम्बी

पत्रांक :मेमो/मनरेगा/निविदा/सामग्री/2023–24 दिनांक 20.12.2023

## कार्यालय नगर पंचायत दारानगर, जनपद-कौशाम्बी

पत्रांक : 1160/न0पं0दा0क0/कौशा0/2023–24 — दिनांक 20.12.2023

**ई–निविदा सूचना**

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या–8/2023/320मु0मं0न0सृ0यो0/नौ–2–2023/1764459 दिनांक 28 नवम्बर 2023 के माध्यम से नगर पंचायत दारानगर–कड़ाधाम कौशाम्बी को प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अथवा नगर पंचायत दारानगर–कड़ाधाम के कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा पेपर में प्रकाशित होने की तिथि | 21.12.2023 | |
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 21.12.2023 | 12.00 बजे अपराहन |
| निविदा डाउनलोड व अपलोड की तिथि | 21.12.2023 से 11.01.2024 समय 12.00 बजे अपरान्ह तक | |
| निविदा खुलने की तिथि | 11.01.2024 | 2.00 बजे अ सेपराहन |

1. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 21.12.2023
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय:– 11.01.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 11.01.2024 को अरपरान्ह 2.00 बजे
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट ीजजचध्धमजमदकमतण्नचण्दपबण्पद पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

वैभव चौधरी
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत दारानगर
कड़ाधाम–कौशाम्बी

रागिनी देवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत दारानगर
कड़ाधाम–कौशाम्बी

9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# सोलह माह से नहीं मिला तदर्थ शिक्षकों को वेतन

## वेतन न मिलने से नाराज शिक्षक बैठे धरने पर



**सुलतानपुर।** जिले में सोलह महीनों से वेतन न मिलने से नाराज उत्तरप्रदेश माध्यमिक तदर्थ शिक्षक संघ सुलतानपुर के लगभग पचास विद्यालय के 191 शिक्षक धरने पर बैठ गए है। इन शिक्षकों का कहना है विगत 15 सालो से जब विद्यालय में कोई शिक्षक उपस्थित नही रहते थे विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य करने के लिए तब तदर्थ शिक्षक सामने आके समाज का अवलोकन किए है। बच्चो को शिक्षा दिए पर हमें पिछले 16 महीनो से वेतन नहीं दिया जा रहा है जिससे शिक्षकों को अब अपने परिवार का जीवकोपार्जन कराने काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जबकि शासन ने अपने शासनादेश में दिनांक 9.11.23 के द्वारा अवशेष वेतन भुगतान करने हेतु एक माह का समय दिया था परन्तु जिला विद्यालय निरीक्षक व लेखाधिकारी सुलतानपुर शासन के आदेश की अनदेखी करते हुए वेतन नहीं पास कर रहे शिक्षकों का कहना है अगल बगल के जिलों में तदर्थ शिक्षकों के वेतन का भुगतान कर दिया गया है। ऐसे में सुलतानपुर जिले के लगभग 50 विद्यालयों के 191 शिक्षकों को परिवार चलाने व बच्चों की पढ़ाई आदि के लिए काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है।

### खेत में बकरी घुसने पर चलाई लाठियां, पांच घायल

**सुल्तानपुर।** खेत में बकरी घुस जाने पर लाठियां चटक गई। दबंगों ने महिला समेत पांच को लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पिटाई का लाइव वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस ने केस दर्जकर तीन आरोपियों का शांति भंग में चालान भी किया है। मामला कोतवाली देहात के वजूपुर गांव का है।

वजूपुर गांव निवासी धनपति पत्नी हरिश्चंद्र निषाद अपने बकरियों को खेत में चरा रही। इसी कड़ी में उसकी बकरी सुनीता के खेत में चली गई। जिस पर सुनीता धनपति से झगड़ने लगी। थोड़े समय में बात बढ़ गई। सुनीत की ओर से राजेंद्र, पिंटू, हरिलाल, राम नारायन, राकेश, मंदीप और अरविंद लाठियां लेकर आए और धनपति को पीटने लगे। उसे पिटता देख हरिश्चंद्र, शीला, नागेश और राज किशोर बचाव में पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी लाठी से मारकर गिरा दिया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर भेजवाया। जहां सभी का इलाज किया गया। इस मामले में पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी। थानाध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तीन आरोपियों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई भी की गई है।

### परिचालक ने किया आत्महत्या का प्रयास, दो माह से नहीं मिला है वेतन

**सुल्तानपुर।** बस स्टेशन पर बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक परिचालक ने यहां आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि साथियों ने उसे इस घटना को कारित करने से बचाते हुए उच्चाधिकारियों से अवगत कराया। मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने जांच पड़ताल की है।दरअस्ल कोतवाली नगर के बस स्टेशन पर आज उस समय अफ्रातफ्री मच गई जब रोडवेज बस का परिचालक प्रिंस कौशल ने बस स्टेशन परिसर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास किया। बस स्टेशन परिसर में मौजूद प्रिंस के अन्य सहयोगी साथियों ने उसे किसी तरह बचाया। आनन-फानन में उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे और परिचालक से जानकारी ली। बताया जा रहा है कि बीते दो महीने से उसे वेतन नहीं मिला था। वही जांच में ये तथ्य भी सामने आया है कि बिना टिकट के मामले में उस पर कार्रवाई की तलवार भी लटक रही थी। परिचालक प्रिंस ने खुद को बेकसूर बताया है।

# भंडारे के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन

## भारी संख्या में लोगों ने दरबार में लगाया अरदास



**गोंडा।** श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवारद्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में मंगलवार को भंडारे और भजन कीर्तन का आयोजन शहर के नगर कोतवाली के सामने श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार द्वारा दि हेरिटेज इन पर किया गया जिसमें भजनों की शुरुआत स्थानीय भजन गायक विशाल श्रीवास्तव ने गणेश वंदना से किया।, आओ अंगना पधारो श्री गणेशजी , राम नाम जपते है मस्ती में रहते है ,और उसके बाद सुधीर सोनी ने गाया%%मन की बाता सांवरियां से आज लगा के देख लें ... बिन पानी के नांव ढेल रहा है जरूरत से ज्यादा दे रहा है ....आदि भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद दिव्यांश कसौधन ने गाया ,मैं हूं तेरा नौकर बाबा हाजरी रोज लगाता हूं । राजा छलिया गुरूप द्वारा श्री राम दरबार, राधाकृष्ण, फूलों की होली, भोले नाथ आदि कई तरह की झांकी दिखाई गई । म्यूजिक में सोमेश मिश्रा म्यूजिकल ग्रुप रहा।भंडारे में बाबा का दरबार लगा हुआ था। भक्त ने जाकर दरबार में अपनी अपनी अरदास लगाई।दरबार में श्री मेंहदीपुर बालाजी धाम से आये गुरूवर श्री अरविन्द शर्मा जी भक्तों की सुनवाई कर रहे थे। भक्त गुरूवर का आर्शीवाद भी लिया।अरदास के लिए जनपद से भारी संख्या में पहुंचे। भंडारे में बलरामपुर, पयागपुर,मोतीगंज, मनकापुर,आदि कई जगहों से बालाजी के भक्त शामिल हुए। निशान यात्रा के शामिल भक्तों का लकी ड्रा कूपन निकाला गया जिसमे तमाम भक्तों को पुरस्कार कमेंटी द्वारा दिया गया। भक्त पुरस्कार पाकर खुश हुए और भक्तों ने कहां कि ये बालाजी का प्रसाद और आर्शीवाद के रूप में मिला है। कार्यक्रम में कमेटी द्वारा अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया।इस कार्यक्रम में सुनील रस्तोगी,अजय कसौधन,बीनू कुशवाहा, शानू कसौधन,गौरव,अभिषेक, सत्यम,वेद प्रकाश सोनी, आलोक सिंह,अमन, विवेक सिंह, चंदन आर्य,अविनाश मोदनवाल,शुभम, प्रतीक टंडन, अंकित मिश्रा, अनुराग शर्मा, प्रखर, रोहित,शिवम सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# किसी गरीब की ठंड से मृत्यु ना हो यह हमारा लक्ष्य है-शियाने हैदरे



**सुल्तानपुर।** शीतलहरी व सर्द हवाओ कड़कती ठंड को देखते हुए अस्पताल रोड गोलाघाट दीवानी चौराहा पंत स्टेडियम जिला हॉस्पिटल आदि जगहों पर मंगलवार देर रात ठंड से परेशान गरीब असहाय निर्धन लोगों को शियाने हैदर ए करार वेलफेयर असोसिशन ने देर रात इन जगहों पर सोए हुए लोगों के बीच पहुंच कंबल खाना पानी गर्म कपड़े वितरण किया। ठंड से कपकपा रहे लोगों को जब रात में अचानक ये सारी चीजे मिली तो ये लोग खुश हो गए और संस्था के लोगों को बहुत सारी दुआ भी लोगो ने दिया। इसी तरीके से संस्था ने यह फैसला किया है कि मुसलसल एक महीने इसी तरीके देर रात निकाल कर तमाम इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद किया जाएगा। एसोसिएशन के लोगों ने कंबल वितरण कर खुले आसमान के नीचे रात गुजारने गरीबों को यह एहसास दिलाया कि समाज में मानवता खत्म नहीं हुई है। ये जानकारी शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिलशाद हुसैन ने दी।

अग्नि पीड़ितों की मदद को नहीं पहुंचे जनप्रतिनिधि, निषाद समुदाय ने मदद का उठाया बीड़ा

सुलतानपुर। निषाद परिवार के दो घरों की गृहस्थी आग में जलकर खाक हो गई। जनप्रतिनिधि से लेकर अधिकारी तक चार दिनों में मदद को आगे नहीं आए तो खुद निषाद समुदाय ने मदद का बीड़ा उठाया। चंदा करके दोनों परिवारों को करीब ₹13,500 की मदद दी गई।

दरअस्ल बीते 17 दिसंबर को सैदपुर गांव में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग में गांव निवासी मंहगू निषाद एवं चंद्र बहादुर निषाद दो परिवारों की घर-गृहस्थी का सारा सामान राख में बदल गया था। जिससे काफी मात्रा में नुकसान हुआ था।ठंड के मौसम में असहाय निर्धन परिवार पर आई विपदा को देखकर निषाद समुदाय के समाज सेवियों, शुभचिंतको एवं नेताओं द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से आर्थिक संग्रह कर अग्निपीड़ित परिवारों की आर्थिक सहायता की गयी। प्रधान भोए योगेश निषाद ने बताया कि महंगू निषादके परिवार को ₹11,000 औरचंद्र बहादुर निषाद के परिवार को ₹2,500 की मदद दी गई। वही ग्रामीणों का कहना है कि जनता जिन्हें चुनती है, अपना नेता मानती है, जिला पंचायत, विधायक, सांसद वे सभी निषाद समुदाय के गांवों में ऐसी आपदाओ पर न तो स्वयं पहुंचते हैं ना उनका कोई प्रतिनिधि आता है। न ही उनके द्वारा मदद की जाती है और न ही इन बस्तियों में उनके द्वारा कोई विकास कार्य किया जाता है। इस प्रकार उपेक्षा की स्थिति में निषाद समुदाय द्वारा की गयी आर्थिक मदद पीड़ित परिवारों के लिये स्वतः सराहनीय व लाभदायक सिद्ध हुई है।

# आगामी तहसील (25 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक) व जनपद स्तरीय (01 से 05 जनवरी, 2024 तक) 'संस्कृति उत्सव-2023' का होगा आयोजन

## जनपद के सभी इच्छुक प्रतिष्ठित कलाकार प्रतियोगिता में कर सकते हैं प्रतिभाग

**सुल्तानपुर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के अन्तर्गत आगामी 'संस्कृति उत्सव-2023' मनाया जाना प्रस्तावित हुआ है, जिसकी तिथियां निम्नलिखित हैंः- गॉव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता (25 से 30 दिसंबर, 2023 तक) मनाया जाना प्रस्तावित हुआ है। तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता अर्थात् जनपद स्तरीय कार्यक्रम (01 से 05 जनवरी, 2024 तक) जनपद मुख्यालय पर किया जाना प्रस्तावित है। जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता (10 से 15 जनवरी, 2024 तक) मण्डलीय मुख्यालय पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

इसी प्रकार मण्डल स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता (20 से 21 जनवरी, 2024 तक) प्रदेश की राजधानी मुख्यालय, लखनऊ में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों का पूर्वाभ्यास (दिनांक 23 जनवरी, 2024) को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। ''उत्तर प्रदेश पर्व'' के अवसर पर अंतिम रूप से चयनित सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां, सम्मान एवं पुरस्कार (24 से 26 जनवरी, 2024 तक) लखनऊ में आयोजित किये जाने हेतु प्रस्तावित है।

उक्त प्रतियोगिता में जनपद के सभी इच्छुक प्रतिष्ठित कलाकारों जैसे- किन्नर समाज, दिव्यांगजन समाज, व्यापार मण्डल, औद्योगिक क्षेत्र के संगठनों, शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों आदि से प्रतिभाग कर सकते हैं। समस्त प्रतिभागी निम्नलिखित विधाओं में प्रतिभाग कर सकते हैं जैसे- गायन-शास्त्रीय गायन, ख्याल, ध्रुपद, उपशास्त्रीय गायन-ठुमरी, दादरा, चैती, चैता, झूला, होरी, टप्पा, लोक गायन-कजरी, चैती, झूला, बिरहा, आल्हा, निर्गुण, लोकगीत, कव्वाली आदि, सुगम संगीत-गीत गजल भजन, देशभक्ति गीत एवं अन्य, वादन- स्वर वाद्य सुषिर वाद्य बांसुरी, शहनाई, हारमोनियम तन्तु वाद्य सितार, वायलिन, गिटार, सारंगी, वीणा वादन आदि ताल वाद्य तबला, पखावज, दक्षिणी भारतीय मृदंगम, घटम आदि, जनजाति वाद्य यंत्र/लोक वाद्य, डफला, नगाड़ा, दुक्कड़, मादल, शहनाई, ढोल-ताशा, ढ़ोलक, नाल, चिमटा, हुड़का, सिंघा आदि, नृत्यः- कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, मोहिनी अट्टम तथा अन्य शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य-धोबिया, अहिरवा, करमा, शैला, डोमकच, आखेट नृत्य तथा अन्य जातीय नृत्य आदि, लोक नाट्य-नौटंकी, रामलीला, रासलीला, स्वांग, भगत, बहुरूपिया, नुक्कड़ नाटक सहित आदि है।

'संस्कृति उत्सव-2023' में प्रतिभाग करने की नियम व शर्ते निम्नवत हैंः- सभी प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिये, जिसके लिये प्रतिभागी का आधार कार्ड मानक होगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु सम्बन्धित जनपद का निवासी अपने ही जनपद के क्षेत्रान्तर्गत प्रतियोगिता स्थलों पर प्रतिभाग कर सकता है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। ऑनलाइन पंजीकरण संस्कृति विभाग द्वारा निर्धारित पोर्टल पर किया जायेगा। एक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में प्रतिभाग कर सकता है। प्रतिभागी कलाकार दलनायक के रूप में अपने सभी सहयोगी कलाकारों का सम्पूर्ण विवरण यथा- नाम, पता, आधार कार्ड, मोबाइल नं0, पासपोर्ट साइज की दो फोटो अलग से प्रस्तुत करेंगे। यदि कोई कलाकार अन्य किसी दल के साथ सहभागिता करेगा, तो उस कलाकार को दूसरे दल नायक के रूप में शामिल नहीं किया जायेगा। सभी कलाकारों को संगत कलाकार व वाद्ययंत्रों की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। देश भक्ति गीत, लोकगीत, लोकनृत्य, जनजातीय नृत्य एवं लोकवाद्य में केवल समूह प्रस्तुतियां होगी, अन्य सभी विधाओं में सिर्फ एकल प्रस्तुतियां होगी। सभी प्रतिभागी कलाकार एकल प्रस्तुति के अतिरिक्त सिर्फ एक समूह प्रस्तुति में भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी कलाकारों के साथ संगत कर रहे संगतकार एक से अधिक दल के साथ संगत कर सकते हैं, लेकिन एक ही दल के साथ संगत करने वाले दलनायक को अतिरिक्त अंक दिये जायेंगे। प्रस्तावित विधाओं के अतिरिक्त कोई अन्य प्रस्तुति मान्य नहीं होगी। देशभक्ति समूह गीत प्रस्तुति के दौरान प्रतिभागी अपने नियत स्थान पर ही बने रहेंगे और जब निर्णायक मंडल उन्हें निर्देशित करेगा, तो वह अपनी पूर्व स्थिति में जा सकेंगे। शास्त्रीय नृत्य एवं लोकनृतय में उस विधा से सम्बन्धित मान्य वेश-भूषा अनिवार्य है। समूह प्रस्तुतियों हेतु भी गणवेश अनिवार्य है। वेश-भूषा का निर्धारण पृथक से सूचित किया जायेगा। सभी प्रस्तुतियां पारपंरिक और मर्यादित होनी चाहिये अन्यथा निर्णायक मण्डल द्वारा प्रस्तुति निरस्त की जा सकती है। प्रतिभागी/प्रतिभागी दल को अपनी प्रस्तुति से पूर्व प्रस्तुति का संक्षिप्त विवरण लिखित रूप में निर्णायक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है। किसी राजनैतिक दल, धर्म, संप्रदाय, जाति या व्यक्ति की भावनाओं को आहत करने वाली प्रस्तुतियां पूर्णतया प्रतिबंधित होगी। एकल या समूह नृत्य में अग्निवर्धक व दुर्घटनाकारी सामग्रियों का प्रयोग प्रतिबंधित है। 'संस्कृति उत्सव-2023' कार्यक्रम से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिये जिला पंचायत परिसर स्थित जिला सूचना कार्यालय, सुलतानपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

# गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में चार चरणों में निशुल्क मिलेगा दाखिला

## 20 जनवरी से 18 फरवरी तक प्रथम चरण में होगा ऑनलाइन आवेदन

**बलरामपुर।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत अलअभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा 1 से आठवीं तक शैक्षिक सत्र 2024 25 के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। बेसिक शिक्षा निदेशालय से इस बार शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए गरीब बच्चों को आवेदन करने की चार तिथियां निर्धारित की गई है जो चरणबद्ध तरीके से निर्धारित की गई है।




छात्रों को आवेदन करने की पहली तिथि 20 जनवरी 2024 से 18 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है इन आवेदनों का सत्यापन एवं लाक करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 की गई है वहीं लॉटरी निकालने की तिथि 26 फरवरी 2024 निश्चित है बच्चों को बेसिक शिक्षा अधिकारी से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में प्रवेश करने की तिथि 6 मार्च 2024 निर्धारित की गई है इसी क्रम में द्वितीय चरण का आवेदन 1 मार्च 2024 से 30 मार्च 2024 तक होगा सत्यापन एवं लॉक करने की तिथि 1 अप्रैल 2024 से 7 अप्रैल 2024 लॉटरी निकालने की तिथि 8 अप्रैल 2024 एवं विद्यालयों में प्रवेश के लिए 17 अप्रैल 2024 निर्धारित किया गया है तृतीय चरण का ऑनलाइन आवेदन 15 अप्रैल 2024 से 8 में 2024 सत्यापन एवं लॉक करने का समय 9 में 2024 से 15 में 2024 तक लॉटरी निकालने की तिथि 16 में 2024 एवं स्कूलों में प्रवेश के लिए 23 में 2024 निर्धारित किया गया है चतुर्थ चरण का ऑनलाइन आवेदन 1 जून 2024 से 20 जून 2024 तक चलेगा 21 जून 2024 से 27 जून 2024 तक सत्यापन एवं लॉक की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है 28 जून 2024 को लॉटरी निकल जाएगा 7 जुलाई 2024 को स्कूलों में दाखिला बच्चों को दिलाया जाएगा

> निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2008 के तहत अलअभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक से पूर्व प्राथमिक कक्षा में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन चार चरणों में करने होंगे इन्हीं चरणों के बाद उनका सत्यापन के बाद स्कूलों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा उसके बाद निर्धारित चार चरण में छात्रों को संबंधित स्कूलों में दाखिला दिलाया जाएगा।
>
> **कल्पना देवी**
> **बीएसए**

बेसिक शिक्षा विभाग से यह सुविधा उन बच्चों को दी गई है जो गरीब एवं अलअभित समूह के अंतर्गत आते हैं इन बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिले के लिए 25त्न सीट आरक्षित किए गए हैं यह व्यवस्था निशुल्क एवं अनिवार बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत किया गया है ।

### जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम 27, 28 व 29 दिसम्बर को होगा आयोजित

**सुल्तानपुर।** भारत/राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित आपदाओं से बचाव के सम्बन्ध में विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन राजस्व अनुभाग-10 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) मनोज कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक 01.12.2023 को समिति की बैठक की गयी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम माह दिसम्बर की 27, 28 एवं 29.12.2023 में कराये जाने हेतु शिक्षा विभाग (बेसिक शिक्षा) की ओर से 1475 अध्यापक तथा जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से 185 शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्धारित तिथियों में प्रशिक्षण लिये जाने हेतु निर्णय लिया गया।

# रोडवेज बस कर्मियों सहित चालक परिचालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

## परिवहन विभाग में 50 कर्मचारियों का कराया नेत्र परीक्षण



**बलरामपुर।** परिवहन विभाग के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत रोडवेज बस स्टेशन पर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया शिविर में निगम के चालक परिचालक अतिरिक्त प्राइवेट वाहन चालक एवं परिचालकों सहित यातायात पुलिस कर्मियों का नेत्र परीक्षण किया गया । शिविर में करीब 50 चालक परिचालकों सहित कर्मचारियों का नेत्र परीक्षण किया गया।

परिवहन निगम कार्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा के प्रति सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद कुमार यादव के नेतृत्व वाली टीम ने लोगों को जागरूक किया है यातायात नियमों से संबंधित हैंड बिल पंपलेट आदि का वितरण किया गया लोगों से यातायात नियमों के पालन की अपील की गई वाहन चलाते समय हेलमेट सीट बेल्ट प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर अरविंद कुमार यादव नेत्र साजन डॉक्टर सुबोध सिंह नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉक्टर टीपी यादव सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम बीके वर्मा यातायात अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे हैं

# प्रोग्राम "खेलो इंडिया" के तहत खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** बल्दीराय क्षेत्र के पारा बाजार में आयशा पब्लिक स्कूल में थाना प्रभारी बल्दीराय आर बी सुमन ने ÷खेलो इंडिया÷ के तहत फीता काट कर शुभारम्भ किया और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे भारत के भविष्य है, इन्ही बच्चों से नए भारत का निर्माण होगा।

विद्यालय प्रबंधक मो0 इमरान खान ने बताया कि खेल प्रतियोगिता के तहत वैड मिंटल, कबड्डी, खो-खो, टैग ऑफ वार, स्लो साइकिलिंग, लंबी कूद, सैक रेस, लम लेग, फ्रॅग जम्प, रेस, म्यूज़िकल चेयर गेम आदि खेलो का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मुश्ताक खान, प्रिंसीपल राजेश मौर्या, वाईस प्रिंसीपल तस्लीम बानो, अनुभव सिंह, पूनम वर्मा, जवेरिया सिद्दीकी, हेम लता, कृष्ण राम राव, नाजरीन बानो, साधना गुप्ता, शहर बानो, शिफा सिद्दीकी, सृष्टि सिंह, फिरदौस जहां आदि उपस्थित रहे।

# शिव प्रताप हेड बॉय, हुदा बनी हेड गर्ल,स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी - मनीष सिंह

**बलरामपुर।** उतरौला नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लोकतांत्रिक तरीके से बच्चो को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की जानकारी दी गई। कक्षा 5 से लेकर इंटर तक के बच्चों का क्लास मॉनिटर, स्कूल हेड बॉय और हेड गर्ल का चुनाव विद्यालय के अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता मुख्य चुनाव नियंत्रक व शेष राम साहू उपचुनाव नियंत्रक के संरक्षण में संपन्न हुआ।

स्कूल हेड बॉय के चुनाव में कक्षा ग्यारह के छात्र शिव प्रताप यादव विजई रहे व स्कूल हेड गर्ल के चुनाव में कक्षा ग्यारह की छात्रा हुदा विजई रही। कक्षा मॉनिटर पद के लिए बालक वर्ग में कक्षा 5 ए से राजकुमार कक्षा 5बी से अबु हुरैरा कक्षा 6ए से असुतोष कक्षा 6 बी से तौफीक कक्षा 7 ए से इब्राहिम कक्षा 7 बी से शुभम और कक्षा 8 से हसरत अली विजई घोषित हुए ।बालिका वर्ग में कक्षा 5 ए से प्रिया कक्षा 5 बी से फिजा कक्षा 6 ए से रमसा कक्षा 6 बी से तपस्या कक्षा 7 ए से आर्या कक्षा 7 बी से उमामा तथा कक्षा 8 से मिस्बाह विजय घोषित हुई। विजय हुए स्कूल हेड बॉय और हेड गर्ल तथा सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा कि कक्षा मॉनिटर क्लास के अंदर सीखने के अनुकूल माहौल को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वह छात्रों व शिक्षक के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हैं बौद्धिक विकास के लिए अनुकूल सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देता हैं।



क्लास मॉनिटर छात्रों की चिंताओं और सुझावों को शिक्षक तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं और अपने साथियों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता हैं। कक्षा मॉनिटर से विश्वसनीयता, सत्यनिष्ठा और जिम्मेदारी जैसे नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन करने की अपेक्षा की जाती है। मॉनिटर अक्सर सहपाठियों के बीच छोटे-मोटे विवादों में मध्यस्थता भी करते हैं और विवादों को निष्पक्ष और सम्मानजनक तरीके से सुलझाने में मदद करते हैं। संघर्ष समाधान में उनकी भूमिका कक्षा में सकारात्मक और सहयोगात्मक माहौल बनाए रखने में महत्वपूर्ण है। विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने लोकतांत्रिक तरीके से हुए इस चुनाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा भारत देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है लोकतांत्रिक तरीके से बैलेट पेपर के माध्यम से क्लास मॉनिटर और स्कूल हेड व बॉय हेड गर्ल का चुनाव कराने का मकसद सिर्फ इतना है कि हमारे विद्यालय के बच्चे लोकतंत्र को बखूबी समझे कि किस प्रकार से लोकतंत्र में हम लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करके एक अच्छे नेता को चुन सकते हैं और एक भ्रष्ट और दागदार नेता को किस प्रकार से अपने मतदान का उपयोग करते हुए उसे उसके पद से हटा सकते हैं।

# राज्यपाल ने जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदी महिलाओं से किया संवाद



**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद महिलाओं से वार्ता की। इसके बाद आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया।

साथ ही जगदुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल ने बुधवार को जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में राजकीय महाविद्यालय की 40 की छात्राओं को महिला बंदियों से संवाद कर किन परिस्थितियों में उनसे अपराध हुआ, उनकी पारिवारिक दशा क्या है, अपराध करने के बाद उन पर क्या प्रभाव पड़ा, जेल में उनके स्वास्थ्य सुधार और पुनर्वास की क्या व्यवस्थाएं हैं। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने छात्राओं और महिला बंदियों से संवाद किया, उनके अनुभव जाने। राज्यपाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से महिलाओं के प्रति अपराध रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर न्याय समितियां गठित करने की बात को कहा। उन्होंने कारागार में निरुद्ध सभी महिलाओं से कारागार में किसी भी प्रकार की समस्या न होने, सभी प्रकार की अनुमन्य सुविधाएँ मिलने, उनके बच्चों को पौष्टिक आहार मिलने की बात कही। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि डिग्री कॉलेज की छात्राओं के साथ समय-समय पर महिलाओं का संवाद होता रहे व उनके साथ रस्सा कसी, म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं कारागार में कराई जाएं। उन्होंने पाकशाला का भी भ्रमण किया। रसोई में बन रहे भोजन को देखा। पाकशाला की स्वच्छता और भोजन की प्रशंसा की गई। कारागार निरीक्षण से पूर्व सभी महिलाओं को नई साड़ियाँ, स्वेटर, चप्पले और उनके बच्चों को गर्म कपड़े, खिलौने, चॉकलेट उनके लिए कुर्सियां दी गयीं। कारागार के विद्यालय में महिला बंदियों की शिक्षा के लिए 65 इंच का एक स्मार्ट बोर्ड और महिला बंदियों के स्नान के लिए गीजर उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही केन्द्र गोद भराई भी की। इसके बाद उन्होंने जगदुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने शाम के समय रामघाट में गंगा आरती भी की। इस मौके पर मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी, पुलिस महानिरीक्षक कारागार राजेश कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला,

## बंटवारे का मामला विचाराधीन होने के बावजूद भी हो रहा निर्माण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के देवखरपुर गांव में बंटवारे का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद भी दबंगो द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है विरोध करने दबंगो द्वारा धमकी दी जा रही है पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है । सिराथू तहसील क्षेत्र के देवखरपुर गांव के लालता प्रसाद पुत्र राम सूरत ने एसडीएम सिराथू को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से बताया की भूमि उसकी भूमि का बंटवारे का मामला तहसील न्यायालय में विचाराधीन है बावजूद इसके विपक्षी अवैध निर्माण करा रहा है विरोध करने पर गाली गलौच व धमकी देता है , पीड़ित ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

# क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मैहर ने कानपुर को हराया



**चित्रकूट:** राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति पर चित्रकूट स्पोर्ट क्लब कर्वी एवं दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा आयोजित किए जा रहे राष्ट्र स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट चित्रकूट चैलेंज कप 2023 के पूल बी पहले क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश की कानपुर एवं मध्य प्रदेश की मैहर के बीच मुकाबला खेला गया। मैच के पूर्व विभागाध्यक्ष विज्ञान संकाय महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय डॉ आईपी त्रिपाठी, प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाल ग्रामोदय विद्यालय अंशुमान पाठक, गुरुकुल शंकुल प्रभारी संतोष मिश्रा एवं शैक्षणिक प्रभारी कालिका प्रसाद श्रीवास्तव ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ कराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैहर ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 122 रन बनाए। जिसमें रुणेन्द्र सिंह ने 27, अनुराग ने 24, उमेश ने 17 रनों का योगदान दिया। कानपुर की ओर से नरेंद्र को तीन जबकि राजीव एवं ओम को दो-दो विकेट प्राप्त हुए। 123 रनों के लक्ष्य को प्राप्त करने उतरी कानपुर की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट खोए और 17 ओवर में केवल 98 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कानपुर की ओर से आकाश सिंह ने 31 और मोहम्मद अजहर ने 18 रनों का योगदान दिया। मैहर की ओर से आकर्ष सिंह को तीन जबकि कृष्णम और रूणेंद्र को दो-दो विकेट प्राप्त हुए। रूणेन्द्र को मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस प्रकार मैहर ने 24 रनों से यह मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जहां उसका मुकाबला कल नोएडा एवं चित्रकूट की टीम के बीच खेले जाने वाले मुकाबले की विजेता टीम से 22 दिसम्बर को होगा। आज के मैच के अंपायर राधेश्याम वाघमारे एवं आलोक सिंह, कमेंटेटर आदित्य सोनी, सर्वेश निगम, स्कोरर हर्षित परौहा रहे। इस मौके पर रमाकांत कुशवाहा, रवि पाल, राहुल पाल, अमित विक्रम आदि मौजूद रहे।

# आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बनकर प्रतिमा ने रोशन किया क्षेत्र का नाम



**चित्रकूट:** समाज में दहेज के लिए बेटियों को प्रताड़ित किया जाता है, लेकिन ऐसे भी परिवार हैं जो बहू को बेटी मानकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जिला मुख्यालय की प्रतिमा त्रिपाठी ने शादी के बाद पति और सास-ससुर के प्रोत्साहन और अपनी खुद की मेहनत से अपनी पढ़ाई जारी रखी है और आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बनकर घरेलू महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हैं। वह अपनी कामयाबी का श्रेय सास-ससुर और पति को देती हैं।

पकौवा देवी संस्कृत महाविद्यालय मानिकपुर के प्राचार्य एवं सरैया निवासी स्व राममिलन त्रिपाठी की बेटी प्रतिमा शुरू से ही पढ़ने में होशियार थी। उन्होंने अपनी पढ़ाई आदर्श इण्टर कॉलिज मानिकपुर से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने गवर्नमेंट आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलिज जबलपुर से बीएएमएस किया। इसके बाद पिता ने प्रतिमा की शादी कर्वी के हरिकृष्ण मिश्र के साथ कर दी। जहां ससुराल में भी पढ़ाई जारी रखने के लिए ससुरालीजनों ने प्रोत्साहित किया। जिसके बाद प्रतिमा परिश्रम से सफलता का परचम लहरा दिया और अपने पहले ही प्रयास में यूपी लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण कर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी बन गई। उनके अफसर के पद पर चयन होने पर उनके परिवार व पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। प्रतिमा अपनी कामयाबी का श्रेय अपने सास-ससुर, पति और अध्यापकों को देती हैं। उनकी प्रेरणा के श्रोत उनके ससुर लवकुश मिश्रा हैं, जो बैंक अधिकारी के पद से सेवानिवृत होने के बाद अपनी बहू के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। वर्तमान समय में प्रतिमा फर्रुखाबाद मेडिकल कॉलिज से मास्टर ऑफ सर्जरी (एमएस) की तैयारी कर रही हैं। गृहणियों के लिए प्रेरणा श्रोत बनी प्रतिमा का कहना है कि शिक्षा में ही विकास का मूल व्याप्त है। शिक्षा एक ऐसा यंत्र है, जो सभी को जीवन में आगे बढ़ने और कामयाब होने के साथ ही जीवन में कठिनाइयों और चुनौतियों पर जीत प्राप्त करने की क्षमता देती है। इसलिए सभी को परिश्रम से पीछे नहीं हटना चाहिए। पूरा समाज डॉ प्रतिमा और उनके परिवार की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर ओरोपी पति को सजा

**चित्रकूट:** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आठ हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि बांदा जिले के फतेहगंज थाने के लगनहाई निवासी प्रेमसिंह पटेल पुत्र लोटन पटेल ने बीती 26 मई 2017 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रेम सिंह के अनुसार उसने अपनी बहन ज्ञान देवी की शादी मुकुंद पुर महादेवन गांव के निवासी अशोक कुमार पटेल के साथ बीती 29 मई 2014 को की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन ज्ञान देवी का दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे। एक लाख रूपए और भैंस की मांग को लेकर ज्ञान देवी के साथ मारपीट करते थे और कमरे में बंद कर तीन-तीन दिन तक भोजन नहीं देते थे। 19 मई 2017 को ज्ञान देवी को ससुराल में पति अशोक कुमार ने गमछे का फंदा लगाकर खींच दिया। जिससे वह बेहोश हो गयी। जिला अस्पताल लाने पर उसे प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया गया और वहां ज्ञान देवी की मौत हो गयी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी अशोक कुमार पटेल को सात वर्ष कारावास के साथ आठ हजार रूपए अर्थदण्ड से

## ग्रामोदय में जैविक खेती के लिए उपयोगी वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की बताई प्रभावी विधि

**चित्रकूट:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में चल रहे जैविक खेती तथा प्राकृतिक खेती के मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक खेती के लिए उपयोगी वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की प्रभावी विधि बताई गई।

राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र गाजियाबाद के सहायक निदेशक डॉ एके शुक्ला ने एफसीओ विशिष्टता जैव उर्वरक और जैविक उर्वरकों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। राष्ट्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र गाजियाबाद की वैज्ञानिक डॉ रश्मि सिंह ने पीजीएस इंडिया प्रमाणीकरण से सम्बन्धित जानकारी वर्चुअल माध्यम से शेयर किया। कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो डी पी राय ने प्राकृतिक खेती और सतत् कृषि को रेखांकित किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ पावन सिरोठिया ने मृदा संरक्षण में जैविक खाद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मृदा विज्ञान विषय के शोधार्थी विवेक कुमार सिंह ने राइजोबियम कल्चर का प्रेजेंटेशन किया।

# घर में धाबा मारकर अनुसूचित जाति के युवक की हत्या करने के मामले में पांच हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

**चित्रकूट:** ठेकेदारी के काम में ट्रैक्टर लगाने के विवाद में अनुसूचित जाति के युवक की हत्या के मामले में न्यायालय ने पांच हत्यारोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 21 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन अधिकारी शशिकान्त यादव ने बताया कि बीती 2 जनवरी 2022 को सपहा गांव के निवासी किशोर उर्फ रामकिशोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। षिकायतकर्ता के अनुसार रामराज वर्मा (35) पुत्र हरीवा ठेकेदार थे। वह गांव में ही काम करा रहे थे कि लौढिया खुर्द निवासी विनय और छिपनी निवासी विजयबहादुर नशे में धुत होकर वहां पहुंचे और ठेकेदारी के काम में अपना ट्रैक्टर लगाने को कहा। इस पर रामराज ने यह कहकर इंकार कर दिया कि उसके पास ट्रैक्टर है। इस पर दोनों ने रामराज की जेसीबी, ट्रैक्टर आदि में आग लगाने की धमकी दी। रामराज ने उनसे नशे में होने की वजह से बाद में बात करने को कहा। इसके बाद रात लगभग नौ बजे दोनों गांव के ही अजीत पटेल, सुधीर पटेल, अरुण तिवारी आदि उनके घर पहुंचे। वहां इन लोगों ने जमकर उपद्रव किया। जेसीबी, जीप आदि वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और जबरिया घर के अंदर घुस गए। लाठी-डंडों और हाकियों आदि से सभी को जमकर पीटा। रामराज को पाकर उसकी इतनी पिटाई की कि वह मरणासन्न हो गया और जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वारदात में पड़ोस में रहने वाली महिला श्रमिक पूजा और सीमा को भी गंभीर चोटें आई। पूजा का हाथ टूट गया। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी अजीत पटेल, सुधीर पटेल, अरूण तिवारी, विनय सिंह व विजयबहादुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक को 21 हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चकहिंगुई विकास खण्ड मंझनपुर, जनपद-कौशाम्बी

**निविदा**

महात्मा गाँधी नरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में ग्राम पंचायत चकहिंगुई में निम्नलिखित परियोजना की निविदा आमंत्रण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उक्त के अनुपालन में कार्यहित में निविदा आमंत्रण मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित परियोजनाओं पर सामाग्री की आवश्यकता है। सम्बन्धित फर्म जो डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता फर्म का टिन नम्बर/जी0एस0टी0 नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 21.12.2023 से प्राप्त एवं दिनांक 27.12.2023 तक निर्धारित शुल्क मु0 200/रू0 ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा दिनांक 28.12.2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति में निविदा फार्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार निविदा समिति के पास सुरक्षित होगा। सामाग्री की मात्रा निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | परियोजना का नाम | निविदा हेतु सामाग्री की लागत | सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चकहिंगुई | चकहिंगुई बस्ती के तालाब से डामर रोड की पुलिया तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 2.93 लाख | सामग्री प्राक्कलन के अनुसार |
| 2 | | चकहिंगुई में तालाब से डामर रोड तक नाली निर्माण कार्य | 1.06 लाख | |
| 3 | | चकहिंगुई में नौशाद के घर से डामर रोड तक नाली निर्माण कार्य | 1.82 लाख | |
| 4 | | अंसार के घर से इमाम बाड़ा होते हुए तालाब तक नाली निर्माण | 2.20 लाख | |
| 5 | | चकहिंगुई में गुलाब सरोज के घर से नईकी के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 3.11 लाख | |
| 6 | | पक्की रोड़ से अख्तर अंसारी के घर तक नाली निर्माण कार्य | 1.06 लाख | |

**मेराज बानो**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–चकहिंगुई
वि0ख0–मंझनपुर, कौशाम्बी

**दिनेश पाल**
ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत–चकहिंगुई
वि0ख0–मंझनपुर, कौशाम्बी

पत्रांक :मेमो/मनरेगा/निविदा/सामग्री/2023–24 दिनांक 20.12.2023



## कार्यालय नगर पंचायत दारानगर, जनपद-कौशाम्बी

पत्रांक : 1160/न0पं0दा0क0/कौशा0/2023–24 दिनांक 20.12.2023

**ई–निविदा सूचना**

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या–8/2023/320मु0मं0न0सृ0यो0/नौ–2–2023/1764459 दिनांक 28 नवम्बर 2023 के माध्यम से नगर पंचायत दारानगर–कड़ाधाम कौशाम्बी को प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अथवा नगर पंचायत दारानगर–कड़ाधाम के कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा पेपर में प्रकाशित होने की तिथि | 21.12.2023 | |
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 21.12.2023 | 12.00 बजे अपराहन |
| निविदा डाउनलोड व अपलोड की तिथि | 21.12.2023 से 11.01.2024 समय 12.00 बजे अपरान्ह तक | |
| निविदा खुलने की तिथि | 11.01.2024 | 2.00 बजे अ सेपराहन |

1. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 21.12.2023
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः– 11.01.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 11.01.2024 को अरपरान्ह 2.00 बजे
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट ीजजचध्मजमदकमतण्नचण्दपबण्पद पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**वैभव चौधरी**
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत दारानगर
कड़ाधाम–कौशाम्बी

**रागिनी देवी**
अध्यक्ष
नगर पंचायत दारानगर
कड़ाधाम–कौशाम्बी



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नं0मु0 172/22
नाम फरीकेन राम अवध बनाम चौथी आदि
बनाम
1. चौथी सुतराम गरीब 2. श्रीराम कथित पुत्र राम किशुन 3. बसन्तलाल 4. मनोज कुमार 5. रमेश कुमार 6. सुरेश कुमार 7. संजय कुमार सुतगण राम किशुन 8. प्रदीप कुमार 9. संदीप कुमार 10. शिवम् सुतगण रामलवट समस्त निवासीगण ग्राम ढिढुई (एकडरिया) प0 व त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 19.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय पट्टी प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
मु0नं0 3382/2023
नाम फरीकेन मनोरमा सिंह बनाम सुनीता देवी आदि
बनाम
1. सुनीता देवी पत्नी हरिबक्श सिंह 2. प्रेमलता सिंह पत्नी शेर बहादुर सिंह निवासी ग्राम ईशनपुर प0 व त0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 3. गांव सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम ईशनपुर प0 व त0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.12.2023

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.12.2023 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


दण्डित किया गया।


(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज महोदय कक्ष सं0 2 प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
एम सी सी नं0 25/22
नाम फरीकेन कमलेश बनाम दिनेश आदि
बनाम
दिनेश कुमार सिंह पुत्र इन्द्र बहादुर सिंह निवासी ताजपुर कोट प0 बिहार त0 कुण्डा जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 02.01.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 02.01.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम



(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज ई0सी0 ऐक्ट महोदय प्रतापगढ़
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
अपील नं0 17/2019
नाम फरीकेन अशोक प्रताप सिंह आदि बनाम रानी श्रीमती संगीता सिंह आदि
बनाम
उदय प्रताप सिंह सुत स्व0 राजा पशुपति प्रताप सिंह निवासी दिलीपपुर कोट ग्राम व पोस्ट दिलीपपुर प0 सदर त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 16.02.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.02.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


# गरीब परिवारों के बीच वितरित किए गए कम्बल



**चित्रकूट ब्यूरो:** शीत लहर के दृष्टिगत प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम के प्रथम चरण में मौकामगढ़ के जरूरतमंदों को कम्बल वितरण कराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया गया।

प्रमुख द्वार के महन्त मदनदास महाराज ने नवीन नगर परिषद भवन चित्रकूट में मौकमगढ़ गांव के आदिवासी निराश्रित, दिव्यांगों, बृद्धों को कम्बल वितरित किये। साथ ही जन जागरूकता के तहत शिक्षा एवं स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा विगत पच्चीस वर्षों से पीड़ितों एवं जरुरतमंदों के लिए ऐसे परमार्थ के कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि इनके द्वारा गर्मी में राहगीरों के लिए शीतलपेय जल उप्लब्ध कराने के लिए वाटर कूलर एवं सर्दियों में कम्बल एवं ऊनी वस्त्र जरुरतमंदों को समय समय पर दिए जाते है। दिगम्बर अखाड़ा के महन्त दिव्य जीवनदास ने कहा कि पायनियर्स क्लब द्वारा यह परमार्थ का मानवीय कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्व संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से सरकारी या गैर सरकारी अनुदान लिए बिना सदस्यों के आपसी सहयोग से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम किये जाते है। इसी क्रम में आज मौकमगढ़ के आदिवासियों को कम्बल वितरित किये गए है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजकर अच्छी शिक्षा जरूर दिलाये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चित्रकूट नगर परिषद की अध्यक्ष साधना पटेल ने कहा कि संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्य से बहुत कुछ सीखने और करने के लिए प्रेरणा मिलती है।

इस मौके पर मत्यगेंद्रनाथ ट्रस्ट के संचालक प्रदीप तिवारी, भगवतभूषण बृजेन्द्र शास्त्री, नगर परिषद चित्रकूट सीएमओ विशाल सिंह, पार्षद विनीत त्रिपाठी, राजू त्रिपाठी, सिद्धान्त त्रिवेदी, सालिकराम, डॉ राजकुमार तिवारी, पायनियर्स क्लब के महेन्द्र केशवानी, अशोक द्विवेदी, डॉं श्रीराम अग्रवाल, डॉ सीएन सिंह, गोपीकिशन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## रंजिश के चलते एक व्यक्ति की जान लेने के मामले में दो सगे भाईयों को सजा

**चित्रकूट:** रंजिश के चलते ट्रैक्टर चढ़ाकर एक व्यक्ति की जान लेने के मामले में दो सगे भाईयों को जनपद न्यायाधीश ने 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 13 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 7 मई 2020 को पहाड़ी थाने के बछरन गांव के निवासी अजीत नारायण सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अजीत के अनुसार वह अपने घर के बाहर 6 मई 2020 की रात 10 बजे हरिशंकर और नवनीत सिंह के साथ बैठा था। इस दौरान गांव के ही अरूण सिंह ने अपने सगे भाई अर्जुन सिंह के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए उन पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिससे मौके पर ही हरिशंकर सिंह की मौत हो गयी। जबकि शिकायतकर्ता अजीत व नवनीत सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# रंगदारी वसूलने के मामले में आरोपी को पांच वर्ष का कैद

**चित्रकूट:** मत्स्य पालन ठेकेदार से पांच लाख की रंगदारी वसूलने के लिए जलाशय में जाकर फायरिंग करने और दहशत फैलाने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चार हजार रूपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि मत्स्य पालन ठेकेदार सर्वेश सिंह ने बीती 31 जनवरी 2018 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ठेकेदार के अनुसार वह बरूआ बांध में मत्स्य ठेका लेता था। बीती 26 जनवरी 2018 की रात 10 बजे उसके मुनीम के मोबाइल पर जान से मारने की धमकी देते हुए पांच लाख की रंगदारी मांगी गयी। साथ ही दहशत फैलाने के लिए तालाब पर हवाई फायरिंग की गयी। इस मामले में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कर्वी कोतवाली में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी मध्य प्रदेश के सतना जिले के नया गांव क्षेत्र के अन्तर्गत नवल धोबी पुत्र रामप्रसाद धोबी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी नवल धोबी को पांच वर्ष सश्रम कारावास के साथ चार हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# सेल्फी प्वाइंट लगाकर यातायात पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक महोदय रायबरेली के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में दिनांक 20.12.2023 को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के षष्ठम दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत नवीन पहल करते हुए यातायत नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों के उत्साहवर्धन तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से सेल्फी प्वाइंट लगाकर जागरुकता अभियान चलाया गया, जिसमें सेल्फी फोटो खिंचवा कर आम जनता से यातायात नियमों के पालन हेतु अनुरोध किया गया तथा जनपद रायबरेली के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट, हैंडबिल व स्टिकर वितरित




किए गए एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए, तथा निर्धारित गति से अधिक तेज चलने वाले वाहनों की गति की चेकिंग स्पीड राडार के माध्यम से की गई,निर्धारित गति से तेज चलते हुए पाए जाने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई एवं मोडिफाइड साइलेंसर लगा कर चलने वाले वाहनों व प्रेसर हॉर्न लगा कर चलने वाले वाहनों की चेकिंग डेसिबल मीटर से की गई, मोडिफाइड लगे वाहनों से मोडिफाइड साइलेंसर निकलवाए गए तथा प्रवर्तन कार्यवाही की गई,शीत ऋतु में कोहरे में दृश्यता के अभाव होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के निर्मूलन हेतु मालवाहक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों में निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया, एवं अनधिकृत रुप से चलने वाली स्लीपर बसों का चेकिंग आभियान चलाया गया चेकिंग के दौरान अनाधिकृत बसों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रवर्तन की कार्यवाही भी की गई, शहर में भिन्न-भिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को जागरुक करते हुए गांधीगिरी के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया व सुरक्षित वाहन चालन हेतु प्रशिक्षित किया गया,इसके अतिरिक्त रायबरेली शहर में बाजार तथा सार्वजनिक मार्गों स्कूलों एवं सड़कों के किनारे वाहन खड़ा करके जाम का कारण बनने वाले वाहनों को हटवाया गया, चेतावनी दी गई साथ ही उनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई भी की गई,तथा यातायात नियमों अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 423 चालान करते हुए 552000 रुपए का जुर्माना योजित किया गया।

## अलाव में सेनेटाजर की बोतल गिरने से हुआ ब्लास्ट,दो युवक झुलसे

**सलोन।** अलाव में सेनेटाजर की बोतल गिरने से ब्लास्ट हो गया।जिसमें अलाव ताप रहे दो युवक बुरी तरह झुलस गये।दोनो युवकों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।पुलिस ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।कोतवाली अंतर्गत करहिया चौकी क्षेत्र के वीरभानपुर निवासी दीपांशु मिश्रा(17)पुत्र राजकिशोर मिश्रा और आनंद शर्मा (17)पुत्र अरविंद शर्मा मंगलवार को देर रात घर के समीप अलाव ताप रहे थे।इस बीच अलाव में काफी धुंआ हो गया।अचानक गांव के किसी बच्चे ने बोतल में भरी सेनेटाइजर अलाव में फेंक दी।इस बीच अचानक हुए तेज ब्लास्ट के चलते अलाव के समीप बैठे दीपांशु, आनंद गम्भीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद ग्रामीणों ने एम्बुलेंश को सूचित कर घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी सलोन में भर्ती कराया।

# मनायी गई संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अखिल भारतीय सन्त गाडगे अम्बेडकर क्रान्ति महासभा उ0प्र0 के तत्वाधान में लोकहितवादी लोक कल्याणकारी निष्काम कर्मयोगी संत गाडगे महराज की 66वीं पुण्य तिथि जिलाधिकारी निवास के पास स्थापित गाडगे महराज की मूर्ति परिसर क्षेत्र में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द चौधरी एडवोकेट ने कहा कि गाडगे महराज सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत थे। श्री चौधरी ने कहा कि महराज अपढ़ होते हुए भी शिक्षा के महत्व को बखूबी जानते थे, उनका मानना था कि निरक्षरता अन्याय की जन्मदात्री है। श्री चौधरी ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करके ही हम उनके मिशन को आगे बढ़ा सकते हैं हम सभी को उनके दिखाये रास्ते पर चलकर समाज का उत्थान करना है। श्री चौधरी ने बताया कि पूज्य महाराज भिखारी, अपंग, पागल लोगों की बढ़ती संख्या से महराज चिंतित रहते थे, आज हम सभी को इस कुव्यवस्था को दूर करने



की आवश्यकता है। श्री चौधरी ने कहा कि हमें अपने महापुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिए एवं मानवता के लिए कार्य करना चाहिए। श्री चौधरी भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मांग की है कि भारत के स्वच्छता अभियान के जनक बाबा गाडगे जी का राष्ट्रीयकरण हो। युवा अधिवक्ता गोविन्द सिंह चौहान ने बताया कि बाबा संत गाडगे महराज सर्वसमाज सुधारक के रूप में कार्य किया था। समाज के सभी लोगों को सन्त गाडगे महराज जी से प्रेरणा लेनी चाहिए। युवा नेता कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सनत गाडगे बाबा लोक सेवा स्वच्छता के प्रतीक, बुद्ध की विचारधारा के प्रबल समर्थक, पाखण्ड मनुवादी विचारधारा के कट्टर विरोधी थी, शिक्षा के प्रचारक श्रमजीवी महापुरूष थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सभासद अर्जुन यादव, मनीष निर्मल, अशोक निर्मल, पवन प्रताप सिंह, सुरेश कुमार रजक, शशांक पटेल, मोहित यादव, सुनील सिंह मेजर, संतोष निर्मल आदि लोगों ने पूज्य महाराज जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

## पटवा समाज की जनजागरण यात्रा का किया गया भव्य स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी के निर्देश एवं नेतृत्व में 1200 किमी. की जनजागरण यात्रा आज रायबरेली पहुँची, यात्रा का जनपद आगमन पर समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर समाज में जनजागरण उत्थान के उद्देश्य से 17 दिसम्बर से 1200 किमी0 के लिए यात्रा रवाना हुई है, इसी क्रम में आज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के नेतृत्व में पटवा समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। यात्रा को सम्बोधित करते हुए श्री सोनकर ने कहा कि पटवा समाज देश के हर प्रदेश में सामाजिक ताना बाना के साथ राष्ट्र और देश हित के लिए कार्य करता आ रहा है। जनजागरण यात्रा से समाज को राजनीतिक पहचान मिलेगी। श्री सोनकर ने हरी झण्डी दिखाकर यात्रा को प्रतापगढ़ जनपद हेतु रवाना किया। यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से टी.एन. गुप्ता, आकाश पटवा, शिवरतन पटवा, राकेश गुप्ता, आशुतोष पटवा, रोहित पटवा, अम्बर पटवा आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री की लोकप्रिय योजनाओं के चलते 2024 में रायबरेली में भी कमल खिलेगा: कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में लालगंज के गेगासो पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बड़े ही भरोसे के साथ कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन प्रिय योजनाओं के चलते रायबरेली के लोग भी इतिहास रचने वाले हैं और 2024 मे रायबरेली में भी कमल खिलेगा। जन मानस के विकास को लेकर भारत विकसित संकल्प यात्रा चल रही है। सशक्त भारत की परिकल्पना को यह यात्रा साकार कर रही है। भारत अब विकास के पथ पर बढ़ चुका है ।केंद्र की मोदी सरकार जनता की जन भावनाओं का सम्मान करते हुए समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को सेवा देने का काम कर रही है। हमारी सरकार चार मूल मंत्रो के साथ काम कर रही है। गरीब ,युवा, महिला ,किसान को विकसित बनाना ही मोदी की गारंटी है ।गरीब का उत्थान हो, महिला को सम्मान हो , किसान का कल्याण हो ,युवाओं को प्रोत्साहन मिले यह हमारी सरकार की गारंटी है ।आजादी के 70 वर्षों तक कांग्रेस की सरकारों ने गरीबों को और



गरीब बनाने का काम किया ।2014 के बाद गरीबों का उत्थान शुरू हुआ है जो अनवरत चालू है ।सेवा के लिए हमारी सरकार ने गरीबों को चुना है ।करोड़ों लोगों के खाता खुलवाने का काम किया है ।खाता के माध्यम से किसान सम्मान निधि सहित अन्य सब्सिडी दी जा रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मोदी जैसे नेता आगे मिलने वाले नहीं है। मोदी योगी पर विश्वास करो और 2024 में भी मोदी को प्रधानमंत्री बनाओ जिससे 2047 में हिंदुस्तान पूर्ण रूप से विकसित देश की श्रेणी में खड़ा हो जाए। उन्होंने कहा कि धारा 370 समाप्ति के बाद आतंकवाद समाप्त हो गया है ।श्रीनगर चौक पर भारत माता की जय जयकार हो रही है। सिंचाई मंत्री ने 2025 तक सरेनी विधानसभा की नहरो को दुरुस्त कराने और उनमें भरपूर पानी दिलाने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम के संयोजक युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निखिल पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज्य में सब कोई सुरक्षित है और सबका विकास हो रहा है। जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के कार्य सराहनीय है। उन्होंने 2024 में मोदी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार ही जन भावनाओं का सम्मान करती है और वही देश में रामराज्य ला सकती है। इस मौके पर जल शक्ति मंत्री ने जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी निर्माण के बाबत भूमि पूजन भी किया। वही लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सहित चार लोगों को गैस सिलेंडर भी वितरित किया। लालगंज सप्लाई विभाग की सराहना भी की।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक आशीष प्रताप सिंह ने किया। इसअवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे, मंडल संयोजक विकेश द्विवेदी, अजय दुबे, देशराज यादव ,शीतला प्रसाद, सुशील शुक्ला, राम सुमेर लोधी, आशुतोष शुक्ला ,पुष्पेंद्र सिंह, रवि सिंह, राघवेंद्र सिंह ,प्राची शालू, स्वप्निल पांडे , सिद्धांत पांडे, संजय बाजपेई सहित सीडीओ पूजा यादव,परियोजना निदेशक राजेश मिश्रा ,खंड विकास अधिकारी सपना अवस्थी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला जज तरुण सक्सेना और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बैरकों की साफसफाई और सुरक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने कैदियों को दिए जाने वाले भोजन,पानी की गुणवत्ता भी परखी। कहा कि डाइट चार्ट के अनुसार ही कैदियों को भोजन दिया जाए। जिलाधिकारी ने कारागार अधीक्षक को निर्देश दिया की सभी कैदियों की समय से चिकित्सकीय जांच भी कराई जाए। यदि कोई कैदी बीमार है तो उसका उचित उपचार कराया जाए। इसके अतिरिक्त इस बात का ध्यान रखा जाए की कारागार में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैलने पाए। ठंड के मौसम में कैदियों को गर्म कंबल उपलब्ध कराया जाए।इस अवसर पर कारागार के सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विशाल होम्योपैथिक सेमिनार 24 को

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** होम्योपैथिक चिकित्सकों के संगठन इंटेलेक्चुअल होम्योपैथिक ऑब्जेक्टिव सोसायटी (आईएचओ,एस) व बरनेट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में यह बताया गया कि लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 24 दिसंबर दिन रविवार को दिन को आईएचओ,एस रायबरेली एवं बरनेट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से एक विशाल होम्योपैथिक सेमिनार आयोजित होने जा रहा है जिसमें खेल ,एंटरटेनमेंट व राजनीति जगत की प्रमुख हस्तियां होम्योपैथिक चिकित्सकों के साथ इस सेमिनार में प्रतिभाग करेंगे। विशिष्ट व्यक्तियों में कपिल देव ,जोंटी रोड्स ,मदनलाल ,कवि कुमार विश्वास इंडियन आइडल विजेता गायक पवनदीप राजन ,अरूणिता कुंजीलाल ,कैलाश खेर सहित केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ,उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक ,राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व ऊप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश दिनेश



शर्मा ,आईपीएस डॉ नवनीत सिकेरा समेत अनेक विश्व विख्यात हस्तियां इस इस कार्यक्रम की साक्षी बनेगी। विश्व विख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक एवं आईएचओ,एस रायबरेली के अध्यक्ष डॉक्टर रमेश श्रीवास्तव इस सेमिनार में यूटराइन कैंसर, एप्लास्टिक एनीमिया एवं पैरालिसिस के होम्योपैथिक चिकित्सा से ठीक हुए केस प्रस्तुत करेंगे व इन रोगों के बारे में अपने शोध पत्र भी प्रस्तुत करेंगे ।सेमिनार में डॉक्टर प्रभात श्रीवास्तव, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ सुनील त्रिवेदी ,डॉ अविनाश श्रीवास्तव, डॉ सलीम ,डॉ रफ्त आलम ,डॉ अलकाब नजर,डॉ क्रांति कुमार, डॉ के सी चौधरी, डॉ राजीव सिंह ,डॉ राजीव सिंह सचिव आईएचओ,एस व डॉक्टर आशीष विभिन्न रोगों पर अपना व्याख्यान देंगे।

## चार दिवसीय जनजागरण रथ यात्रा का किया गया भव्य स्वागत समारोह



**रायबरेली।** अखिल भारतीय देववंशी पटवा समाज पंजीकृत के तत्वाधान में चार दिवसीय जनजागरण रथ यात्रा का भव्य स्वागत समारोह सूर्या होटल शिविल लाइन में किया गया। रथ यात्रा का स्वागत रायबरेली जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी जी ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव देववंशी एवं राष्ट्रीय महामंत्री आकाश पटवा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन रायबरेली जिले के आशुतोष पटवा ,महेश पटवा, राकेश पटवा एवं अन्य समाज बंधुओ ने किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष माता प्रसाद देववंशी, प्रदेश महामंत्री डॉक्टर पारस देववंशी एवं अन्य पदाधिकारी ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संयोजक इंजीनियर टी एन गुप्ता, राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय गुप्ता, दिल्ली प्रभारी रविकांत पटवा, वैश्य एकता परिषद के जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार गुप्ता जी, जिले के विख्यात डॉक्टर संजय रस्तोगी, डॉक्टर अतुल अग्रवाल, प्रेमनाथ गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी इंजीनियर विजय रस्तोगी, आर बी वैश्य एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# एसजेएस किलौली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एसजेएस पब्लिक स्कूल किलौली में खेलकूद प्रतियोगिता में समस्त खिलाड़ियों ने अदभुत प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा साबित सभी बच्चों ने सभी खेलों में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग लिया तथा खेलों के प्रति अपने उत्साह को प्रकट किया। बेहतरीन प्रदर्शन पर विद्यालय प्रबंधन ने मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर समस्त खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस विशेष दिन का शुभारंभ बच्चों ने परेड के साथ बहुत



ही अनुशासित ढंग से किया। इसके बाद सभी उपस्थित जनों ने सीधी मुद्रा में खड़े हो कर राष्ट्रगान गाया तथा कुछ छात्राओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर खेल का शुभारंभ किया। फ्रॉग रेस, बैलेंस रेस, रिले रेस, 100 मीटर रेस, खो-खो, लंबी कूद आदि विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। प्रशस्ति पत्र और मेडल पाकर प्रतिभागियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।विद्यालय में आयोजित इस स्पर्धा में अभिभावकों को भी शामिल किया गया तत्पश्चात जीते हुए अभिभावकों को प्रबंधक जी के करकमलों द्वारा मेडल प्रदान किए गए। तदोपरांत प्रबंधक रमेश बहादुर सिंह ने समस्त उपस्थित जनों को खेल का महत्व समझाते हुए अपने विचार को प्रकट किया तथा समारोह में भाग लिए खिलाड़ियों की भरपूर प्रशंसा की। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य ने समारोह को सुचारू रूप से चलाने वाले शिक्षकों एवं समस्त खिलाड़ियों तथा उपस्थित प्रेक्षकों का आभार प्रकट किया। इस समस्त कार्यक्रम में कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग रहा।

## 21 से 04 जनवरी तक चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 21 दिसम्बर से 04 जनवरी 2024 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमो का गठन किया है।जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त पाये जाने पर आवश्यकतानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जाये। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राष्ट्रीय/राज्य राजमार्ग पर स्थित ढाबो, जहां अल्कोहल के टैंकर प्रायः रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच करायी जाये। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के चिन्हित संदिग्ध स्थानों तथा अवैध मद्य निष्कर्षण के बिक्री के अड्डों से चेकिंग पर छापेमारी की कार्यवाही की जाये। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाये। स्टाक के बारकोड व क्यू0आर0कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कतापूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाये। देशी/विदेशी मदिरा/बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही भी की जाये।जिलाधिकारी ने कहा कि असेवित क्षेत्रों तथा ऐसे स्थानों जहां पर मदिरा की दुकानें अवयवस्थित है, अथवा मदिरा की दुकानें वहां से अन्यत्र स्थानांतरित कर दी गई है तो उन क्षेत्रों में मदिरा की अवैध कारोबार की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाए।

# सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है: गया प्रसाद शास्त्र




**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** कथावाचक गया प्रसाद शास्त्री ने कहा कि मनुष्य से जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया।बुधवार को रामलीला ग्राउंड में श्रीरूद्र महायज्ञ वा श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए।कथा के दौरान उन्होंने बताया कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुना था। जिसके सुनने मात्र से भक्त प्रह्लाद के कई कष्ट दूर हो गए थे।और क्रोध अहंकार में चूर राक्षसराज हिरण्यकश्यप का नारायण ने अंत किया था।इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पावन लीलाओं का वर्णन भी किया।व्यासपीठ पंडित गया प्रसाद ने बताया कि कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है।प्रसंगवश भागवत कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा था। इस मौके पर राज कुमार साहू,पवन श्रीवास्तव,अनिल मिश्रा,दिलीप रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में 470 लोगों को विभिन्न आपदाओं से बचने हेतु किया गया जागरूक




**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में विभिन्न आपदाओं से बचाव हेतु स्कूल/डिग्री कॉलेज एवं ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवे दिन सलोन तहसील और डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर, कानूनगो, लेखपाल, ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव कुल संख्या 470 लोगो को ट्रेनिंग के माध्यम से विभिन्न आपदाओं से बचने के बारे में अवगत कराया गया।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) पूजा मिश्रा, उपजिलाधिकारी सलोन, आपदा विशेषज्ञ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कराटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**रायबरेली।** कराटे एसोसिएशन रायबरेली के तत्वाधान में ब्लैक बेल्ट पास खिलाडियों को आज अपर जिलाधिकारी ने ब्लैक बेल्ट दे कर सम्मानित किया 2023 में ब्लैक बेल्ट में जिले के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें 14 कराटे खिलाडियों ने परीक्षा पास की थी जिन्हें आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूजा मिश्रा ने सभी कराटे खिलाड़ी को अपने कार्यालय मे सम्मानित किया सम्मानित खिलाडियों में शिवेंद्र सिंह, सूर्यांश पांडे, रितिका गुप्ता, अहाना त्रिपाठी, अविका सिंह, परणिका सिंह, कसक सोनकर, निशा, सिमरन, पिंकी, विवेक कुमार वर्मा, आदेश सोनकर, अंकुश कुमार, धर्मवीर प्रजापति, को ब्लैक बेल्ट प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ तो वही कराटे एसोसिएशन रायबरेली के सचिव/ कोच राहुल कुमार पटेल को अच्छे कोच के रूप में कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। कराटे एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष कराटे मास्टर राकेश कुमार गुप्ता को अपर जिलाधिकारी ने जिले में आत्मरक्षा के लिए चलाए अभियान वा बालक/बालिक को आत्मरक्षा, सुरक्षा के लिए जागरूक करने के लिए स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। अपर जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए निरंतर प्रगति करने और रायबरेली का नाम रोशन करने का आशीर्वाद और स्नेह प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डेढ़ गुना से अधिक लगेंगे जल पुलिस के जवान

## महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जल पुलिस द्वारा भी की जा रही विशेष व्यवस्थायें

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की अपेक्षित संख्या विगत कुम्भ के सापेक्ष अधिक होने के दृष्टिगत जल पुलिस द्वारा भी विशेष व्यवस्थायें की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को अचूक एवं बेहतर बनाने हेतु पिछले कुम्भ के सापेक्ष गोताखारों की संख्या 190 से बढाकर 300 की जा रही है। वहीं बाढ राहत पी0ए0सी0 कम्पनी को भी 08 से बढाकर 10, एनडीआरएफ कम्पनी को 02 से बढाकर 04 तथा एस0डी0आर0एफ0 कम्पनी को 01 बढाकर 04 किया जा रहा है। 01 एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ कम्पनी में 29 लोग होते हैं। इसके अतिरिक्त होमगार्ड तैराकों की संख्या 200 से बढ़ाकर 400 की जा रही है तथा अन्य पुलिस बल के लगभग 500 तैराक भी लगाये जायेगें।





इसी कम में सुरक्षा व्यवस्था में उपयोग करने वाले उपकरणों की संख्या में भी भारी वृद्धि की जा रही है। इसमें लगभग 05 किमी0 डीप वाटर बैरिकेटिंग मय जाल व लंगर, 05 किमी0 रिवर लाइन, 02 फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन मय कन्ट्रोल रूम, 20 वाटर स्कूटर, 25 हार्सपावर के 06 मरकरी इंजन तथा 50 हार्सपावर के 05 मरकरी इंजन, 04 वाटर एम्बुलेंस, 10 लकडी वाली चापू नाव, 18 रिचार्जेबल मोबाइल रिमोट एरिया लाइटिंग सिस्टम, 04 एनाकोंडा मोटरबोट मय चेंजिंग रूम, 03 जे0टी0 मय गँग व रेलिंग सहित 20 डाइविंग किट मय मास्क व एक अद्द कम्प्रेशर मशीन सहित 200 लाइफ ब्वाय, 300 लाइव जैकेट, 200 रेस्क्यू ट्यूब 200 थ्रो बैग तथा 25 आस्का लाइट की व्यवस्था की जा रही

## दहेज उत्पीड़न में वांछित भाई- बहन गिरफ्तार

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय पुलिस ने बरई हरख निवासी वांछित राम बाबू पुत्र राम आसरे और बहन खुशबू पुत्री राम आसरे दोनो भाई बहन को दहेज उत्पीड़न के अभियोग में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि दोनो भाई बहन के खिलाफ धारा 498 ए, 323, 504, 506,120 बी और 3/ 4 के तहत मुकदमा दर्ज है। उधर पुलिस ने सराय तालुके सहाबपुर निवासी राकेश कुमार साहू, मो. शहजाद और बदलीपुर निवासी मो. आमिर का शांति भंग की आशंका के तहत चालान कर दिया।

## क्रास कंट्री दौड़ 1 जनवरी को

होलागढ़ (प्रयागराज)। बीआरसी के सामने स्थित जय दूधिया बीर बाबा आजाद ग्राउंड होलागढ़ में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पहली जनवरी को दस किमी की क्रास कंट्री दौड़ आयोजित की गई है। निरीक्षक मो. लतीफ ने बताया की विजेता धावकों को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चौपाल का आयोजन

**घूरपुर (प्रयागराज)।** बुधवार को शान द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकासखंड जसरा के ग्राम सभा सेमरा कल्वना में सांसद प्रतिनिधि दिनेश प्रजापति के नेतृत्व में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख अधिकारियों में मनोज त्रिपाठी कृषि विज्ञान केंद्र नैनी ,सहायक एसपी सिंह, एडियो कोऑपरेटिव राकेश सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉ.जमाल अहमद कृषि विभाग से तकनीकी सहायक जयवीर सिंह व भरत सिंह गौतम एवं पंचायत सचिव अंबर सिंह के द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को अपने-अपने विभाग की सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। संसद सत्र संचालित होने के कारण सांसद प्रयागराज डॉ. रीता बहुगुणा जोशी जी कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो सकीं। उन्होंने गारंटी वैन में प्रसारित हो रही योजनाओं के अंत में अपने वर्चुअल संवाद के माध्यम से लोगों को संबोधित किया।



सांसद प्रतिनिधि के रूप में दिनेश प्रजापति ने लोगों को बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के माध्यम से हमारी यशस्वी सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी जी के अथक प्रयास से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मन निधि, गरीब कल्याणअन्न योजना ,आयुष्मान हेल्थ कार्ड एवं घर-घर शौचालय तथा प्रधानमंत्री आवास आदि महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में यमुना पार को प्रथम बनाने का प्रयास सदैव किया जाता रहा है । कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान सेमराकल्बना राजरूप पटेल जी द्वारा प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देते हुए सभी आगंतुक, लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पटेल, भाजपा समिति सदस्य सुबोध जयसवाल व अमित भारतीय तथा सैकड़ो लाभार्थी उपस्थित रहे।

# शुआट्स छात्रा का गणतंत्र दिवस परेड हेतु चयन

**नैनी( प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा छात्र-छात्राओं को उच्च कोटि का प्रशिक्षण दिया जाता है परिणामस्वरूप राष्ट्रीय समारोह एवं कार्यक्रमों के शुआट्स के छात्र-छात्रायें चयनित होकर संस्थान का गौरव बढ़ा रहे हैं। लगातार प्रत्येक वर्ष गणंतत्र दिवस परेड में शुआट्स छात्र-छात्राऐं शामिल होते हैं इस वर्ष भी शुआट्स छात्रा खुशबू रानी का चयन गणंतत्र दिवस परेड़ के लिये हुआ है। एनएसएस समन्वयक डा. दीपक कुमार बोस ने चयनित छात्रा को बधाई दी।एनएसएस उप समन्वयक सत्यम कुमार केसरी ने बताया कि जितेंद्र सिंह और प्रमिला सिंह की सुपुत्री खुशबू



रानी ने हरिद्वार में आयोजित कैंप में हिस्सा लिया था, उनकी कड़ी मेहनत एवं प्रदर्शन के आधार पर पूरे जोन से एकमात्र खुशबू रानी जा चयन गणंतत्र दिवस परेड के लिये हुआ है। खुशबू रानी आगामी 26 जनवरी, 2024 को होने वाली परेड में प्रतिभाग करेंगी। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह नारी शक्ति थीम पर आधारित है, नारी शक्ति रानी लक्ष्मीबाई थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा जिसमें छात्राएं प्रतिभा करेंगी। गणतंत्र दिवस शिविर में यूपी और उत्तराखंड की दलनायक के रूप में जगत तारन डिग्री कॉलेज की ऐश्वर्या सिंह को चुना गया है।

# खेत में काम कर रहे युवक पर जानलेवा हमला, प्राथमिकी दर्ज



लोकमित्र ब्यूरो

**खीरी(प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के पालपट्टी गांव में मंगलवार को दिन में लगभग 2:30 बजे देवराज सिंह पुत्र छत्रपति सिंह मवेशियों के लिए खेत में चारा काट रहे थे अचानक इस बीच गांव के ही नेहाल सिंह उर्फ दादू पुत्र राजेश सिंह व अभिषेक सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह ने कुल्हाड़ी और कटवासा से पीछे से जानलेवा हमला करना शुरू कर दिया। जिसकी चीख पुकार सुनकर गांव के ही सुखसागर सिंह ने मौके पर पहुंच कर बीच बचाव किया। तब तक देवराज पर कई वार हो चुके थे। जिससे उसके शरीर के कई अंगों पर गंभीर चोटे आई। घटना की सूचना पीड़ित परिवार द्वारा खीरी पुलिस को दी गई घटना की सूचना प्राप्त होते ही खीरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया। भुक्तभोगी का कहना है कि हमारा इनका कोई विवाद नहीं था यह घटना गांव के ही सुनील प्रताप सिंह के कहने पर किया गया है। खीरी पुलिस ने बताया कि जानलेवा हमला हुआ है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# किसानों के नाम पर गुमराह कर रहे बिचौलिए

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति, साधन सहकारी समिति, एस, एस, विपणन शाखा की लेड़ियारी क्रय केन्द्रों पर बुधवार को सुबह से ही बिजली न रहने पर तौल कराने आए लोगों ने बताया कि कुछ लोग किसान नेता के नाम व्यापारियों का धान विकवाना चाहते है । लेड़ियारी क्रय केन्द्र पर कोरांव, ड्रमनगंज ,बड़ोखर क्षेत्र के कुछ लोग धान बेंचने का दबाव बना रहे हैं । इस पर कृषि उत्पादन मंडी सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि अपने नजदीकी क्रय केन्द्रों पर धान बेचें । इस पर बुधवार को प्रदर्शन की चेतावनी दी गई । कृषि उत्पादन मंडी निरीक्षण ने इसकी जानकारी कोरांव एसडीएम को दी । जिसके बाद क्रय केन्द्र पर पूरे दिन तौल होती रही । लेड़ियारी के किसान शिवमोहन द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने अपना 50 कुंटल धान क्रय केन्द्र पर बेचा है । बताया कि कुछ लोग गलत तरीके से धान बेंचने की कोशिश कर रहे हैं । उनकी ओर से प्रदर्शन करने पर अन्य किसानों को भी परेशानी उठानी पड़ेगी । इसी तरह से हरे राम द्विवेदी और सुशील कुमार सिंह ने भी अपना धान के क्रय केन्द्र पर ही बेचा । प्रकरण में एसडीएम अभिनाश यादव ने कहा कि किसी भी दशा में बिचौलियों को सक्रिय नहीं होने दिया जाएगा । सभी किसान अपने पास के ही क्रय केन्द्रों पर धान बेचें । समय - समय पर क्रय केन्द्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा ।

# नफीस बिरयानी की मौत की होगी मजिस्ट्रियल जांच, जेल प्रशासन ने शासन को भेजी रिपोर्ट

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ के करीबी नफीस बिरयानी की दिल का दौरा पड़ने से स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में हुई मौत के मामले की मजिस्ट्रियल जांच होगी। इसके लिए जेल प्रशासन की ओर से संबंधित कोर्ट के अलावा डीएम नवनीत सिंह चहल और शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। माफिया अतीक अहमद और अशरफ के फाइनेंसर नफीस बिरयानी को बीते 22 नवंबर को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। उसे बीते पांच दिसंबर को केंद्रीय कारागार में निरुद्ध किया गया था।उसके बाद इसे जेल अस्पताल में ही रखा गया था। उसकी तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रशासन ने उसे 17 दिसंबर को एसआरएन में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। उसकी मौत के मामले में जेल प्रशासन की ओर से संबंधित कोर्ट, डीएम और शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर का कहना है कि बंदी नफीस की मौत के मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी।अतीक अहमद के फाइनेंसर व ईट ऑन बिरयानी रेस्टोरेंट के मालिक नफीस अहमद की इलाज के दौरान मौत के बाद मंगलवार को उसके घर में मातम का माहौल है। नफीस की पत्नी व उसके तीन बेटियों का रो रोकर बुरा हाल है। इसके साथ पास-पड़ोस के गलियों में भी सन्नाटा पसरा रहा। वहीं परिजन व करीबी रिश्तेदार भी नफीस की मौत को लेकर कुछ भी बोलने से बचते रहे हैं।

# 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित, दर्जनों गांव अंधेरे मे

लोकमित्र ब्यूरो

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** मंलवार को दोपहर एक बजे लेड़ियारी विद्युत उपकेन्द्र सप्लाई बंद होने से समाचार लिखें जाने तक विद्युत आपूर्ति नहीं हुई । जिससे लोगों को पूरी रात दर्जनों गांवों में अंधेरा कायम बना हुआ है । उपभोक्ताओं का कहना है कि लेड़ियारी विद्युत उपकेन्द्र में तैनात कर्मचारी कोई भी फाल्ट ठीक करने में 24 घंटे का समय लगा देते हैं । फिर बिना सुविधा शुल्क का काम होना असंभव है । दो दिन बीत जाने के बाद अभी तक विद्युत आपूर्ति नहीं हुई । शासन द्वारा किसी तरह के फाल्ट ठीक करने के एक घंटे के लिए फरमान जारी किया गया । लेकिन दो दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक ठीक न किए जाने पर उपभोक्ताओं को खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है । रात बिजली न होने से मच्छरों के प्रकोप सोना दूभर हो गया है । वही गांव के मार्गो पर जगह - जगह गड्ढों मे जल भराव होने से राहगीरों को रात मे पैदल व दो पहिया वाहनों से गुजरने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ।लेड़ियारी के ग्राम प्रधान रवि सिंह ने बताया कि शासन स्तर से भले ही 18 से 20 घंटे विद्युत आपूर्ति के निर्देश जारी किया गया है ।

लेकिन इस क्षेत्र में दस घंटे से भी कम बिजली नहीं पा रहीं है । जबकि इन दिनों वसूली अभियान तेजी से चल रहा है । तीन दिन से पूरी रात बिजली नहीं रहती हैं । दिन में बिजली कब आयेगी, कब चली जाएगी पता नहीं चल पाता । फिलहाल एक पखवाड़े से मात्र चार घंटे विद्युत आपूर्ति होती है ।विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की घोर लापरवाही का ख्यामियाजा उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ रही है । विद्युत विभाग कर्मचारी विजय यादव ने बताया कि तीन खम्भे के एबुलेशन खराब है । उसे ठीक किया जा रहा है । कुछ देर बाद सप्लाई आएगी ।सामान की व्यवस्था होने के बाद ही चालू किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि लेड़ियारी उपकेन्द्र खोचा मे स्थित है । तीन फीटर का बना हुआ है । वर्ष 2003 मे नागार्जुन के माध्यम से बनाई गई थी । लेकिन एक वर्ष में ही खराब होने से दो फीटर के सहारे 70 गांव में विद्युत आपूर्ति की जाती हैं । इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को फोन किया लेकिन रिसीव नहीं की ।

# अवंतिका विकास समिति का प्रतिनिधि जलकल विभाग के अधिकारियों से मिला



**नैनी(प्रयागराज)।** अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में कॉलोनी के संभ्रांत नागरिकों का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को जलकल विभाग एवं नगर निगम जोन 5 के अधिकारियों से मिलकर कॉलोनी की मूलभूत सुविधाओं में सुधार हेतु सुझाव के साथ ही व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया, तथा बिना मोटर के घर में पानी आपूर्ति कराने, सीवर सफाई, गलियों सड़कों की नियमित सफाई व्यवस्था, पार्कों के शौन्दर्यीकरण के कार्य को पूरा कराने तथा टूटी फूटी नालियों सड़कों-गलियों का निर्माण आदि समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। अधिशासी अभियंता जल कल विभाग एवं जोनल अधिकारी नगर निगम नैनी ने समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है। प्रतिनिधि मंडल में समिति के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह पत्रकार, सह संयोजक बद्री प्रसाद मिश्र, डी के सिंह, ब्लॉक संयोजक एन पी मिश्र, शिव शंकर पांडे, महिला मंडल संयोजिका मीना जायसवाल, सह संयोजिका बिंदु राठौर, अंजुम नाज, अनीता केसरवानी, विकास दुबे, सुनील श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र एवं मीडिया प्रभारी आशुतोष मिश्रा आदि शामिल रहे।

# ज्ञान -विज्ञान प्रदर्शनी मे छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा




**लेड़ियारी(प्रयागराज)** बुधवार को संविलियन विद्यालय लेड़ियारी मे ज्ञान-विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । जिसमे छात्राओं ने वाटर पलूशन, स्वच्छ पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, हास्पिटल, वायु प्रदूषण नियंत्रण, ध्वनि प्रदूषण, पवन चक्की, मिसाइल के अलावा ज्ञान संबंधित का संबोधन किया गया ।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सुज्जेन , आसीन कुमारी, शानू ,भावनी कुमारी ने मिशायल तथा सुंदर घर बनाने पर छात्राओं विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार पाल व संजय कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को दिया गया।इस दौरान शिक्षक संजय कुमार ने कहा कि हमारे यहाँ के छात्र -छात्राओं द्वारा तरह-तरह की विज्ञान के प्रति काफी उत्साह रहे । जबकि कई अन्य सामग्री को बनाया गया है । उन्होंने बताया कि हमारे विद्यालय में 368 छात्र पंजीकृत है । ठंड के कारण आज 300 बच्चे उपस्थित है । शासन के मनसा के अनुसार अंग्रेजी विद्यालय से ज्यादा पढ़ने में तेज है । समय से सभी शिक्षक उपस्थित रहकर शिक्षण कार्य कराया जाता है । इस मौके पर अकबाल बहादुर, विक्रम प्रसाद, फूलचंद ,साधना राय, रेनू एस लाल , उर्मिला देवी , रामजनी देवी, प्रतीभा सिंह आदि लोग रहे ।

# अंधता निवारण मुहिम में तीन सौ से अधिक लोगों की हुई नेत्र जांच




**प्रयागराज।** वसुधा फाउंडेशन की अंधता निवारण मुहिम में धान्या देवी निम्मालाल इंटर कालेज, सेहुंवाडीह में विशाल नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें करीब तीन सौ ग्रामीणों की नेत्र एवम् चश्मा जांच हुई। करीब अस्सी लोगों को चश्मे की जरूरत थी, जल्द ही उन्हें चश्मा दिया जाएगा। पचास लोगों को मोतियाबिंद निकला जिनको आई लाइफ सेंटर फाफामऊ लाकर प्रख्यात नेत्र सर्जन डा रोहित अग्रवाल से सफल लेंस प्रत्यारोपण कराकर आज उनके घर पहुंचाया गया। सभी आपरेशन सफल रहे प्रबंधक राम सूरत पटेल, वसुधा महासचिव मैथिली सिंह, कोषाध्यक्ष ललिता गुप्ता, संरक्षक संगीता अग्रवाल, अध्यक्ष उर्मिला जायसवाल सचिव अंशू नागर द्वारा कैंप की व्यवस्था की गई।

साथ ही महासचिव मैथिली सिंह ने स्कूल में मौजूद पांच सौ छात्र छात्राओं को पर्यावरण एवम् आंखों के बारे में जानकारी दी। पौधे लगाने और पालीथीन से बचने की शपथ दिलाई तथा पूर्व में उन्हें बांटे गए करीब चार हजार पौधो के बारे में पूछताछ की।

# वेतन न मिलने पर सभी डॉक्टर हड़ताल पर

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में बुधवार को डॉक्टरों की हड़ताल के चलते मरीज काफी परेशान हुए। चार माह से वेतन न मिलने के कारण अस्पताल के सभी चिकित्सक हड़ताल पर चले गए।चार माह से वेतन न मिलने से नाराज स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर चले गए हैं। ओपीडी और ओटी सेवा ठप होने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। डॉक्टरों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। डॉक्टरों की हड़ताल के चलते इलाज के लिए आए मरीज इधर उधर भटकते देखे गए। पहले से निर्धारित कई आपरेशन नहीं हुए। एसआरएन अस्पताल में रोजाना हजारों मरीजों की भीड़ होती है। बुधवार को डॉक्टरों की हड़ताल के चलते मरीज काफी परेशान हुए। चार माह से वेतन न मिलने के कारण अस्पताल के सभी चिकित्सक हड़ताल पर चले गए। उनका कहना है कि जब तक वेतन नहीं दिया जाता है तब तक वह काम नहीं करेंगे।

## संत निरंकारी वार्षिक सत्संग 25 दिसम्बर को

मऊआइमा (प्रयागराज)। सत्संग निरंकारी सत्संग मंडल का वार्षिक कार्यक्रम आगामी 25 दिसम्बर को दोपहर में चौहान का पूरा में होगा। इसमें लंगर प्रसाद आदि कार्यक्रम धर्मराज के निवास पर होगा। कार्यक्रम में स्टेट सेवा ज्ञान प्रचारक जोनल इंचार्ज अशोक सचदेव समेत कई जिलों से श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ जुटेगी। मऊआइमा क्षेत्र के मुखिया अभयराज, पूर्व प्रधान अतिबल, बीडीसी सदस्य इन्द्रकेश, विजय निर्मल, डाक्टर सन्त लाल धूरिया, रविगुप्ता, पंकज सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहेंगे।

# ट्रेन से कटकर मृत युवक निकला मऊआइमा का शकील

**☞ सोमवार को मऊआइमा कताई मिल फ्लाइओवर ब्रिज के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था शव**

लोकमित्र ब्यूरो

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** सोमवार को मऊआइमा सहकारी कताई मिल के फ्लाइओवर ब्रिज के नीचे सौ मीटर प्रतापगढ़ की ओर रेलवे ट्रैक पर सुबह एक अज्ञात युवक का शव कटी हालत में मिला था। बुधवार को उसकी शिनाख्त मऊआइमा के शकील के रूप में हुई।

सोमवार को मऊआइमा रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का तुलसी एक्सप्रेस से कटे एक अज्ञात युवक का शव आरपीएफ ने बरामद किया था। बुधवार को परिजनों ने पीएम हाउस में उसकी शिनाख्त मोहम्मद शकील



फाइल फोटो

(38) पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद सलीम मोहल्ला मुस्तफाबाद के रूप में की।वह चार भाईयों में दूसरे नंबर पर था और दो दिन से गायब था। परिजनों ने बताया कि शकील मूकबधिर और अविवाहित था। मोहम्मद शकील मऊआइमा में ट्रांसपोर्ट पर कपडे की गांठ लादने का काम करता था। पोस्टमार्टम के बाद जब शकील का शव मुस्तफाबाद मोहल्ला में उसके घर पहुंचा तो परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।देर रात शकील के शव को दफ़ना दिया गया।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन




**प्रयागराज।** प्रयागराज में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को सर्वप्रथम लीडर रोड स्टेशन के पास सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया जैसे- सड़क सुरक्षा सम्बन्धी स्लोगन, दो पहिया वाहन चालक, हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगा कर वाहन चलाये, नशे की हाल में वाहन न चलाये, रेड सिग्नल को पार न करें, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें, तेज रफ्तार से वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, एवं अन्य प्रमुख चैराहों पर चलते हुए पैदल यात्रियों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालने करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ सिविल लाइन्स बस अड्डा के पास परिवहन निगम के चालकों एवं परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प आयोजित कराकर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज प्रथम दल, चिकित्सक डॉ0 पूजा कुशवाहा, डॉ0 रसीद अली, रणवीर सिंह चैहान, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी, जी0एन0 मिश्रा, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी रामसागर, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी एवं टैम्पो टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी, महामंत्री रमाकान्त तथा प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहे।

# मानक परिषद ने किया तीन दिवसीय विद्यालय अवलोकन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के संयोजन में तीन दिवसीय विद्यालय अवलोकन कार्यक्रम संपन्न हुआ।विद्या भारती के विद्यालयों की गुणवत्ता विकास के लिए मानक परिषद द्वारा विद्यालयों के अवलोकन के क्रम में जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश के मंत्री अनुग्रह नारायण मिश्र एवं पूर्व संभाग निरीक्षक एवं विद्या भारती काशी प्रांत के समय दानी कार्यकर्ता दयाराम यादव द्वारा विद्यालय के विभिन्न शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों का अवलोकन, जिसमें विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता पूर्वक कैसे हो, इस हेतु एस.ई.एस.क्यू. के माध्यम से सभी तरह के क्रिया कलापों का तीन दिन अवलोकन किया गया।

अवलोकन के क्रम में अध्यापकों द्वारा शिक्षण करते समय अवलोकन, कार्यालय का अवलोकन, आए हुए अभिभावकों से बातचीत के माध्यम से अवलोकन, अलग-अलग समूहों में छात्र-छात्राओं से वार्तालाप करते हुए अवलोकन सहित समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अवलोकन की प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व वंदना सभा में आए हुए निरीक्षकों का प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम से सम्मान एवं स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

# खेलों से बढ़ता है बच्चों का आत्मविश्वास: महापौर गिरीश

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** बेसिक शिक्षा परिषद की जनपदीय रैली का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा पर अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया, मुख्य अतिथि महापौर जिला पंचायत अध्यक्ष ,नगर विधायक का शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण करके स्वागत किया गया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय,वित्त लेखाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह,नोडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर विधायक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने मैदान पर गुब्बारे छोड़कर औपचारिक रूप से खेल प्रारंभ कराया,मुख्य अतिथि के सामने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत के साथ



100/50 मीटर की दौड़ का खेल कराया गया।प्रतियोगिता शुभारंभ के अवसर पर महापौर गिरीशपति ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और आपसी प्रतिस्पर्धाओं से बच्चों में अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है,खेल के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं और यही बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि बालक और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने की जरूरत है ऐसी प्रतियोगिताओ से बच्चों में खेल भावना के साथ ही सामुदायिक और सहयोगात्मक भावना का भी विकास होता है।नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बच्चे खेलों में देश का नाम रोशन कर रहे हैं प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने की जरूरत है जिससे बच्चे देश का नाम रोशन कर सकें,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी,प्राशिसंघ जिलाध्यक्ष संजय सिंह,जिला महामंत्री प्रेम कुमार वर्मा,महामंत्री चक्रवर्ती सिंह,कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संयोजक अजीत सिंह,अटेवा जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह,एआरपी संघ के संरक्षक डा नीरज शुक्ला पीएसपीएस प्रांतीय संयोजक पंकज यादव,मनोरमा साहू जिलाध्यक्ष,नोडल अधिकारी राजेश कुमार सिंह ,खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव,तारकेश्वर पांडे,शैलेंद्र कुमार,रमाकांतराम,अनिल कुमार सिंह,शैलजा मिश्रा,रिचा सिंह,धीरज शुक्ला,पंकज द्विवेदी,सरवरे आलम,हरिकिशन अविनाश पांडेय,सरबजीत सिंह ,राकेश सिंह,अजय सिंह,अवधेश सिंह,केपी सिंह,अतुल वर्मा,अख्तर अहमद खां,विनोद यादव,राज नारायण सिंह,धर्मवीर चौहान,अवधेश यादव,अनुज सिंह,राजन श्रीवास्तव,गौतम तिवारी ,रामजी द्विवेदी,आशुतोष पटेल,अखण्ड प्रताप सिंह ,आदित्य शुक्ला,आयुष सिंह प्रदीप दुबे,मनोज मौर्या आदि शामिल रहे...

पहले दिन नंदिनी,लक्ष्मी और नेहा ने मारी बाजी

50 मी दौड़ प्रतियोगिता प्राइमरी बालिका वर्ग के पहले राउंड में नंदिनी सोहावल प्रथम, लक्ष्मी तारून द्वितीय और नेहा अमानीगंज में तृतीय तथा दूसरे राउंड में सुहानी बीकापुर प्रथम और प्रियंका मवई ने द्वितीय स्थान बनाया।100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में सौरभ मया प्रथम, कुलदीप सोहावल द्वितीय,हर्ष पाठक अमानीगंज तृतीय और दूसरे राउंड में अमन मिल्कीपुर प्रथम, सौरभ पूरा द्वितीय, गौरव हैरिंगटनगंज तृतीय स्थान पर रहे।

100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम राउंड में रेहाना मवई प्रथम, शाहजहां अमानीगंज द्वितीय, दिव्या अमानीगंज तृतीय और दूसरे राउंड में लता बीकापुर प्रथम और मोहिनी हैरिंगटनगंज ने द्वितीय स्थान बनाया । बालक कबड्डी प्राइमरी प्रतियोगिता में मिल्कीपुर और मवई में मिल्कीपुर,बीकापुर और अमनीगंज में अमानीगंज ,पूरा और नगर में पूरा ,मया और हैरिंगटनगज में मया ने अपने अपने लीग मैच मैच जीते।जूनियर बालक वर्ग कबबडी प्रतियोगिता के पहले मैच बीकापुर और पूरा में पूरा,सोहावल और मवई में सोहवल,मसौधा और अमानीगंज में मसौधा,रुदौली और हैरिंगटनगंज में रुदौली ने अपने अपने लीग मैच जीत लिए है।जूनियर बालिका वर्ग खो खो प्रतियोगिता का पहला लीग मैच बीकापुर और मिल्कीपुर के बीच खेला गया जिसमें बीकापुर ने जीत हासिल की। जबकि अमानीगंज और रुदौली के बीच दूसरे लीग मैच में अमानीगंज विजयी रहा।दिन का तीसरा मैच मवई और हैरिंगटनगंज के बीच खेला गया जिसमें हैरिंगटनगंज टीम विजई रहा।अंतिम लीग मैच तारुन और मया के बीच खेला गया जिसमें तारून ने जीत हासिल किया।

# एनईपी स्नातक परीक्षा में दूसरे दिन 37 हजार 835 परीक्षार्थी शामिल रहे



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सेमेस्टर परीक्षा के दूसरे दिन तीनों पालियों में 37 हजार 835 परीक्षार्थी उपस्थित और 1045 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने परिसर स्थित प्रचेता भवन के केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं उनके द्वारा परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल कंट्रोल रूम से की गई। इसके अतिरिक्त पांच सचलदल द्वारा कई केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर सघन तलाशी ली। वही दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के आदेश के अनुपालन में एनईपी परास्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि घोषित की। उक्त परीक्षाएं 18 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि आज की परीक्षा तीन पालियों में हुई। प्रथम पाली की परीक्षा में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की उर्दू, सिंधी भाषा एवं कामर्स विषय एवं द्वितीय पाली में तृतीय सेमेस्टर फिजिक्स तथा तृतीय पाली में पंचम सेमेस्टर की उर्दू, सिंधी भाषा, कामर्स एवं फिजिक्स विषय की परीक्षा कराई गई।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान बन्धुओं की बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** माह के तीसरे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों द्वारा कई समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण बिना किसी विलंब के किया जाए।



बैठक में किसानों द्वारा खाद, बीज, सिंचाई, केसीसी, ऋण, विद्युत, गन्ना, सहकारी समितियां, छुट्टा पशु, आदि को लेकर अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई जिस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें। कृषि विभाग, सिंचाई विभाग व अन्य विभाग के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने छुट्टा पशुओं की समस्याओं के बारे में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि जिन-जिन क्षेत्रों से किसानों द्वारा शिकायतें प्राप्त हुई है, वहां पर अभियान चलाकर निराश्रित गोवंश को पकड़वाया जाय। उनके द्वारा किसानों से अपनी फसलों का बीमा कराने, किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े खाते की ईकेवाईसी कराने की बात कही गई।

अंत में जिलाधिकारी ने सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस की इस बैठक का आयोजन निरंतर होता रहेगा। प्रशासन पूरी तरह से किसानों की समस्याओं को लेकर सजग है और निस्तारण के लिये निरंतर प्रयास कर रहा है। किसान बंधु इस बैठक में अपनी समस्या लेकर आते हैं तो उनका सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उचित निस्तारण कराया जाएगा। इसके अलावा भी किसान बंधु अन्य दिनों में कार्यालय में संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं।

बैठक में उप निदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी, एसडीईओ कृषि, एक्सइईएएन सिंचाई विभाग, नहर विभाग, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण अधिकारी, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, सहित अन्य अधिकारी व किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न में घटिया खाद्य मिलायें जाने की शिकायत

**बीकापुर - अयोध्या।** बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत परुआ के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित हो रहे खाद्यान्न में घटिया खाद्य मिलायें जाने की शिकायत पर एक्शन में आये पूर्ति विभाग ने वितरक के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम कालाबाजारी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पूर्व निरीक्षक विनोद यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुक्रम में संबंधित कोटेदार के विरुद्ध घटिया सामग्री मिलकर वितरित करने के आरोप में स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई के लिए मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। पूर्ति निरीक्षक ने यह भी बताया है कि वितरक की दुकान पर ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचकर करीब 50 बोरी चावल सीज करके यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने जानकारी साझा करते हुए बताया कि संबंधित वितरक के संबंध में जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की गई थी जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए।

# युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

## भाई को ट्रेन पर बैठाकर घर लौट रहा था युवक

लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** जिले के मनकापुर कोतवाली के क्षेत्र बंदरहा बाईपास मार्ग पर मंगलवार- बुधवार की बीती रात में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुऐ भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक पूरी रात बाइक समेत खाई में पड़ा रहा। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने जब देखा तो पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को अस्पताल ले गई,जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दिया। परिवार में सूचना पहुंचते ही कोहराम मच गया और मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के मुताबिक वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव तुर्काडीहा के मजरा बभनी के रहने वाले रतन भारती मंगलवार की देर रात अपने दो भाई को मनकापुर रेलवे स्टेशन पर कुशीनगर एक्सप्रेस ट्रेन पर बैठाने आए थे। ट्रेन पर बैठने के बाद वह घर वापस जा रहे थे। घर जाते समय मनकापुर कोतवाली के क्षेत्र बंदरहा बाईपास मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। टक्कर इतनी तेज रही होगी कि युवक बाइक समेत खाई में जा गिरा। रात अधिक होने के कारण किसी को कुछ जानकारी नहीं हो सकी। पूरी रात युवक खाई में पड़ा रहा। सुबह जब आसपास के ग्रामीणों ने देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। युवक की पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे युवक के परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। पत्नी और मां पहुंचते ही बदहवास हो गई। होश में आने पर वह दहाड़ मार कर रोने लगती थी। परिजनों के मुताबिक परदेश कमाने जा रहे दो भाइयों को वह ट्रेन पर बैठने आया था। प्रभारी निरीक्षक मनकापुर ने बताया कि बुधवार की सुबह युवक के दुर्घटना होने की सूचना मिली जिससे तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। परिजनों को सूचना देने के बाद परिजन मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर रेलवे की तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या पहुंचीं रेलवे बोर्ड चेयरमैन

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** जैसे-जैसे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का समय नजदीक आ रहा है वैसे ही केंद्र की व प्रदेश सरकार की योजनाओं को मूर्तरूप देने का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा बुधवार को अयोध्या पहुंचीं। यहां उन्होंने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया तथा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रेलवे के द्वारा दी जाने वाली श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन किया। साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के निकट के सभी स्टेशनों की समीक्षा की। प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेनो को लेकर बैठक में विचार–विमर्श किया गया।अयोध्या पहुंची रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि यहां के पौराणिक तथा धार्मिक महत्व को देखते अयोध्या में तमाम योजनाओं के तहत विकास कार्य किया गया है। 22 जनवरी के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की है उम्मीद है। आने वाले श्रद्धालु और प्रेरकों की सुविधाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है। अयोध्या क्षेत्र में सभी रेलवे स्टेशनों और रेलवे ट्रैकों का ऑपग्रेशन किया जा रहा है। रेलवे ट्रैक के डबलिंग का कार्य लगातार चल रहा है। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर ज्यादा से ज्यादा ट्रेनें अयोध्या के लिए चलाने की है तैयारी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या एक बहुत बड़ा स्टेशन है। यहां पर मंदिर की वजह से यह एक टूरिस्ट सेंटर और तीर्थस्थल है।

## जिलाधिकारी ने धर्मपथ का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने सहादतगंज से लेकर अयोध्या धर्म पथ तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–27 का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एनएच 27 के दोनों तरफ निर्माणाधीन सर्विस लेने के कार्य में और तेजी लाने तथा सर्विस लेन के दोनों तरफ तथा मार्ग के मीडियन को साफ-सुथरा करने की निर्देश दिए। उन्होंने सर्विस लेने के बगल बच रही भूमि की भी उपयोगिता सुनिश्चित करने तथा नियमित संपूर्ण मार्ग पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने के.टी. पब्लिक स्कूल जनौरा के पास स्थित ट्रक ले–वे की सफाई सुनिश्चित करने तथा हाइवे के दोनों तरफ उपयुक्त स्थान एवं दूरी पर ट्रक ले–वे का साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश पीडी एनएचएआई को दिए।

# भंडारे के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन



लोकमित्र ब्यूरो

**गोण्डा।** श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को भंडारे और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कोतवाली के सामने श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार द्वारा दि हेरिटेज इन पर चल रहे कार्यक्रम में भजनों की शुरुआत स्थानीय भजन गायक विशाल श्रीवास्तव ने गणेश वंदना से की।

आओ अंगना पधारो श्री गणेशजी, राम नाम जपते हैं मस्ती में रहते हैं। उसके बाद सुधीर सोनी ने गाया -मन की बाता सांवरिया से आज लगा के देख लें, बिन पानी के नांव ढेल रहा है जरूरत से ज्यादा दे रहा है...आदि भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद दिव्यांश कसौधन ने गाया मैं हूं तेरा नौकर बाबा हाजिरी रोज लगाता हूं। राजा छलिया ग्रुप द्वारा श्रीराम दरबार, राधाकृष्ण, फूलों की होली, भोलेनाथ आदि कई तरह की झांकियां दिखाई गईं। म्यूजिक में सोमेश मिश्रा म्यूजिकल ग्रुप रहा। भंडारे में बाबा का दरबार लगा हुआ था। भक्त ने जाकर दरबार में अपनी अपनी अरदास लगाई। दरबार में श्री मेंहदीपुर बालाजी धाम से आये गुरूवर अरविन्द शर्मा भक्तों की सुनवाई कर रहे थे। भक्त गुरूवर का आर्शीवाद भी लिए। अरदास के लिए जनपद से भारी संख्या में पहुंचे। भंडारे में बलरामपुर, पयागपुर, मोतीगंज, मनकापुर आदि कई जगहों से बालाजी के भक्त शामिल हुए। निशान यात्रा के शामिल भक्तों का लकी ड्रा कूपन निकाला गया जिसमें तमाम भक्तों को पुरस्कार कमेटी द्वारा दिया गया। भक्त पुरस्कार पाकर खुश हुए। भक्तों ने कहा कि यह बालाजी का प्रसाद आशीर्वाद के रूप में मिला है। कार्यक्रम में कमेटी द्वारा अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।इस कार्यक्रम में सुनील रस्तोगी, अजय कसौधन, बीनू कुशवाहा, शानू कसौधन, गौरव, अभिषेक, सत्यम, वेद प्रकाश सोनी, आलोक सिंह, अमन, विवेक सिंह, चंदन आर्य, अविनाश मोदनवाल, शुभम, प्रतीक टंडन, अंकित मिश्रा, अनुराग शर्मा, प्रखर, रोहित, शिवम सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# प्रतियोगिताओं में स्थानीय खेल प्रतिभाओं को मिलेगा मौका : प्रिया यादव




लोकमित्र ब्यूरो

**नवाबगंज, गोण्डा।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा ब्लाक स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। विभाग की मंशा है कि प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिले। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रिया यादव ने बताया कि गुरूवार को नवाबगंज के सिरसा गांव स्थित फातिमा इंटर कालेज एवं शनिवार को मनकापुर के भिटौरा फायर स्टेशन पर ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, कुश्ती आदि खेलों की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इन प्रतियोगिताओं में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के पुरूष एवं महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। प्रिया यादव ने बताया कि विभाग स्थानीय खेल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए लगातार काम कर रहा है। उद्देश्य है कि प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए और बड़े मंच पर अपनी पहचान बना सकें।

## न्यायालय के आदेश पर प्रधान प्रतिनिधि समेत 8 लोगो के विरुद्ध दर्ज हुआ मुकदमा

**भेलसर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश फैजाबाद ने रुदौली कोतवाली के रहीम गंज निवासी प्रधान प्रतिनिधि अमन पटेल, रमापति, रामू, आनंद कुमार , राम जी, यासीन, चांद बाबू सहित 3 4अज्ञात निवासीगण रहीम गंज कोतवाली रूदौली के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 147, 323, 504, 506, 342 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की धारा 3 (2) (व) के मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए है। न्यायालय ने विजय राज urf उट्टी पुत्र दाता राम के प्रार्थना पत्र पर यह आदेश दिए है। विजयराज ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से आरोप लगाया है कि दिनांक दो जुलाई 2022को रात लगभग साढ़े नौ बजे अल्हवाना गांव के माध्यमिक विद्यालय में मिट्टी पटाई के दौरान अमन पटेल अपने साथियों के साथ आए और मिट्टी पटाई कार्य बन्द कराने लगे पूछने पर जाति सूचक गाली देते हुए।

# रामायण मेला समिति के द्वारा आयोजित रामायण मेला का आज विभिन्न कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** सरयू की गोद में स्थित श्री राम कथा पार्क के पावन प्रागंण में रामायण मेला समित द्वारा 42वे रामायण मेला के अंतिम षष्टम दिवस का शुभारम्भ सुबह श्री अजय पाण्डेय की टीम द्वारा रामलीला के प्रसंग मे लंका विजय कर श्री राम जी की अयोध्या वापसी हुई, तत्पसचात श्री राम जी का राज तिलक किया जाता है का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया ,अपराह्न के प्रवचन सत्र का सुभारम्भ डाक्टर सुनीता शास्त्री ने प्रज्ज्वलित कर के किया, गया श्री सुरेन्द्र पाल दास महाराज ने कहा की रामचरित मानस सुवाच्य ग्रंथ है, यानी की रामचरित मानस सभी व्यक्तियों के वाचन योग्य है, राम चरित मानस में जो भक्ति केवट को मिला है वैसी भक्ति किसी को नहीं मिला है, तुलसी द्वारा रचित विनय पत्रिका में कहा की भगवान राम ने कहा की जो स्वाद सबरी के बेर मे था वैसा स्वाद मां द्वारा खिलाए गए भोजन में भी नही था' अगले क्रम में श्री कथा व्यास मोती लाल शास्त्री ने 'सतगुरु महंतो की महानता की चर्चा' पर प्रवचन किया.. तत्पसचातश्री आचार्य श्री जलेश्वर महराज ने परवचन में कहा की भगवान राम का नाम लेने से जीवन मात्र धन्य हो जाता है , प्रो. जनार्दन उपाध्याय ने विगत पांच दिवस से चल रहे रामायण मेला की महत्ता व उपलब्धता पर चर्चा की ,परवचन सत्र का समापन डा सुनीता शास्त्री के प्रवचन से हुआ उन्होंने कहा कि 'सर्वोपारि श्री राम चरित्र है', इस दौरान पूर्व सांसद डा निर्मल खत्री मौजूद रहे,मंच का संचालन श्री कमलेश सिंह ने किया तत्पशात सांयकाल सांस्कृतिक संध्या का सुभारम्मभ श्री आई जी प्रवीण कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत शुक्ला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रत्युष आनंद मिश्र एवम न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सोनल उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर के किया।

## अयोध्या की सड़कों पर तमिल, तेलुगू में भी लगाई जाएंगी निर्देश पट्टिकाएं

**अयोध्या।** अयोध्या के मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए मार्गों पर निर्देश पट्टिका लगाई जाएंगी। देश के विभिन्न भागों से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए यहां अलग अलग भाषाओं में पट्टिका लगाई जाएंगी। इनमें दक्षिण की तमिल, तेलुगू जैसी बडे पैमाने पर बोली जाने वाली भाषाओं में भी पट्टिकाएं होंगी। ये जानकारी अयोध्या पहुंचे एडीजी जोन पियूष मोर्डिया दी।

उन्होंने बताया कि प्रमुख मंदिरों की तरफ जाने वाले मार्गों को चिन्हित कर उन मार्गों पर यथासंभव यथा आवश्यकता के अनुसार श्रद्धालुओं के चलने के लिए योजना बनाई गई है। जिस मार्ग से पैदल यात्री जा सकें, उन मार्गों पर वाहनों को जाने से रोका जाएगा। यह भी निर्धारित किया जा रहा है कि जहां पर वाहनों के आने की आवश्यकता है, वहां वे इस प्रकार से आएं कि अन्य लोगों का आना-जाना बाधित न हो। मार्गों की आवश्यकता के अनुरूप प्लान तैयार किया जा रहा है।

# खेलों में छात्र–छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

लोकमित्र ब्यूरो

**पूरा बाजार अयोध्या।** प्रभा पब्लिक स्कूल रामपुर सरधा के परिसर में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित व संरक्षक ओम प्रकाश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके वार्षिक खेल का शुभारंभ कराया जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है छात्र-छात्राएं खेलों के माध्यम से स्वस्थ रहते हैं और स्वस्थ रहकर ही अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकते हैं



क्रिकेट बालक वर्ग में लाइफ हाउस के खिलाड़ी शशांक गौतम के बेहतरीन बल्लेबाजी व शुभम यादव के गेंदबाजी से विजेता बना। क्रिकेट बालिका वर्ग में स्नेहा सिंह की बेहतरीन बल्लेबाजी व अनामिका की गेंदबाजी से लव हाउस विजेता बना। खो खो बालक वर्ग में अंकुर सिंह और बालिका वर्ग में अंशिका पाल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वॉलीबॉल में आयुष तिवारी के बेहतरीन प्रदर्शन से ऑनेस्टी हाउस विजेता बना। बैडमिंटन में लाइफ हाउस के श्रेयांश सिंह बालिका वर्ग में लव हाउस के सुरभि को सफलता मिली। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पिरामिड बनाया गया जिसे देखकर दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। इसी तरह नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों द्वारा कई प्रकार के रेस आयोजित किए गए सभी विजेता व खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व आलोक कुमार सिंह रोहित ने शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रबंधक भूपेंद्र सिंह 'भूप' ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सूर्यवंशी अंकुर, जयप्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य प्रमोद दूबे, अमन सिंह, दिनेश तिवारी, लवकुश यादव, ज्ञानदास, सीमा वर्मा, मोनिका यादव, कुलदीप मिश्रा, ऋषभ तिवारी सहित छात्र छात्राएं, अध्यापक व अभिभावक मौजूद रहे !

## गोलीकांड में शहीद कारसेवकों को सेवा न्यास उत्थान फाउंडेशन ने दिए एक एक लाख का दान

**अयोध्या।** दिल्ली-स्थित सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन ने 1990 में पुलिस फायरिंग में दुर्भाग्यपूर्ण रूप से अपनी जान गंवाने वाले कारसेवकों के परिवारों को प्रत्येक को 1 लाख रुपये की राशि दान की है।इस संस्था को संजीव नेवर और स्वाति गोयल शर्मा चलाते हैं।संजीव नेवर एक डेटा वैज्ञानिक, आईआईटी और आईआईएम के स्नातक और वेदज्ञ हैं, जबकि स्वाति गोयल शर्मा एक प्रसिद्ध पत्रकार और समाज सेविका हैं।इस सहायता राशि को राजेंद्र धारकर, रमेश पांडे और वासुदेव गुप्ता के परिवारों को दिया गया है। फाउंडेशन ने कोठारी बंधुओं की बहन से भी मुलाकात की, जिन्होंने 1990 में अपनी जान गंवाई थी, लेकिन उन्होंने किसी भी सहायता को स्वीकार करने से मना कर दिया।सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन, जो एक दिल्ली-आधारित एनजीओ है, हाशिये पर पड़े और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करती है।

# 'पीएम को पत्र लिख कर श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की'

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा की देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को पत्र लिख कर श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की।उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह ने जीवन पर्यंत शोषितों और और वंचित वर्ग के लोगों की लड़ाई लड़ी है,चौधरी साहब को जब भी अवसर मिला उन्होंने किसानों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए अपनी पूरी क्षमता से कार्य से किया।

रोहित अग्रवाल ने पत्र में कहा कि श्रद्धेय चौधरी सहाब कहते थे कि देश कि ₹समृद्धि और खुशहाली का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है₹ , और इसलिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ग्रामीण भारत के विकास हेतु समर्पित कर दिया।

स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी नें कई संवैधानिक पदों को सुशोभित किया,वे उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री, तत्पश्चात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मंत्री रहे, इसके अलावा वे केंद्रीय कैबिनेट में मंत्री, उप-प्रधानमंत्री तत्पश्चात भारत के प्रधानमंत्री रहे।वे भारत के इकलौते राजनेता हैं, जिन्हें ₹किसान मसीहा₹ कहलाने का गौरव प्राप्त है, यह गौरव उन्हें प्रेम करने वाली इस देश की सम्मानित जनता ने प्रदान किया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि राजनीतिक कारणों के चलते सरकार लगातार इस बात को नजरअंदाज कर रही है, यह प्रश्न बार-बार खड़ा होता है कि चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न अब तक क्यों नहीं दिया गया, क्या वे वंचित और किसानों के नेता थे इसलिए उन्हें अब तक भारत रत्न प्रदान नहीं किया गया, चौधरी चरण सिंह जी पूरे देश के प्रधानमंत्री थे, उन्होंने अपने जीवन में हर वर्ग के लिए संघर्ष किया, हर वर्ग के उत्थान का प्रयास किया। सरकार द्वारा चौधरी साहब के बलिदान को नजरअंदाज करना इस देश की जनता का अपमान हैं।

रोहित अग्रवाल ने कहा कि 23 दिसंबर को जब पूरा देश चौधरी साहब की जयंती किसान दिवस के रूप मना रहा होगा,ऐसे खास दिन पर सरकार जनता की भावनाओं की कदर करते हुए चौधरी साहब के लिए भारतरत्न की घोषणा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करे।

उन्होंने आशा कि मोदी जी पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानो के मसीहा श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह जी के लिए भारत रत्न की घोषणा करने हेतु हर सम्भव प्रयास करेंगे ।

## प्रमुख सचिव एम. देवराज की उपस्थिति में आज बृहद रोजगार मेले का होगा आयोजन

**लखनऊ।** प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 एम. देवराज एवं मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन रमेश रंजन की उपस्थिति में आज 21 दिसम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज लखनऊ एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बृहद रोजगार मेले का किया जा रहा है। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एम0 ए0 खाँ ने बताया कि बृहद रोजगार मेले में 60 से अधिक कम्पनियाँ प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में 6000 से अधिक रिक्तिया होंगी। वेतन 7700 से 27400 रूपये प्रति माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दी जायेगी।

# ऊर्जा राज्य मंत्री डा सोमेंद्र तोमर ने किया राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के अधिवेशन का उद्घाटन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन उत्तर प्रदेश के 76 में वार्षिक महा अधिवेशन का भव्य उद्घाटन ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर द्वारा किया गया । संगठन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूम में पधारे ऊर्जा राज्यमंत्री डॉ सोमेंद्र तोमर ने कहा कि विद्युत अभियंताओं की कार्यकुशलता एवं मेहनत की बदौलत प्रदेश उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है । राज्यमंत्री ने कहा कि सभी अभियंताओं एवं ऊर्जा परिवार को मिलकर हमें इस प्रकार का कार्य करना चाहिए की उपभोक्ताओं का विश्वास विद्युत अभियंताओं के प्रति और बढ़े। साथ ही राज्यमंत्री ने रविंद्रालय में प्रदेश के कोने-कोने से आए हजारों विद्युत अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री से मिलकर आपकी समस्याओं का समाधान कराऊंगा तथा हम सब मिलकर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को बेहतर उपभोक्ता सेवा प्रदान करेंगे। ऊर्जा राज्य मंत्री द्वारा संगठन प्रतिनिधियों के साथ प्रति माह बैठक कर बेहतर उपभोक्ता सेवा और मांगो/ समस्याओं पर चर्चा और उनका समाधान किया जायेगा।

महाधिवेशन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियर और प्रोन्नत अभियंताओं ने प्रतिभाग किया तथा बेहतर उपभोक्ता सेवा हेतु प्रस्ताव और संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा की गई । इसके साथ ही संगठन ने मुख्यमंत्री / ऊर्जा मंत्री से दिनाक 3/12/2022 को हुए समझौते को अतिशीघ्र लागू करने की मांग की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष इंजीनियर जयप्रकाश ने की तथा कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय महासचिव इंजीनियर जीबी पटेल ने किया एवं मुख्य अतिथि के सामने संगठन का मांग पत्र वह समस्याओं को रखा

अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विशेष रूप से आल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजीनियर के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई0 आर0 के0 त्रिवेदी,महासचिव इं0 अभिमन्यु धनकर, आल इंडिया फेडरेशन ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर के सलाहकार ई0सुधीर पवार,डिप्लोमा महासंघ उत्तर प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ई0 एच के मिश्र,महासचिव ई नितिन श्रीवास्तव आदि ने प्रदेशभर से आए जूनियर इंजीनियर एवम प्रोनत्त अभियंताओं को महाधिवेशन शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर संगठन के संरक्षक ई0 सतनाम सिंह, ने कहा कि जूनियर इंजीनियर,इंजीनियर संगठन और उसके सदस्य सरकार की मंशा के अनुरूप बेहतर उपभोक्ता सेवा और विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ती के लिए कटिबद्ध है।

# रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर शराब बेचने पर अखिलेश का तंज, भाजपा के पास अर्थव्यवस्था के लिए यही रास्ता बचा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी सरकार द्वारा प्रदेश के रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड शराब बेचने की अनुमति देने पर कहा कि क्या अब भाजपा सरकार के पास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन बनाने के लिए यही रास्ता बचा है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब तो यही हुआ कि प्रदेश में लाखों-करोड़ों के निवेश का जो दावा किया गया वो झूठा है।

उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि प्रिय प्रदेशवासियों, उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के पास 1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए क्या यही एक रास्ता बचा है कि शराब रेलवे, मेट्रो स्टेशन व क्रूज पर बेची जाए। इसका मतलब ये हुआ कि लाखों-करोड़ों के निवेश के जो भी दावे किए गए थे, वो सब झूठे साबित हुए हैं, तभी तो सरकार ऐसे अनैतिक रास्तों को अपना रही है। आज शराब बिक रही है कल को दूसरे और भी मादक पदार्थ सार्वजनिक जगहों पर बेचे जाएंगे।

अगर भाजपाई समझते हैं कि शराबखोरी इतनी ही अच्छी है तो अपने कार्यालयों से बेचें, सार्वजनिक स्थलों को अराजकता और अपराध का केंद्र न बनाएं। सरकार ऐसे फैसलों से घर-परिवार को बर्बाद न करे। महिलाएं और बच्चे जानते हैं कि शराब किस प्रकार घरेलू हिंसा से लेकर सार्वजनिक हिंसा का कारण बनती है और युवाओं के लिए घातक साबित होती है।

इस फैसले के विरोध में प्रदेश की महिलाएं, परिवारवाले और युवा, भाजपा को हटाने का फैसला करेंगे। शराब और अपराध का गहरा संबंध होता है। ये भाजपा राज में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के जीरो हो जाने का एक और उदाहरण बनेगा।

# इंडिया गठबंधन यूपी में डबल इंजन की सरकार का बैंड बजा देंगी : विजय कुमार लाल श्रीवास्तव

**लखनऊ** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने अपने एक बयान में कहा है कि भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष का भी बहुत महत्वपूर्ण रोल होता है। परंतु बड़े खेद की बात है की संसद के सामने माथा टेकने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में 141 सम्मानित संसद सदस्यों को संसद से निष्कासित किया जाना लोकतंत्र को शर्मसार करता है यह सीधे लोकतंत्र की हत्या है श्री श्रीवास्तव ने कहा की मोदी की बीजेपी पार्टी गाँधी जी लोकनायक जय प्रकाश नारायण चौधरी चरण सिंह बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ,डॉक्टर लोहिया के विचारों से काफी दूर हो गई है। मोदी की बीजेपी मूल्य हीन दल बदलवो की पार्टी है जो तानाशाही के द्वारा राज करना चाह रही है। श्री श्रीवास्तव ने कहा की देश की जनता ने आजादी के बाद तानाशाही राज को नहीं बर्दाश्त किया है जैसे 1977 में तानाशाही के खिलाफ जनता पार्टी की सरकार बनी थी वैसे मोदी सरकार के ख़िलाफ इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन यूपी में डबल इंजन की सरकार का बैंड बजा देंगी और लोकसभा की 80 में 80 सीट जीतेगी। श्री श्रीवास्तव ने कहा की मोदी जी के राज में महंगाई, बेरोजगारी और उन्माद बड़ा किसानों की कोई सुनवाई नहीं हुए 1 गांव का कोई विकास नहीं हुआ कुपोषण और गरीबी से देश जूझ रहा है। गरीब गुर्गा बेचारा बन कर जी रहे है श्री श्रीवास्तव ने कहा की यदि गन्ना का मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल किसानों के महान नेता चौधरी चरण सिंह के जयंती तक यूपी सरकार ने नहीं घोषित किया तो लखनऊ में 26 दिसंबर को विशाल धरना प्रदर्शन होगा।

# कांग्रेस ने शुरू की यूपी जोड़ो यात्रा, शाकुंभरी देवी मंदिर से हुई शुरुआत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा बुधवार को सहारनपुर से शुरू हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शाकुंभरी देवी मंदिर में दर्शन पूजन के बाद यात्रा की शुरुआत की। कांग्रेस की ओर से निकल जा रही इस यात्रा को लेकर जिला प्रशासन को सूचना दी गई है। हालांकि जिला प्रशासन ने यात्रा निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया साथ ही शांति व्यवस्था और सुरक्षा कारणों से यात्रा न निकालने की अपील की है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उन्होंने यात्रा के संबंध में सप्ताह भर पहले ही सूचना दे दी थी और निर्धारित रूट पर यात्रा निकालेंगे। यात्रा शाकुंभरी देवी मंदिर से शुरू होकर कुरेसन चौक पर पहुंची। यहां पार्टी के स्थानीय नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का स्वागत किया।

जनसभा के दौरान अजय राय ने कहा कि जनता के हितों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस मैदान में उतर आई है। उन्होंने मांग की है कि गन्ना किसानों को कम से कम 500 रुपये प्रति क्विंटल दाम मिलना चाहिए।

### यात्रा से जुड़ने के लिए टोल फ्री नंबर जारी

कांग्रेस ने यात्रा से लोगों को जोड़ने के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी कर दिया है। नंबर पर मिस कॉल देकर यात्रा से जुड़ा जा सकता है। यूपी जोड़ो यात्रा से जुड़ने के लिए नीचे दिए गए नम्बर पर मिसकॉल करें... 18002124288

# मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से वेतन निर्गत किये जाय : मंत्री आशीष पटेल

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने विधान सभा स्थित सभागार में प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री एवं डिप्लोमा सेक्टर की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री एवं डिप्लोमा सेक्टर हेतु शासन द्वारा जारी बजट का शत प्रतिशत उपयोग किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रों के हित मे नए प्रस्ताव तैयार कर उसके लिए बजट की मांग प्रस्तुत की जाय। छात्रों के लिए कॉलेज में मल्टीपर्पज हॉल का प्रस्ताव तैयार किया जाय, जिससे कि एक ही जगह सभी सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध हो सके। सभी कॉलेजों के निदेशक अपने संस्थान को और बेहतर बनाने के प्रस्ताव भी प्रस्तुत करें। संस्थानो में बिजली की खपत कम करने पर जोर दिया जाय। संस्थानो में सोलर रूफ टॉप लगाया जाये। उन्होंने गोण्डा, बस्ती, मिर्जापुर तथा प्रतापगढ़ के नवीन इंजीनियरिंग कॉलेजों की विस्तार से चर्चा की।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि तीनो विश्वविद्यालयों एवं सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों का प्रवेश बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। संस्थानो में स्टार्टअप योजना को बढ़ावा देने का कार्य किया जाय। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत छात्रों को कौशल परक प्रशिक्षण प्रदान किया जाय। इसके लिए प्रत्येक कॉलेज में कम से कम 50 छात्रों को प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जाय।

तीनो विश्वविद्यालयों एवं सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों के निदेशको को निर्देशित किया कि संस्थानो में सभी रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही की जाय। तीनो विश्वविद्यालयों एवं सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में समूह ग के रिक्त पदों के संबंध में अधियाचन 31 दिसम्बर 2023 तक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेज दिया जाय। नियुक्ति प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश शासन से निर्धारित आरक्षण के नियमों का शत-प्रतिशत पालन किया जाय।

## वाराणसी जं. (कैंट) रेलवे स्टेशन से संचालित की जाएगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस (BSBS) स्टेशन से संचालित होने वाली गाड़ी संख्या 22415/22416 बनारस-नई दिल्ली- बनारस वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के प्रारंभिक /गंतव्य स्टेशन मे परिवर्तन किया गया है।यह ट्रेन नियमित रूप से उत्तर रेलवे के वाराणसी (BSB) स्टेशन से संचालित की जाएगी। दिनांक 20.12.2023 से गाड़ी संख्या 22416 नई दिल्ली- बनारस वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का गंतव्य स्टेशन बनारस के स्थान पर वाराणसी जं. (कैंट) एवं दिनांक 21.12.2023 से गाड़ी संख्या 22415 बनारस-नई दिल्ली वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का प्रारंभिक स्टेशन बनारस के स्थान पर वाराणसी जं. (कैंट) निर्धारित किया गया है। 21 दिसम्बर 2023 से वन्दे भारत ट्रेन की नियमित सेवा प्रत्येक मंगलवार (दोनों ओर) को छोड़ कर सप्ताह में 06 दिन चलेगी।

# वेतन कटने से नाराज कर्मचारियों ने ट्रॉमा सेंटर पर जड़ा ताला, बोले- छुट्टियों का पैसा भी काट लिया

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्विद्यालय के ट्रॉमा सेंटर पर बुधवार को आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने ताला बंद कर दिया। कर्मचारियों ने बताया कि उनके वेतन में से रविवार और गजेटेड छुट्टी का पैसा भी काटा जा रहा है। इससे नाराज कर्मचारियों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा।

कर्मचारियों ने बताया कि उनको जितना वेतन मिलता है उसमें जैसे तैसे काम चलता है। इस बार उनके वेतन में दो से चार हजार रुपए की कटौती कर दी गई है। ऐसे में उनके पास प्रदर्शन के सिवाय कोई चारा नहीं है।

कर्मचारियों ने सबसे पहले ओपीडी में पर्चा बनाना बंद किया। इसके बाद उन्होंने ट्रामा सेन्टर पर जाकर ताला बंद कर दिया। इस बीच काफी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मरीजों को दूसरे गेट से अंदर भेजा गया लेकिन प्रदर्शन के चलते ट्रॉमा सेंटर में एंबुलेंस की लाइन लग गई।

### मौके पर नहीं पहुंचे केजीएमयू के जिम्मेदार

इस पूरे मामले में केजीएमयू प्रशासन की भूमिका उदासीन रही है। ओपीडी ठप होने से लेकर ट्रॉमा सेंटर पर ताला लगने के बावजूद मौके पर कोई भी जिम्मेदार नहीं पहुंचा। इससे कर्मचारियों की नाराजगी और भी बढ़ गई। उन्होंने केजीएमयू प्रशासन चोर है के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। पुलिसकर्मियों ने ही मौके पर मोर्चा संभाला। इस दौरान कर्मचारियों ने ट्रॉमा सेंटर के पर्चे बनवाने बंद कर दिए। ट्रॉमा सेंटर के दूसरे गेट को भी बंद करने का प्रयास किया लेकिन पुलिसकर्मियों ने ऐसा होने से रोक दिया। सामान्य मरीजों को ट्रायल एरिया में रखा गया। वहीं, गंभीर मरीजों को अंदर भेजा गया।

### लारी कार्डियोलॉजी की ओपीडी भी ठप

कर्मचारियों ने प्रदर्शन के दौरान लारी कार्डियोलॉजी की ओपीडी भी ठप कर दी। इसके बाद कर्मचारियों ने सड़क पर भी जाम लगा दिया जिसमें कई एंबुलेंस फंस गईं। करीब दस मिनट बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। इसके बाद सभी कर्मचारी आकर ट्रॉमा सेंटर में डट गए।

### प्रदर्शन की वजह से वापस गए मरीज

कर्मचारियों के प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार की वजह से मरीजों को काफी समस्या हुई। ऐसे में कई गंभीर मरीजों को उनके तीमारदार वापस लेकर भी चले गए। रायबरेली निवास रमेश ने बताया कि उनके मरीज की हालत बेहद खराब है। उसे एंबू बैग पर रखा गया है। यहां के हंगामे बवाल में इलाज संभव नहीं है। ऐसे में वे उसे लेकर दूसरे अस्पताल जा रहे हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिख कर श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की : रोहित अग्रवाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा की देश के प्रधानमंत्री मोदी जी को पत्र लिख कर श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की।उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह ने जीवन पर्यंत शोषितों और और वंचित वर्ग के लोगों की लड़ाई लड़ी है,चौधरी साहब को जब भी अवसर मिला उन्होंने किसानों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए अपनी पूरी क्षमता से कार्य से किया।

रोहित अग्रवाल ने पत्र में कहा कि श्रद्धेय चौधरी सहाब कहते थे कि देश कि ₹समृद्धि और खुशहाली का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है₹ , और इसलिए उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन ग्रामीण भारत के विकास हेतु समर्पित कर दिया।

स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी नें कई संवैधानिक पदों को सुशोभित किया,वे उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री, तत्पश्चात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मंत्री रहे, इसके अलावा वे केंद्रीय कैबिनेट में मंत्री, उप-प्रधानमंत्री तत्पश्चात भारत के प्रधानमंत्री रहे।वे भारत के इकलौते राजनेता हैं, जिन्हें ₹किसान मसीहा₹ कहलाने का गौरव प्राप्त है, यह गौरव उन्हें प्रेम करने वाली इस देश की सम्मानित जनता ने प्रदान किया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि राजनीतिक कारणों के चलते सरकार लगातार इस बात को नजरअंदाज कर रही है, यह प्रश्न बार-बार खड़ा होता है कि चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न अब तक क्यों नहीं दिया गया, क्या वे वंचित और किसानों के नेता थे इसलिए उन्हें अब तक भारत रत्न प्रदान नहीं किया गया, चौधरी चरण सिंह जी पूरे देश के प्रधानमंत्री थे, उन्होंने अपने जीवन में हर वर्ग के लिए संघर्ष किया, हर वर्ग के उत्थान का प्रयास किया। सरकार द्वारा चौधरी साहब के बलिदान को नजरअंदाज करना इस देश की जनता का अपमान हैं।

# किसानों के समस्त पेराई योग्य गन्ने की चीनी मिल तक आपूर्ति कराने के लिये गन्ना विकास विभाग दृढ़ संकल्पित

### » एक क्लिक पर ऑनलाईन प्रदेश की चीनी मिलों में लागू की गई अतिरिक्त सट्टे की सुविधा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** गन्ना किसानों के हितों के लिये संवेदनशील प्रदेश सरकार ने किसानों के पास उनके निर्धारित सट्टे से अतिरिक्त गन्ना उत्पादन की सुगम एवं सामान्य आपूर्ति हेतु किसानों द्वारा की गई मांग के दृष्टिगत प्रदेश की चीनी मिलों में एक साथ 1,424 लाख कुन्तल अतिरिक्त सट्टे की सुविधा ऑनलाईन प्रदान कर एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि गन्ना किसानों का हित सरकार के एजेण्डे में सर्वोपरि है। विभाग द्वारा चीनी मिलों के गन्ने की आवश्यकता की पूर्ति एवं किसानों के बेसिक कोटा में वृद्धि किये जाने के दृष्टिगत कृषक हित में अतिरिक्त सट्टे की सुविधा हेतु समितियों द्वारा कोई प्रशासनिक शुल्क नहीं लिया जायेगा। अतिरिक्त सट्टे की सुविधा से गन्ना किसानों को उनके पास उपलब्ध गन्ना उत्पादन की आपूर्ति के लिये पर्ची की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा, क्योंकि विभाग द्वारा 1,424 लाख कुन्तल अतिरिक्त गन्ना सट्टा किसानों के पूर्व निर्धारित बेसिक सट्टे में जोड़ते हुए चीनी मिलों का कुल सट्टा उनकी निर्धारित गन्ना आवश्यकता के अनुरूप हो गया है। वहीं किसानों को अतिरिक्त सट्टा का लाभ भी 7वें पक्ष से दिये जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे उन्हें अपने गन्ने की आपूर्ति में और अधिक सहूलियत होगी।

चीनी मिलों में लागू किये गये अतिरिक्त सट्टे की मात्रा के निर्धारण हेतु सर्वप्रथम ऐसे कृषक जिनके सट्टे की मात्रा मिल के गत पेराई सत्र की प्रति हेक्टेअर औसत गन्ना आपूर्ति से कम हो तो उन्हें मिल की गत पेराई सत्र की औसत गन्ना आपूर्ति तक अतिरिक्त सट्टे का लाभ उनकी उपज की 85 प्रतिशत सीमा तक दिया जायेगा। यदि ऐसे कृषकों से अन्तर आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है तो इसे यथावत लागू किया जायेगा, किन्तु यदि ऐसे कृषकों का सट्टा सम्बन्धित मिल की गत पेराई सत्र की औसत आपूर्ति के स्तर तक लाने में अन्तर आवश्यकता से अधिक हो जाता है तो इन कृषकों पर भी प्रोरेटा का सिद्धान्त लागू होगा तथा यदि ऐसे कृषकों का उपर्युक्तानुसार आंगणित सट्टे से सम्बन्धित मिल की अन्तर आवश्यकता की सम्यक पूर्ति नहीं हो पाती है तो अन्तर आवश्यकता की शेष सीमा तक अन्य कृषकों को भी प्रोरेटा के अनुसार अतिरिक्त सट्टे की सुविधा देय होगी।

इस अतिरिक्त सट्टे में बढ़ी हुई पर्चियों पर गन्ना आपूर्ति हेतु किसानों का विश्वास गन्ना विभाग और चीनी मिलों के प्रति दृढ़ होगा। कृषक हित में लागू की गई इस सुविधा से कृषकों को प्रति हेक्टेयर अधिक मात्रा में गन्ना आपूर्ति की सुविधा प्राप्त होगी तथा छोटे गन्ना कृषक अपना गन्ना समय से चीनी मिल को आपूर्ति कर सकेंगे। ड्रिप इरीगेशन के माध्यम से सिंचाई करने वाले गन्ना कृषकों को अतिरिक्त सट्टे में प्राथमिकता दी जायेगी तथा अतिरिक्त सट्टे में अस्वीकृत प्रजातियों के गन्ने को सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने गोवा में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे गांधीवादी एक्टिविस्ट को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया

**लखनऊ।** गोवा लिबरेशन डे गोवा की स्वतंत्रता की 62वीं वर्षगांठ के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने गोवा में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे गांधीवादी एक्टिविस्ट श्री कुमार कलानंद मणि के साथ सर्वश्री वरिष्ठ पत्रकार अवित बागले, भारती बांडोंतकर, नीरज नाईक, सोशल एक्टिविस्ट संगीता नाईक, गोवा विष्वविद्यालय में हिंदी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 विपिन तिवारी, अंजलि नाईक, गांव के सरपंच दुर्गादास नाईक, दिनेश नाईक, शोध छात्र अभिषेक को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी ने उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में समाजवादी सरकार में हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्यों और समाजवादी पार्टी की नीतियों की चर्चा की।

# समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में महान संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी, प्रदेश मुख्यालय में आज महान संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी गयी। पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी ने गाडगे जी के चित्रपर माल्यार्पण कर नमन किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि महान संत गाडगे महाराज सामाजिक क्रांति के अग्रदूत एवं स्वच्छता अभियान के जनक थे। उन्होंने सामाजिक न्याय दिलाने के लिए कार्य किया। जीवन पर्यन्त गरीबों, अनाथों, विकलांगों की सेवा की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अरविन्द कुमार सिंह, व्यासजी गोंड राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जन जाति प्रकोष्ठ, अभिषेक यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया वाहिनी सहित सर्वश्री लौटनराम निषाद, कुलदीप यादव राष्ट्रीय सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, सोनू कन्नौजिया, इन्द्रसेन शास्त्री, उपेन्द्र पाल सिंह रजक, दारा सिंह यादव, संतोष शाक्य, राज किशोर भोजवाल, के.पी. शाक्य, राकेश यादव, सुमित कुमार यादव एडवोकेट, संघर्ष अम्बेडकर, सुरेन्द्र यादव, डॉ0 हरिश्चंद्र यादव, महताब सिंह, राधेश्याम, शर्मिला महाराज, राजन कन्नौजिया, निखिल कन्नौजिया, जयराम कन्नौजिया, शनी कन्नौजिया, सुजीत कन्नौजिया आदि नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। संत गाडगे जी के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ मोहान रोड स्थित अभिनंदन रिजार्ट में गाडगे जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वश्री सोनू कन्नौजिया पूर्व प्रत्याशी मलिहाबाद विधानसभा, मोनू कन्नौजिया, किशुन राम कन्नौजिया, राम प्रकाश तथा डीएम खट्टा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### बीजेपी नेता ने अपनी ही पार्टी के ब्लाक प्रमुख पर लगाए करोड़ों घोटाले का आरोप

जौनपुर। बीजेपी नेता ने अपनी ही पार्टी के ब्लाक प्रमुख पर करोड़ो के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भारतीय जनता पार्टी के सेक्टर प्रभारी देवी प्रसाद मिश्रा ने अपने ही पार्टी के ब्लाक प्रमुख पर आरोप लगाते हुए बताया कि ब्लाक प्रमुख शौचालय समेत जो कार्य उन्होंने नहीं करवाया उसमें भी घोटाला कर रहें हैं। देवी प्रसाद भाजपा संगठन से लगभग 40 सालों से जुड़े हुए हैं। शिकायतकर्ता देवी प्रसाद ने बताया कि हमारे गांव में कुल 80 ब्लाक है जिसमें से कुछ ब्लाक छोड़कर सब में घोटाला हो रहा है। बीजेपी नेता ने बताया कि घोटाले की शिकायत जिलाधिकारी समेत संबंधित अधिकारियों को प्रर्थाना पत्र देकर शिकायत किया लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो हमने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### बाइक से खलासी की मौत

जौनपुर। मंगलवार की रात में ट्रक के खलासी लक्ष्मी बिन्द 35 की मौत हो गई। ज्ञातव्य है कि पूविवि से कुकडीपुर करंजाकला रोड पर स्थित कुकडीपुर गांव के पास मिर्जापुर पंडरी निवासी अपनी टक खड़ी करके बाजार पैदल कुछ सामान लेने जा रहा था तभी खमौरा गांव निवासी प्रमोद कुमार बाइक तेज रफ्तार से आ रहा था और पीछे से जोरदार धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पूविवि चौकी प्रभारी संतोष यादव पहुंचकर घायल खलासी को जिला अस्पताल दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक भी घायल हो गया जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

### ग्राम प्रधान का घर फूंकने का आरोपित गिरफ्तार

खुटहन (जौनपुर)। खुटहन थाना क्षेत्र के डिहियां गांव में बीते 14 नवंबर को अबूझ हाल में लगी आग से हजारों के गृहस्थी के सामान जल जाने के मामले में पीड़ित ग्राम प्रधान के द्वारा दी गई नामजद तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आरोपित अनिल तिवारी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। जिसकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी। बुधवार की भोर उसे पिलकिछा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया। गांव निवासी व ग्राम प्रधान रमाशंकर तिवारी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पड़ोसी अनिल तिवारी उनके पुराने मकान में आग लगा दिए हैं। भीतर रखा 35 क्विंटल भूषा, खाद्यान्न और कीमती लकड़ी जल गई। अगलगी में एक लाख से अधिक की क्षति का दावा किया था। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि आरोपित की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे हिरासत में ले लिया।

### जीएल बजाज बना हैकाथॉन का विजेता

नोएडा दिल्ली के भगवान परशुराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित दो दिवसीय ऑफ़लाइन हैकथॉन–2023 में जीएल बजाज कॉलेज के छात्र ने प्रथम पुरस्कार जीता है। यह हैकाथॉन खुले नवाचार और सभी तकनिकी क्षेत्रों की परियोजनाओं पर आधारित था। जिसमें जीएल बजाज में बी–टेक सीएसई के छात्र हर्ष राज ने भाग लेकर वेब प्लेटफार्म प्रोजेक्ट पर कार्य किया। हर्ष ने बताया कि यह प्रोजेक्ट स्टार्टअप और निवेशकों को निर्माण, बिक्री और पीचिंग के लिए पूर्ण रूप से सहायता करता है। प्रोजेक्ट का कठिन आकलन करने के बाद निर्णायक समिति ने प्रोजेक्ट को विजेता घोषित किया और हर्ष को प्रसस्ति पत्र और 25,000 रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किये। छात्र की इस उपलब्धि के लिए जीएल बजाज शिक्षण संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं।

### पुलिस द्वारा चलाया गया यातायात जागरूकता कार्यक्रम

अमेठी। बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर लगवाते हुए आमजनमानस को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं नियमों के पालन हेतु निवेदन किया गया। कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु वाहनों में नि:शुल्क रेट्रोरिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए एवं सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की गयी एवं जुर्माना योजित किया गया।

### तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी। बुधवार को उ0नि0 रामहिन्द सिंह थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त राजेन्द्र उर्फ सडकू पुत्र नथई नि0 पूरे चन्द्रिका मजरे छीछा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को तिसवा ताल नहर पुलिया के पास से समय करीब 09:30 सुबह गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त एवं बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। बुधवार को उ0नि0 विपिन बिहारी सिंह थाना इन्हौना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त मो0 जाकिर पुत्र स्व मो0 रमजान नि0 दिलावलगढ़ मजरे आजादपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को दिलावलगढ़ मोड़ के पास से समय करीब 05:15 बजे प्रात: में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 22 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। बुधवार को उ0नि0 राजकुमार सिंह थाना जायस मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शिवकुमार पुत्र रामकेवल पासी नि0 पूरे पासिन मजरे फत्तेपुर मवईया थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को खरौली पुल के पास से समय करीब 11:02 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया।

# 'विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की समीक्षा स्वयं कर प्रगति में लाएं सुधार'

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को सीएम डैशबोर्ड पर आधारित शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं/कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार/योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण आदि, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना/वितरण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना (भौतिक/वित्तीय), दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना, प्रोबेशन विभाग की योजना, ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना (अवस्थापना सुविधाएं), मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली, तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने आदि, विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशानुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्ति, ग्रामों का ऊर्जीकरण, ट्रान्सफार्मरों का प्रतिस्थापन, कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## धड़ल्ले से प्रयोग हो रही पॉलीथिन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** जनपद में बेखौफ होकर पालीथोन का धड़ले से उपयोग, यूं तो देश में आम जनता की भलाई के लिए तमाम तरह के कानून बनाए जाते हैं लेकिन जितनी तत्परता इन कानूनों को बनाने में दिखाई जाती है उतनी शायद इनका अनुपालन करने में नहीं दिखाई जाती है और कानून के अनुपालन के मामले में जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़े रहते हैं।

बस कुछ इसी तरह से नियमों को होने लगती है अकर्मण्यता इन दिनों अक्सर देखा गया सब्जी की दुकान बैठे विक्रेता द्वारा और होटलों पर एक स्थान से दूसरे स्थान चाय ले जाने का सबसे सस्ता माध्यम हैं। हैरत की बात हैं कि 16 दिसम्बर 23 जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा था, कि ज्यादा से ज्यादा छापेमारी करते हुए पालिथीन को जब्त कर एक अभियान के तौर पर शहर को पालिथीन मुक्त बनाया जाय परन्तु बिडम्बना देखें न कोई रोकथाम असर दिखाई पड़ रही, यहां तक जिम्मेदार द्वारा मीडिया में अभीतक कोई कार्रवाई जानकारी न साझा हुई। सूत्र बता रहे कि शहर में कई स्थानों पर धड़ल्ले से उपयोग हो रहा हैं। निपटने के लिये सभी को सजग होना होगा। यहांतक कि पेय या खाद्य पदार्थ पॉलीथिन में रखने से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। होटलों पर तेजी से प्रयोग बढ़ा है, जबकि प्लास्टिक के गिलासों में चाय या फिर गर्म दूध का सेवन करने से उसका केमिकल लोगों के पेट में चला जाता है फलस्वरूप इससे डायरिया के साथ ही अन्य गंभीर बीमारियां की सम्भावना भी रहती है। यह काफी खतरनाक है। सवाल बड़ा! जिले में कब गम्भीरता से रोकथाम की पहल होगी?

## लोहे के गेट के नीचे दो बच्चों के दबकर मरने के मामले में ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर, जेई निलंबित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मुरादनगर।** मेन कस्बा रोड पर टाउन स्कूल के सामने स्थित एकता पार्क का लोहे का गेट गिरने ने उसके नीचे दबकर बच्चे की मौत मामले में ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर हुई है। इसके अलावा तीन सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने नगर पालिका परिषद के जेई को निलंबित कर किया और पालिका परिषद के चेयरमैन और ईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जिलाधिकारी ने मंगलवार को कार्रवाई की रिपोर्ट प्रमुख सचिव को भेज दी है।

सोमवार शाम करीब पांच बजे कच्ची सराय झील वाली मस्जिद निवासी शहजाद का बेटा सुब्हान बच्चों के साथ खेल रहा था। खेलते समय पार्क का लोहे का मेन गेट बच्चे पर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। इसके अलावा दो बच्चे घायल हो गए थे। इस दौरान लोगों ने खूब हंगामा किया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की दोपहर बच्चे का शव घर पहुंचा। परिजनों को रोकर बुरा हाल रहा। सुब्हान के चाचा ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। ठेकेदार फरार है। एसपी नरेश कुमार ने बताया कि शादाब की तहरीर पर ठेकेदार मनोज शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मंगलवार को जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर पार्क से ईट, प्लास्टर व मसाले समेत अन्य सामग्री लेकर जांच के लिए भेजी।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पार्क निर्माण के दौरान घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था। मांग है कि पार्क का निर्माण करने वाले ठेकेदार और जो भी इसमें शामिल है उस पर कठोर कार्रवाई हो।

### थानों द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को किया गया जागरूक

**अमेठी।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति" अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर व जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैश बोर्ड के सम्बन्ध में आज कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में सी0एम0 डैशबोर्ड की विस्तृत समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी को सामूहिक विवाह योजना तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में प्रगति खराब होने के कारण प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई, जिला पंचायतराज अधिकारी को समस्त योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने पर माह के अन्त तक शत-प्रतिशत प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम को एक सप्ताह के अन्दर प्रगति बढ़ाने को निर्देशित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं में प्रगति संतोषजनक न होने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रगति बढ़ाने को निर्देशित किया गया तथा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं से आमजन को लाभान्वित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर अपने विभागीय प्रपत्रों का अवलोकन करते हुए विभाग से सम्बन्धित रैंक में अपेक्षित सुधार लाएं, जिससे जिले की ओवर आल रैंकिग और बेहतर हो सके साथ ही यह भी निर्देश दिया कि बी, सी, डी व ई रैंक वाले विभाग प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए महीने के अंत तक सुधार लाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाए। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि विद्यार्थियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए और अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण के निर्धारित लक्ष्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करे जिससे रैंकिंग ठीक हो सके। सी0एम0 डैशबोर्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों यथा अतिरिक्त ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जिलापूर्ति विभाग, पंचायती राज विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, सूचना लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा समाज कल्याण विभाग की समीक्षा की गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में खंड विकास अधिकारी ने लिया भाग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बरसठी।** जौनपुर विकास खंड के चकदोस्त दियाँवा में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को ग्राम पंचायत सचिवालय पर किया गया। ग्राम सभा की जनता को एकत्रित कर विकसत भारत संकल्प यात्रा की जानकारी खंड विकास अधिकारी राकेश मिश्रा ने बताया उन्हों ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है जो 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है उसी के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है।

जिसमे मुख्य बाते प्रधानमंत्री विकसित भारत वैन के जरिये डिजिटल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर बताई जा रही है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यो का लाभ पूर्ण रूप से मजदूरों तक पहुंचे और गांव के किसानों का लाभ हो। दूसरा काम आवास को लेकर बताया प्रधानमंत्री आवास योजना व दूसरा मुख्यमंत्री आवास योजना की जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी ने बताया कि अब सीधे लाभार्थी के खाते में आवास का पैसा जा रहा है जिसको आप समय से बनवाये। वही राष्ट्रीय आजीविका मिशन जो कि महिलाओ के लिये बेहतरीन योजना चलाई जा रही है। जिसमें घर बैठी महिलाओ को आसानी से समूह के माध्यम से रोजगार मिल रहा है।

अगर जो महिलाएं इस योजना को नही जानती उन्हें इसकी जानकारी दी जाएगी। पेंशन को लेकर भी कहा कि ऑनलाइन व ऑफलाइन स्किम है। जिसमे वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन,भी लाभार्थियों को दिया जा रहा अगर किसी कारण वश लाभ नही पहुंच रहा तो वह अपने बैंक में जांच कराए और ब्लॉक पर एडीओ कल्याण विभाग अधिकारी से संपर्क करे। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय दिए जा रहे है जिसमे आप को खुले में शौच के लिए न जाना पड़े इस लिए छः हजार रुपये आप को सरकार दे रही है बाकी पैसा आप लगा कर शौचालय बनवाये।

किसान सम्मान निधि को लेकर भी जानकारी दी प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना योजना दी जा रही है इन सब सम्बन्धित बातो को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी दी गई है। वही एक लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना की चाभी, व मुख्यमंत्री आवास योजना की चाभी एक लाभार्थी,व किसान सम्मान निधि का सर्टिफिकेट एक किसान को खंड विकाश अधिकारी ने सौपा। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी अमित सिंह,ग्राम प्रधान इंसान अली व पंचायत सहायक सहित अन्य मौजूद रहे।

### छात्र ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए शिक्षक को पीटा

**जौनपुर।** महराजगंज क्षेत्र के बहोरिकपुर स्थित स्कूल तैनात शिक्षक के डांटने पर छात्र ने शिक्षक को जातिसूचक शब्दों के साथ भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए शिक्षक को पीट दिया। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक अभय कुमार गौतम निवासी चिलांवा प्रतापगढ़ काफी समय उसी स्कूल में से पढ़ा रहें हैं। उसी कक्षा के एक नौवी के छात्र ने स्कूल में गलती की तो शिक्षक ने छात्र को डांटते हुए कक्षा से बाहर निकाल दिया। शिक्षक ने गलती की शिकायत छात्र के परिजनों से फोन पर भी किया जिससे छात्र नाराज छात्र ने सोमवार की शाम जब शिक्षक अभय स्कूल से घर जा रहे थें तभी बगौझर ईंट भट्ठे के पास उन पर हमला कर दिया गया। आरोप है कि शिक्षक के जमीन पर गिर जाने पर लात-घूंसे से मारते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए भद्दी भद्दी गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मारपीट की जानकारी मिलते ही देर शाम स्कूल प्रबंधक दिलीप कुमार यादव ने घटना

## लाल सागर में हुती आतंकवादी निर्यातक परेशान भारत के व्यापार पर भी बढ़ा ख़तरा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**नोएडा।** एसोसिएशन ने एक जानकारी सार्वजनिक कर अपना दुख प्रकट किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि भारत के सभी निर्यातकों एवं आयातकों को एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है जिसका असर आने वाले समय में भारत के बाजारों पर भी पड़ेगा और भारत की जीडीपी पर भी साफ पड़ता दिखाई देगा इसका मुख्य कारण इजरायल और हमास के आतंकवादी के बीच चल रहा युद्ध क्योंकि इस समय पूरा विश्व दो धड़े में बंट चुका है

अमेरिका सहित यूरोपियन कंट्री इस समय इजराइल का साथ दे रही है तो मुस्लिम कंट्री फिलिस्तीन का साथ दे रही है और फिलिस्तीन का साथ हमास के आतंकवादी दे रहे हैं ऐसे में भारत सहित कई छोटे देश से व्यापार करने के लिए जल मार्ग का इस्तेमाल करते हैं जो लाल सागर होते हुए स्वेज नहर के माध्यम से सीधे यूरोपियन व अमेरिका देश को जोड़ता है और ज़्यादातर व्यापार के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल किया जाता है मगर इस समय हुती आतंकियों ने यूरोपियन सहित अमेरिका देश को जाने वाली सप्लाई को बंद करने के लिए मालवाहक जहाजों निशाना बनाना शुरू कर दिया है ऐसा इस लिए किया जा रहा है ताकि इजरायल को समर्थन करने वाले परेशान हो जाएं इस लिए मालवाहक जहाजों को अफ्रीका देश का जल मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ रहा है जिस वजह से हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है इसीलिए संगठन के अध्यक्ष सीपी शर्मा ने भारत सरकार के वाणिज्य मंत्री एवं विदेश मंत्री से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई है।

# 122 नये टीबी मरीजों का डाटा मिला निजी क्षेत्र के नोटिफिकेशन में

» **निजी क्षेत्र का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए सात से 14 दिसम्बर तक चलाया गया था अभियान**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सात से 14 दिसम्बर तक निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए चलाए गये अभियान में 122 नये मरीजों का डाटा मिला है। यह वह मरीज हैं जिनका निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों में उपचार तो चल रहा था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग को इस बारे में जानकारी नहीं दी थी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. आर.पी. सिंह ने बताया- जनपद में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 23 नवम्बर से पांच दिसम्बर तक सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान चलाया गया था, जिसमें जनपद में टीबी के 54 नये टीबी रोगी खोजे गये थे। इसके तुरंत बाद शासन की ओर से निजी क्षेत्र का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए सात से 14 दिसम्बर तक एक अभियान चलाया गया। इस अभियान में नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का सर्वे कर उन्हें टीबी मरीजों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान निजी क्षेत्र में उपचार प्राप्त कर रहे 122 ऐसे मरीज संज्ञान में आये जिनके बारे में स्वास्थ्य विभाग को जानकारी नहीं दी गयी थी।

अब जानकारी मिलने पर विभाग की ओर से उनकी एंट्री निक्षय पोर्टल पर कर दी गई है। पोर्टल पर एंट्री होने के बाद इन मरीजों को शासन की ओर टीबी मरीजों को दी जाने वाली सुविधा मिल सकेगी। गौरतलब है कि टीबी मरीजों को हर माह निक्षय पोषण योजना के तहत पांच सौ रुपये प्रतिमाह उपचार चलने तक दिये जाते हैं। यह राशि मरीज के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। इसके अलावा मरीजों को दवा उपलब्ध करायी जाती है और मरीजों की सहमति पर निक्षय मित्रों की ओर से पोषण सामग्री प्रदान की जाती है।डा. सिंह ने सभी निजी चिकित्सकों व औषधि विक्रेताओं से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा शासन के निर्देश पर नये टीबी मरीजों का नोटिफिकेशन कराना हमारी जिम्मेदारी है। अतः सभी शत-प्रतिशत क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन करें। उन्होंने कहा-जिन निजी चिकित्सालयों, चिकित्सकों, नर्सिंग होम, मेडिकल स्टोर या पैथोलॉजी लैब के अंतर्गत क्षय रोगियों का उपचार चल रहा है, उस चिकित्सालय, चिकित्सक या अन्य से नामित व्यक्ति निक्षय पोर्टल पर क्षय रोगियों के नोटिफिकेशन व पंजीकरण का कार्य जरूर करें। जिला कार्यक्रम समन्वयक अम्बुज पांडेय ने बताया- निजी क्षेत्र का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए चलाये गये अभियान में 112 निजी चिकित्सालयों, नौ निजी लैब, 245 केमिस्ट शॉप का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान 122 मरीज ऐसे पाये गये, जिनका उपचार तो शुरू हो गया था लेकिन निक्षय पोर्टल पर एंट्री ही नहीं की गई थी और न इस बारे में जिला क्षय रोग इकाई को जानकारी दी गयी थी। नोटिफिकेशन के मामले में टॉप टेन में है जिला अम्बुज पांडेय ने बताया टीबी मरीजों के नोटिफिकेशन के मामले में जनपद गौतमबुद्धनगर प्रदेश में टॉप टेन में है। यहां साल भर के लिए निजी क्षेत्र के लिए मिले लक्ष्य 4400 से सापेक्ष 4517 नोटिफिकेशन किये गये। वहीं सरकारी स्तर पर दिये गये लक्ष्य 5999 के सापेक्ष 6128 नोटिफिकेशन अब तक कर दिये गये हैं।

### छात्रा को अभिनेत्री बनाने का झांसा देकर दिल्ली लाकर दुष्कर्म करने के मामले में दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक 10वीं की छात्रा को अभिनेत्री बनाने का झांसा देकर दिल्ली में दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जहां पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी की तलाश की जा रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी 10वीं की छात्रा को अभिनेत्री बनाने का झांसा देकर दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि तीसरा आरोपी अभी फरार है। छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद हीरोइन बनाने का झांसा देकर दिल्ली ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने सोमवार रात तहरीर मिलने पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मोहननगर की राजीव कॉलोनी निवासी अक्षय और सीकरी खुर्द निवासी गौरव और दिल्ली निवासी विपिन के खिलाफ दुष्कर्म सहित कई अलग-अलग धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर अक्षय और गौरव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बकायेदारों पर नगर निगम की कार्रवाई सख्त, बकाया जमा कराएं अन्यथा सीलिंग के लिए रहे तैयार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** नगर निगम के संपत्ति कर विभाग द्वारा सिटी जोन में वार्ड संख्या 19 में संपत्ति कर वसूली हेतु कई भवनो एवं प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही की गई। इसके अंतर्गत श्री सूजन सिंह भवन संख्या 9 पर कार्यवाही के दौरान ऑनलाइन रूपए 35180 का भुगतान कराया। निज़ामुदीन द्वारा भवन संख्या 127 F पर कार्यवाही के दौरान नगद रूपए 35156 का भुगतान कराया। श्री मुकेश कुमार भवन संख्या F 303 पर कार्यवाही के दौरान नगद रूपए 51939 का भुगतान कराया। श्री चन्द्रपाल द्वारा भवन संख्या F 128 पर कार्यवाही के दौरान रूपए 74665 का पूर्ण देयता का भुगतान कराया। श्रीमती मधु अग्रवाल द्वारा संख्या F 26 पर कार्यवाही के दौरान चैक से 67387 रुपये का पूर्ण देयता का भुगतान कराया। श्री महेश चंद द्वारा भवन संख्या 107 BS 7-8 पर कार्यवाही के दौरान चैक से रूपए 50723 का पूर्ण देयता का भुगतान कराया। श्री प्रदीप कुमार द्वारा भवन संख्या F-T-1 पर कार्यवाही के दौरान चैक से 37010 रुपये का पूर्ण देयता का भुगतान कराया। श्री विकास अग्रवाल के भवन संख्या एफ़ 28,1/2 पर कार्यवाही के दौरान संपत्ति को सील किया गया। श्री तिलक राज चौहान द्वारा भवन संख्या 430/2 पर कार्यवाही के दौरान चैक से 121875 रुपये का पूर्ण देयता का भुगतान कराया। श्री हरजीत सिंह के भवन संख्या k-16 पर कार्यवाही के दौरान संपत्ति को सील किया गया। इस कार्रवाई के दौरान जोनल प्रभारी श्री अनिल कुमार अरुण, कर अधीक्षक श्री रामबली पाल, श्री संतोष पाल तथा राजस्व निरीक्षक श्रीमती रुचि जैन, श्री उमेश प्रताप सिंह कर निरीक्षक ll, श्री जितेंद्र कुमार एवं पुलिस बल मौजूद रहे। कुल 473935 रुपए की वसूली की गई।

### जनपद के 220 स्थलों पर वीएचएनडी सत्र का हुआ आयोजन

**एटा।** शासन के निर्देशानुसार बुधवार को जनपद के 220 स्थलों पर वीएचएनडी सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान एएनएम द्वारा टीकाकरण स्थलों पर गर्भवती महिलाओं, बच्चें का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने टीकाकरण स्थलों पर गर्भवती महिलाओं, बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से जनपद के जिला स्तरीय अधिकारियों, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों एवं चिकित्सकों को टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर सभी अधिकारियों, चिकित्सकों ने टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति को चैक किया, तो वहीं टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक टीकाकरण स्थल पर टीकाकरण करने वाली टीम के कर्मचारीगण उपस्थित रहें। आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए।

# 'क्या मैं कहूं कि दलित होने की वजह से संसद में बोलने नहीं..', धनखड़ के 'जाट' वाले बयान पर भड़के खरगे



**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक के बाद से ही सत्ता और विपक्ष आमने-सामने हैं। लगातार विपक्ष द्वारा केंद्र सरकार पर हमला किया जा रहा है। संसद की 'कार्यवाही में व्यवधान' डालने के आरोप में कई विपक्षी सांसदों को संसद के दोनों सदनों में चल रही शीतकालीन सत्र की शेष कार्यवाही से निलंबित कर दिया गया है।

इसी बीच, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा सभापति की नकल उतारने का मामला भी तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे को धनखड़ की तरफ से किसान और जाट का अपमान कहे जाने के मुद्दे पर अब मल्लिकार्जुन खरगे ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही यह सवाल भी किया कि क्या उन्हें हर बार राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर यह कहना चाहिए कि दलित होने के कारण ऐसा हुआ है।

खरगे ने कहा कि सभापति का काम दूसरे सदस्यों को संरक्षण देना है लेकिन वह खुद इस तरह का बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे अक्सर राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है। क्या मुझे यह कहना चाहिए कि मैं दलित हूं... इसलिए... उन्हें जाति के नाम पर बोल कर लोगों को नहीं भड़काना चाहिए।'' खरगे ने कहा, 'जो घटना सदन के बाहर हुई उसके बारे में सदन में प्रस्ताव पारित करना सही नहीं है...क्या प्रधानमंत्री ने सदन का बहिष्कार किया है जो वे सदन में आकर बयान नहीं दे रहे हैं?...सदन के अंदर जाति की बात करके लोगों को भड़काने का काम नहीं करना चाहिए।' खरगे ने सवाल किया कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों सदनों में कुछ भी नहीं कहा लेकिन संसद के बाहर उन्होंने अपनी बात रखी तो क्या प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को माफी नहीं मांगनी चाहिए।

उधर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह देश के लिए बहुत दुखद दिन है जब संवैधानिक पदों पर बैठे लोग अपनी जातियों के बारे में बात करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यह मुद्दा उठाकर संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पूछा कि क्या अब हर किसी को अपनी जाति बताने वाला ठप्पा लगा कर घूमना चाहिए?

### राहुल गांधी बोले- मैं कुछ नहीं बोलूंगा

धनखड़ की नकल उतारने वाले विवाद के बीच पीएम मोदी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से फोन पर बात की, इस पर पत्रकारों द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से सवाल पूछा गया। जवाब देते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।

### विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन, खरगे बोले- हम रुकने वाले नहीं

सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्षी सांसद केंद्र के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। संसद परिसर में मौजूद गांधी प्रतिमा के सामने विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया। इस धरने में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसद मौजूद हैं। इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सांसदों का निलंबन सही नहीं है। सरकार का रवैया पूरी तरह से तानाशाही है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम रुकने वाले नहीं है। केंद्र सरकार के खिलाफ यह प्रदर्शन जारी रहेगा।

# मिमिक्री विवाद पर ममता बनर्जी ने कहा– अगर राहुल गांधी ने वीडियो रिकॉर्ड नहीं किया होता तो...



**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसद लगातार केंद्र पर हमला कर रहे हैं। इसी बीच, सदन की कार्यवाही को बाधित करने के चलते कई विपक्षी सांसदों को शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। विपक्षी सांसद इस मुद्दे पर बुधवार को संसद परिसर में मौजूद गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच बढ़ती तकरार के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में 'इंडिया' गठबंधन की बैठक हुई थी, जिसमें कई विपक्षी दलों ने शिरकत की। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति बनाने पर बैठक में चर्चा की गई।

'इंडिया' गठबंधन को लेकर बुधवार को ममता बनर्जी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का 'इंडिया' गठबंधन के पीएम उम्मीदवार के लिए नाम आगे किया था। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हर जगह 'इंडिया' गठबंधन के पीएम उम्मीदवार को लेकर चर्चा हो रही है।

जहां जाओ, वहां लोग पूछ रहे हैं कि पीएम उम्मीदवार कौन। उन्होंने कहा कि इस सवाल के जवाब में मैंने मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया था। साथ ही उन्होंने दावा किया कि इस प्रस्ताव का दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी समर्थन किया था। साथ ही उनकी पार्टी के सासंद कल्याण बनर्जी द्वारा किए गए राज्यसभा के सभापति के अपमान पर ममता बनर्जी ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नूं की हत्या की साजिश पर पीएम मोदी का पहला बयान, US ने लगाए हैं आरोप



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली बार प्रतिक्रिया आई है। गौरतलब है कि इस मामले में अमेरिका ने भारत से जांच की मांग की है। इस घटना को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि वह मामले में मिले सबूतों को देखेंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इन छोटी-मोटी घटनाओं से भारत और अमेरिका के रिश्तों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

बता दें कि अमेरिकी खुफिया एजेंसी के अधिकारियों ने कुछ दिनों पहले ही अमेरिकी जमीन पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचे जाने का खुलासा किया था। अमेरिका की तरफ से आरोप लगाया गया था कि एक भारतीय शख्स ने पन्नू को मारने के लिए साजिश रची और वह भारत में एक सरकारी अफसर के संपर्क में था। इस मामले में भारतीय अधिकारी की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। हालांकि, अमेरिका ने घटना पर भारत से जांच की मांग की थी।

अमेरिका के इन्हीं आरोपों पर पीएम मोदी ने फाइनेंशियल टाइम्स से बात की। उन्होंने कहा कि अगर हमारे किसी नागरिक ने कुछ अच्छा या बुरा किया है तो हम इस मामले में जांच के लिए तैयार हैं। कानून के राज की तरफ हमारी पूरी प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही खालिस्तानी आतंक का मुद्दा उठाते हुए कहा, 'विदेश में जिस तरह कुछ कट्टरपंथी संगठन गतिविधियां कर रहे हैं, उसे लेकर मैं चिंतित हूं। इस तरह के तत्व अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लोगों को डराने और हिंसा भड़काने में शामिल रहते हैं।'

### भारत-अमेरिका के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा कोई असर: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार इन आरोपों का भारत-अमेरिका के संबंध पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन मौजूद है, जो एक स्थिर साझेदारी का स्पष्ट संकेत है। कुछ घटनाओं को दोनों देशों के राजनयिक संबंधों से जोड़ना मुझे अच्छा नहीं लगता है।'

मैनहट्टन की एक संघीय अदालत में अमेरिकी न्याय विभाग ने दायर अभियोग में भारतीय अधिकारी के खिलाफ आरोपों का उल्लेख किया था। अभियोग के अनुसार, भारतीय अधिकारी 50 वर्षीय भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के साथ काम कर रहे थे, जिसे चेक गणराज्य के अधिकारियों ने इसी साल 30 जून को गिरफ्तार किया था।

# 'समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद जाति जनगणना पर फैसला', विपक्ष की मांग पर शिंदे का एलान



**मुंबई।** पूरे देश में जाति आधारित जनगणना को लेकर लगातार बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी पार्टियां लगातार जनगणना कराने की मांग कर रही हैं। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ कह दिया है कि समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद इस मामले में फैसला लिया जाएगा।

सीएम शिंदे रेशमीबाग इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केबी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारकों पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बुधवार को कहा कि जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय समाज के सभी वर्गों की राय जानने और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा।

गौरतलब है, आरएसएस के पदाधिकारी श्रीधर गाडगे ने मंगलवार को कहा था कि कोई जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल किया था कि इससे क्या हासिल होगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह आंकड़ा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के लिहाज से अच्छा नहीं है। बता दें, कांग्रेस देशव्यापी जातिगत जनगणना के पक्ष में है।

### महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य

आरएसएस पदाधिकारी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य है और इसकी संस्कृति और परंपराएं अन्य राज्यों से अलग हैं। उन्होंने कहा कि यहां सभी समुदाय और जातियां एक साथ रहती हैं, एक साथ काम करती हैं और एक साथ जश्न मनाती हैं। इसलिए, समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सही फैसला लिया जाएगा।

### मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है

भाजपा से जुड़े मंत्री और विधायक हर साल नागपुर में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान हेडगेवार और गोलवलकर के स्मारक पर जाते हैं। पिछले साल भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले शिंदे ने कहा, 'हम हर साल शीतकालीन सत्र के दौरान डॉ. हेडगेवार के स्मारक पर जाते हैं। मुझे शांति महसूस होती है और यहां आने के बाद मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। यही कारण है कि हम यहां आए हैं।' हिंदुत्व पर राजनीति के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने कहा, 'हमारे यहां आने के पीछे कोई राजनीति नहीं है। हमारी सरकार हिंदुत्व की विचारधारा और बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा पर बनी है।'

### कोई भी मुझसे मिल सकता है

शिंदे ने कहा, 'उनकी सरकार आम लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। कोई भी मुझसे मिल सकता है और यह पहुंच उनकी सरकार की विशेषता है। मैं भी एक आम आदमी की तरह काम करता हूं, यही कारण है कि लोग हमें और हमारी सरकार को पसंद करते हैं।'

# उपराष्ट्रपति की नकल उतारने पर भाजपा सांसदों ने किया प्रदर्शन, प्रहलाद जोशी बोले– विपक्ष ने पार की सारी हदें



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में 141 सांसदों के हंगामे को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन आज भी जारी है। वहीं उधर टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी के मिमिक्री कांड को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में सत्ता पक्ष के सांसदों ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। भाजपा सांसद लोकसभा में प्रश्नकाल की कार्यवाही के दौरान 1 घंटे तक खड़े रहे। इस दौरान राज्यसभा में भी विपक्षी सांसदों ने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब तक सांसदों का निलंबन वापस नहीं लिया जायेगा तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि हम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारे जाने की कड़ी निंदा करते हैं। विपक्ष सारी हदें पार कर रहा है। विपक्ष संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान कर रहा है। ये लोग करीब 20 सालों से पीएम का अपमान कर रहे हैं। जोशी ने कहा कि इस देश में पहली बार कोई जाट उपराष्ट्रपति पद पर पहुंचा है इसलिए वे जाटों का अपमान भी कर रहे हैं। इससे पहले विपक्ष राष्ट्रपति का अपमान भी कर चुका है।

### यह है पूरा मिमिक्री कांड

बता दें कि संसद की कार्यवाही के 12वें दिन 141 सांसदों के निलंबन का विरोध करते हुए टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी ने संसद भवन के मकर गेट पर खड़े होकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के व्यवहार की नकल उतारी। इस दौरान निलंबित किए गए सांसद भी वहां मौजूद थे। इतना ही नहीं इस पूर घटनाक्रम को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मोबाइल में कैद किया। इसके बाद जब 12 बजे राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो सभापति धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य पी चिदंबरम से कहा कि टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी का यह व्यवहार अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि आपकी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य ने इसे अपने कैमरे में कैद किया। इसके बाद इसे सोशल मीडिया पर शेयर किया।

### राष्ट्रपति, पीएम ने की आलोचना

उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस प्रकार से संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्ति का मजाक बनाना ठीक नहीं है। उनके इस व्यवहार से मेरी भावनाएं आहत हुई है। इस बीच देर रात पीएम मोदी ने भी फोन पर उपराष्ट्रपति से बात की। वहीं बुधवार सुबह लोकसभा स्पीकर ने भी धनखड़ से उनके संसद भवन स्थित कार्यालय में जाकर मुलाकात की। इस मामले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल सोच समझकर किया जाना चाहिए। संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्ति के साथ इस प्रकार का आचरण शोभा नहीं देता।

### दिल्ली मेट्रो का एलान, हादसे में मरने वाली महिला के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

**नई दिल्ली।** इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के दरवाजे में साड़ी फंसने से रीना नाम की महिला की मौत के मामले डीएमआरसी ने मुआवजा देने का एलान कर दिया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने कहा कि महिला यात्री के परिजनों को 15 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कहा कि दिल्ली मेट्रो महिला यात्री के परिजनों को 15 लाख रुपये का मुआवजा देने जा रही है। जिनकी पिछले सप्ताह दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की रेड लाइन पर इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर एक हादसे में मौत हो गई थी। मेट्रो रेलवे (दावे की प्रक्रिया) नियम, 2017 के मुताबिक, मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, मृतक के बच्चों को मानवीय सहायता के रूप में 10 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। दोनों बच्चे नाबालिग हैं।

# सांसदों के निलंबन पर सोनिया गांधी ने केंद्र को घेरा, कहा– लोकतंत्र का गला घोट रही सरकार



**नई दिल्ली।** संसद के 141 विपक्षी सांसदों के निलंबन को लेकर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार लोकतंत्र का गला घोट रही है। वह संसद भवन में संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कांग्रेस संसदीय दल की बैठक को संबोधित कर रही थीं।

सोनिया गांधी ने कहा कि इससे पहले कभी भी इतनी संख्या में संसद के विपक्षी सदस्यों को निलंबित नहीं किया गया था और वह भी तब जब सदस्य एक बिल्कुल तार्किक और वैध मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो हुआ वह अक्षम्य है और इसे कतई सही नहीं ठहराया जा सकता।

दरअसल, पिछले सप्ताह के दौरान राज्यसभा और लोकसभा से कुल 141 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। ये सदस्य 13 दिसंबर को हुई संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग कर रहे थे और तख्तियां दिखाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

### 'पीएम को सदन की गरिमा का ध्यान नहीं'

कांग्रेस के संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी निशाने पर लिया और घटना के चार दिन बाद इस पर विचार रखने के लिए तंज कसा। उन्होंने कहा कि ऐसा करके प्रधानमंत्री ने साफ संकेत किया है कि वह सदन की गरिमा और देश की जनता की उपेक्षा करते हैं।

### संसद में हुई घटना पर क्या बोले थे पीएम

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को संसद में हुई घटना को लेकर बात की थी। उन्होने कहा था कि इस घटना की गंभीरता को अन्यथा नहीं लिया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर किसी तरह का झगड़ा न करने की बात कहते हुए मामले की विस्तृत जांच की बात कही थी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री संसद की कार्यवाही में बाधा पहुंचाने और इसे लेकर विरोध प्रदर्शन करने को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना भी की थी। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग अच्छा काम करना ही नहीं चाहते हैं। उन्होंने विपक्षी सदस्यों पर इस मामले का राजनीतिककरण करने का आरोप भी लगाया था।

# 'हमें अलर्ट रहने की जरूरत, पर घबराने की नहीं', उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बोले मंडाविया

**नई दिल्ली।** कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भारत में एक बार फिर से कोरोना महामारी पैर पसार रहा है। कोरोना के नए वैरिएंट JN.1 से लोगों में डर पैदा कर दिया है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को कोरोना के बढ़ते केसों और सांस लेने संबंधी बीमार लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्यों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों, अधिकारी समेत कई लोग शामिल हुए। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं और तैयारियों के साथ ही संक्रमण की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। बता दें, आईसीएमआर के निदेशक डॉ. राजीव बहल, नीति आयोग के सदस्य डॉ. वीके पॉल और आईसीएमआर की पूर्व महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने भी इस बैठक में भाग लिया।

कोविड-19 पर समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा, 'यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। साथ ही संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें अलर्ट रहने की जरूरत है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने कहा कि अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। हर तीन महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं राज्यों को केंद्र की ओर से सभी प्रकार के समर्थन का आश्वासन देता हूं। स्वास्थ्य राजनीति का क्षेत्र नहीं है।'

मंडाविया ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से सर्दियों के मौसम और आगामी त्योहारों के दौरान ठंड की स्थिति को देखते हुए निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

आपको बता दें, कोरोना के नए वैरिएंट JN.1 का पहला मामला आठ दिसंबर को केरल में मिला था। 79 साल की एक बुजुर्ग महिला में ये संक्रमण पाया गया था। वहीं, विदेश में भी कोरोना से हाहाकार मचा है। सबसे बुरा हाल सिंगापुर का है, जहां एक हफ्ते के अंदर करीब 56 हजार से ज्यादा मरीज सामने आए हैं। वहीं मलेशिया, इंडोनेशिया में भी लगातार मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

### फिर बढ़ने लगा कोरोनावायरस का संक्रमण

देशभर में आज सुबह कुल 341 कोरोनावलायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 292 मामले केरल से हैं। इसी के साथ केरल में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 2041 हो गया है। तीन मौत के साथ केरल में कोरोनावायरस के कारण होने वाले मौतों के आंकड़ों की संख्या अब बढ़कर 72,056 हो चुकी है। पिछले 24 घंटों में 224 मरीज या तो ठीक हो चुके हैं या फिर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अबतक कोविड के मामले बढ़कर 68,37,203 हो चुका है। मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि केरल में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि राज्य इस संक्रमण से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 मरीजों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने और अस्पतालों में आइसोलेशन वॉर्ड, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# भारत में 614 नए कोरोनावायरस के मामले

**नई दिल्ली।** भारत में एक बार फिर कोरोनावायरस के मामले तेजी से बढ़ने लगा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में केरल में 292 कोविड-19 के नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें तीन की मौत हो चुकी है। भारत में 614 नए कोरोनावायरस के मामले दर्ज किए गए हैं। यह 21 मई के बाद से सबसे अधिक है। इसी के साथ सक्रिय मामले बढ़कर 2,311 हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी डेटा में बताया गया कि देश में कोविड-19 मामलों की संख्या बढ़कर अब 4.50 करोड़ हो चुकी है।

कोरोनावायरस से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर अब 4,44,70,346 हो गई है। वहीं राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.81 फीसदी हो चुकी है। मृत्यु दर फिलहाल 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश भर में 220.67 कोविड टीकों की खुराक दी जा चुकी है।

केरल में कोरोनावायरस के 292 मामले दर्ज किए गए हैं। इसी के साथ केरल में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 2041 हो गया है। तीन मौत के साथ केरल में तीन साल से कोरोनावायरस के कारण होने वाले मौतों के आंकड़ों की संख्या अब बढ़कर 72,056 हो चुकी है। पिछले 24 घंटों में 224 मरीज या तो ठीक हो चुके हैं या फिर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अबतक कोविड का मामला बढ़कर 68,37,203 हो चुका है। मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि केरल में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच चिंता की कोई बात नहीं है।

# मुंबई में 8 .90 करोड़ की कोकीन के साथ युगांडा की महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर युगांडा की एक महिला को 8.90 करोड़ कीमत की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया है। महिला ने इसे अपने नकली बालों और अंडरवियर में छिपाकर लाई थी। एक विशेष सूचना के बाद राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई क्षेत्रिय इकाई ने छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को एक जाल बिछाकर महिला को गिरफ्तार किया।

डीआरआई के अधिकारियों को महिला के सामान की तलाशी लेने पर कुछ भी बरामद नहीं हुआ। हालांकि, जब उन्होंने महिला के नकली बालों और ब्रा-पैड को चेक किया तो उन्हें 890 ग्राम कोकीन मिला। अधिकारी ने बताया कि युगांडा के नागरिक अवैध तरीके से नशीले पदार्थों की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे।

पूछताछ के बाद महिला को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि तस्करी विरोधी एजेंसियों ने कई तस्करों का पर्दाफाश किया है, जिसमें आरोपी नशीली दवाओं को सैनेटरी पैड या व्हिस्की की बोतलों या फिर क्रीम के डिब्बों में छिपाकर ले जाने की कोशिश करते हैं। असम के कार्बी आंगलोंग जिले में एक करोड़ के ड्रग के साथ पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नियमित पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने लाहोरीजन में एक बस को रोका, जिसमें से उन्होंने 1.9 किलो के दो मॉर्फिन के पैकेट बरामद किए, जिसे चावल के बैग में छिपाकर ले जाया जा रहा था।

बस चालक और उसका सहयोगी दोनों मिजोरम का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पुलिस को मादक पदार्थों की जब्ती के लिए बधाई दी है। बिना प्रिस्क्रिप्शन के मॉर्फिन रखना गैरकानूनी है। इसे केवल लाइसेंस प्राप्त निर्माताओं से ही खरीदा जा सकता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के उपलक्ष्य में खो-खो व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के उपलक्ष में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशाम्बी में खो खो वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खो-खो बालिका वर्ग में स्पोर्ट्स अकैडमी पवाईया ए ने स्पोर्ट्स अकैडमी पवायिया बी को पराजित कर विजेता बनी वॉलीबॉल बालक वर्ग में विद्या आश्रम भरवारी ने नवभारत एकेडमी मंझनपुर को हराकर विजेता बनी विजेता टीमों को पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि ओम प्रकाश सिंह नायब तहसीलदार मंझनपुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ अरुण केसरवानी मोहम्मद अली ,विपिन कुमार, हीरालाल एम कैथल ,अरुण कुमार सिंह, आलोक कुमार पटेल ,मानस कुमार मिश्रा, संदीप पांडे ,खेलो इंडिया प्रशिक्षक संदीप कुमार, हॉकी प्रशिक्षक हिमांशु पाल ,एथलीट प्रशिक्षक आशा वा खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे अंत में जिला कीड़ा अधिकारी ने आए हुए अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार प्रकट किया। उक्त आशय की जानकारी रवि कुमार शर्मा जिला क्रीड़ा अधिकारी ने दी है।

## एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 21 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** जिला सेवायोजन एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय आई0टी0आई0 सिराथू के परिसर में दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया कि इस रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, गुडगांव के द्वारा आई0टी0आई0, डिप्लोमा एवं नॉन टेक्निकल सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों रिज्यूम के साथ प्रतिभाग कर सकतें हैं।

## ऑल इंडिया पुलिस मित्र ट्रस्ट के जिला प्रेसिडेंट बने मो0 इमरान

### एक नया दृष्टिकोण बनाने में हमारी मदद करे

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** ऑल इंडिया पुलिस मित्र ट्रस्ट विहार द्वारा जनपद कौशाम्बी के मोहम्मद इमरान को जिला प्रेसिडेंट के रूप में ट्रस्ट के संस्थापक अखिलेश शुक्ला ने उनके अच्छे कार्य को देखते हुए न्युक्ति किया जिसमे उज्वल कामना सहयोग की अपेक्षा किया वहीं मो.इमरान ने अपने दायित्व का इमानदारी से निर्वाह करूंगा। उन्होने कहा कि आइए एक साथ आएं और इस दुनिया को अपनी पुलिस का



बेहतर और वास्तविक पक्ष दिखाएं और जनता और पुलिस के बीच स्वस्थ संबंध विकसित करें।

पुलिस मित्र ट्रस्ट का उद्देश्य - पुलिस और सेना का सम्मान करना, कानून का पालन करना, पुलिस के सकारात्मक पहलू को समाज के सामने लाना, लोगों को कानून के प्रति जागरूक करने के लिए, अपराध नियंत्रण में पुलिस की सहायता करना, यातायात संचालन में पुलिस की सहायता करना, पुलिसकर्मियों की समस्याओं के लिए आवाज उठा जाए।

## खाना पकाने के वक्त लगी घर में आग दो घर जलकर ख़ाक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी कौशाम्बी।** खाना पकाने के दौरान दो घरों में आग लगने से पूरे घर की सामग्री जलकर खाक हो गई है बताया जा रहा है कि खाना पकाया जा रहा था इस दौरान चूल्हे की चिंगारी से घर में अचानक देखते ही देखते आग लग गई वहीं आग ने बगल में ही एक मकान को अपने चपेट में ले लिया दोनों मकान की सारी सामग्री जलकर खाक हो गई है।

करारी थाना क्षेत्र के मुकीमपुर गांव निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र घनश्याम लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय अमरनाथ के घर में खाना पकाने के वक्त चिंगारी उठने से आग लग गई है। जिसमें दोनों घर की सारी सामग्री जलकर खाक हो गई है मामले में ग्रामीणों ने आनंद फानन में पहुंचकर आग पर गांव बालों ने आग पर काबू पालिया है।

वही पड़ोस में मौजूद। शिव बरन सिंह आग बुझाने के वक्त आग की चपेट में आ गए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है मौके पर पुलिस व राजस्व की टीम पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।



# 21 दिसम्बर से 31 जनवरी 2024 तक चलाया जायेगा सदस्यता अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विक्रम अप्पे टैक्सी ड्राइवर एवं क्लीनर व ई रिक्शा ड्राइवर यूनियन के प्रधान कार्यालय में पदाधिकारी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मो0 नसीम जिला महामंत्री ने बताया कि यूनियन कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक की गयी है, जिसमें निर्णय लिया गया कि 21 दिसम्बर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सभी ड्राइवरो, व क्लीनरों का ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड की छायाप्रति व दो फोटो यूनियन कार्यालय में जमा कराकर अपना रजिस्ट्रेशन यूनियन द्वारा सदस्य प्रमाण पत्र व यूनियन का कार्ड बनाकर दिया जाएगा, व रोड नम्बर भी दिया जाएगा एवं सभी ड्राइवर क्लीनरों से अनुरोध है कि जो तारीख बतायी जा रही है उस तारीख के अन्दर सभी लोग अपना रजिस्ट्रेशन यूनियन प्रधान कार्यालय पाल चौराहा मंझनपुर,

### ☞यूनियन के प्रधान कार्यालय में हुई पदाधिकारियों की बैठक

कौशाम्बी में आकर अपना डॉक्यूमेन्ट जमा कर यूनियन का सहयोग करे व यूनियन की तरफ से जिले में किसी चौराहे पर किसी प्रकार की कोई भी वसूली नही होगी। यूनियन द्वारा पदाधिकारियों के द्वारा चौराहों पर गाड़ियों की देख-रेख व संचालन कराया जाएगा.

ऑटो व रिक्शा ड्राइवरों से अनुरोध है कि किसी चौराहे पर गाड़ी खड़ी करके वहाँ रूकिये मत, सवारी छोड़कर अपने अड्डे पर ही खड़े हो ताकि आने-जाने वालो व्यक्तियों को किसी प्रकार के जाम की समस्या न हो यातायात नियमों का पालन करते हुए रोड के किनारे लगाकर ही उत्तारे ताकि आप लोगों की सुरक्षा बनी रहे। व यूनियन के जिला अध्यक्ष मो0 नसीम ने कहा कि ऑटो व रिक्शा मालिकों से अनुरोध है कि बगैर लाइसेंस के ड्राइवरों को गाड़ी न दें, व नाबालिग बच्चों से गाड़ी कत्तई न चलवायें क्योंकि बिना लाइसेंस वाला व नाबालिग ड्राइवरों से गाड़ी चलवाने पर दुर्घटना का डर बना रहता है,

और आए दिन घटना, दुर्घटनाएँ होती है. इसलिए आप लोग ड्राइवर के लाइसेंस चेक करके ही गाड़ी दें वरना आप लोगों को कानून का पालन न करने पर आपकी गाड़ी की चालान व सीज भी हो सकती है। यदि चालक का लाइसेंस है तो व गाड़ी के सभी पेपर कम्पलीट है तो यूनियन से पूरी मदद ले सकते है। यूनियन आपकी हमेशा मदद करती रहेगी। आप लोगों से अपील है कि यूनियन का सहयोग करें। यूनियन के बताए हुए रास्ते पर चलने की कृपा करें। ताकि यूनियन आपकी हमेशा मदद कर सके।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कंसल्टेंट ने किया निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कंसल्टेंट नंदिनी तथा रजनी सिंह द्वारा आज आंगनबाड़ी केंद्र सैदनपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय सैदनपुर, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर कोतरी पश्चिम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करारी, आंगनबाड़ी केंद्र अवाना आलमपुर,प्राथमिक विद्यालय अवाना आलमपुर एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अवाना आलमपुर का निरीक्षण का संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।





## आज आयोजित होगा "विकसित भारत संकल्प यात्रा" कार्यक्रम

कौशाम्बी। जनपद की ग्राम पंचायत-मलाक रेजमा, रहीमपुर मौलानी, मोहनापुर, जवई, गोइन्ठा व अलवारा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा बिछौरा, तियरा जमालपुर, उमरछा, उमरवल, मकदूमपुर ढोकसहा व पौर काशीरामपुर में 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना(ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा।

बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ÷मेरी कहानी मेरी जुबानी÷के तहत अपने अनुभव, फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमत्री जी का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों, विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों, स्कूली छात्रों, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ-÷धरती कहे पुकार÷ एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेंगा।

# आर्म्स एक्ट के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत साकिर निवासी असरौली थाना पूरामुफ्ती जनपद कौशाम्बी (वर्तमान में जनपद प्रयागराज) को न्यायालय सीजेजेडी, एफ्टीसी प्रथम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 1000 रूपयें के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 05 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी

# महिला ने भूमि पर कब्जे की शिकायत की एसपी से

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना क्षेत्र की पहाड़िया गांव की महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया जिसमे गांव के ही एक व्यक्ति से पांच वर्ष पहले जमीन खरीदा था जिसमे एक पचास वर्ष पहले से महुआ का पेड़ था जिससे महिला ने बताया कि जब से जमीन लिया तभी से कब्जा है लेकिन महिला प्रयागराज में जीविका उपार्जन के लिए रह रही थी। लेकिन गांव के दबंग व्यक्तियों ने स्थानीय पुलिस के सांठ गांठ से कब्जा कर रहे है। पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच के आदेश दिए।

# वैज्ञानिक शोध प्रयोगशाला व विज्ञान क्लब द्वारा विद्यार्थियों का आई0आई0आई0टी0 प्रयोगशाला भ्रमण 21 को

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ0प्र0 (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन) के दिशा-निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब, कौशाम्बी द्वारा मेधावी विधार्थियो हेतु वैज्ञानिक शोध प्रयोशाला का भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम के अन्तर्गत 21 दिसंबर को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आई0 आई0आई0टी0) प्रयागराज में भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए समन्वयक जिला विज्ञान क्लब वसीम अहमद ने बताया कि जनपद के 10 विद्यालयों से 100 विद्यार्थियों को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) प्रयागराज में भ्रमण हेतु ले जाया जाएगा जहां उन्हें संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण एवं अध्ययन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कैरियर स्थापित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## पशुबाड़े का ताला तोड़कर पांच बकरियां ले गए चोर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव में मंगलवार की रात पशुबाड़े का ताला तोड़कर चोर पांच बकरियां ले गए।पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।गनेशपुर गाँव निवासी कुलदीप पाल पुत्र केदारपाल पशुपालन



करके परिवार का भरण-पोषण करता है।मंगलवार की शाम पशुओं को मकान के पास बने पशुबाड़े में बांध दिया और घर आकर खाना खाने के बाद सो गया। सुबह जब पशुपालक पशुबाड़े पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। पशुबाड़े का ताला टूटा मिला व पांच बकरियां गायब मिली।

# छात्रा के 75 जिलों के नाम सुनाने पर नोडल संकुल शिक्षक ने किया पुरस्कृत

### सिराथू के प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावां में आयोजित हुई संकुल शिक्षक समीक्षा बैठक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, कौशाम्बी।** विकासखण्ड सिराथू के रामपुर धमावां न्यायपंचायत की मासिक शिक्षक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावां में शिक्षक संकुल दीपनारायण मिश्र के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक की शुरुवात शिक्षक पवन वर्मा ने प्रेरक गीत गाकर की। तत्पश्चात सभी शिक्षकों के सामने शिक्षक संकुल दीपनारायण मिश्र ने एक ब्रेन बूस्टर गतिविधि का प्रदर्शन किया। छात्रा शिवानी ने उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के नाम सुनाए।

जिससे प्रभावित होकर नोडल शिक्षक संकुल संतोष कुमार ने 100 रुपए का पुरस्कार देकर छात्रा को प्रोत्साहित किया। शिक्षक आशीष मौर्य व शिक्षिका नेहा शर्मा ने संदर्शिका आधारित शिक्षण योजना की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात शिक्षक संकुल दीपनारायण मिश्र सभी शिक्षकों के साथ मिलकर आउटडोर गतिविधि बात का बतंगड़ करायी जिसमें शिक्षकों ने भरपूर आनंद उठाया।

शिक्षक संकुल विनोद तिवारी ने निपुण अभियान के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए अपवर्तन का प्रयोग करते हुए कक्षा 6 से 8 की प्रस्तुति दी। अंत मे सभी शिक्षकों ने मासिक बैठक के बदले रूप को अपने भावों में रिफ्लेक्शन गतिविधि के रूप में व्यक्तकर बैठक समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक में नोडल शिक्षक संकुल संतोष कुमार, सरिता सिंह, शिवकांत सिंह, शिक्षक हिमांशु तिवारी, अनिल शर्मा सहित संकुल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## राज्यपाल का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल 21 दिसम्बर 2023 को अपरान्ह 3:45 बजे माँ शीतला गेस्ट हाउस, सयांरा, कौशाम्बी पहुँचेंगी। तत्पश्चात अपरान्ह 4:30 बजे कड़ा शक्तिधाम पहुँचकर दर्शन-पूजन करेंगी। राज्यपाल 22 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे ऑगनबाड़ी केन्द्र थुलगुला पहुँचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। राज्यपाल तत्पश्चात पूर्वान्ह 11:35 बजे जिला जेल पहुँचकर जिला जेल का भ्रमण करेंगी। राज्यपाल मध्यान्ह 12:15 बजे कलेक्ट्रेट सभागार पहुँचकर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करने के पश्चात अपरान्ह 01:40 बजे पुलिस लाइन से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

# कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया

**जौनपुर ।** किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा किसानों की समस्याओ को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने किसानों से अपील किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में हर गांव में कैम्प लग रहे है सरकार की योजनाओं का संतृप्तिकरण किया जा रहा है, जिनका पीएम किसान सम्मान निधि का किस्त नही आ रहा है, वे कैम्प में जाकर अपना डाटा सही करवा कर लाभान्वित हो, तथा उज्जवला योजना, पेंशन योजना अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं, पशुओं के टीकाकरण के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी और सभी किसानों से टीका लगवाने के लिए अपील भी की।

जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राना ने एकीकृत बागवानी, मशरूम यूनिट, शहद और मधुमक्खी पालन से सम्बंधित जानकारी दी।



उन्होंने ड्रिप और स्प्रिंकलर और नैनो यूरिया के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को फूलों की खेती, मशरूम की खेती, शहद की खेती करने का सुझाव दिया। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि जनपद में 01 नवंबर से धान की खरीद की जा रही है। कुल 153 धान क्रय केंद्र बनाए गए। धान के किसानों को 48 घण्टे में भुगतान किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि जिन किसानों का भुगतान नही हो पा रहा है, ऐसे किसान अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करा लें। उन्होंने बताया कि 29 फरवरी 2024 तक खरीद की जाएगी। रजिस्ट्रेशन हेतु खतौनी, आधार कार्ड और रजिस्ट्रेशन की प्रति की आवश्यकता होगी। जनपद के किसानों भाई धान क्रय के सम्बंध में 7065660760 नंबर पर अपनी समस्या बता सकते है। एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि यूरिया के लिए 17000 एमटी का लक्ष्य निर्धारित है जिसमे 50 प्रतिशत उपलब्ध है। 02 से 03 दिन में समिति को भेज दे जाएगी। जनपद में पर्याप्त उपलब्ध है। नैनो यूरिया भी समिति पर उपलब्ध है। खुद तो जागरूक हो और अन्य को भी प्रयोग करने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय, जिला गन्ना अधिकारी, एक्सईएन सिचाई, डिप्टी पीडी आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव, जिला गन्ना अधिकारी महेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पत्रकार उत्पीडन एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन का 864वाँ दिन

**जौनपुर ।** सत्याग्रह आन्दोलन के 864वें दिन पत्रकार उत्पीडन, भ्रष्टाचार, जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में 'सत्याग्रह आन्दोलन' जारी रहा। सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। आन्दोलन के समर्थन में विजय प्रताप सिंह, तबरेज नियाजी, दानिश इकबाल, बिहारी लाल यादव, अवधेश कुमार गुप्त, चन्द्रमणि पाण्डेय, भोलानाथ यादव, सन्तोष कुमार, राजबली यादव, बसन्त लाल मौर्य व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ई-के0वाई0सी0 की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया





**जौनपुर ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद के विकासखंड सिकरारा की ग्राम पंचायत सबेपुर और उचौरा, सिरकोनी की ग्राम पंचायत कादीपुर और रासीपुर, मुफ्तीगंज के ग्राम पंचायत भोगीपट्टी और शहाबुद्दीनपुर, केराकत की ग्राम पंचायत उमरवार और गोबरा, डोभी की ग्राम पंचायत विशुनपुर और अईलिया, रामनगर की ग्राम पंचायत तिलंगा और उतरपट्टी, बरसठी की ग्राम पंचायत चकदोस्त दियावां और सिरौली, मछ्लीशहर की ग्राम पंचायत खजुरहट और परसूपुर, मुंगराबादशाहपुर की ग्राम पंचायत नीभापुर और रामपुरभोडी, महराजगंज की ग्राम पंचायत लमहन और नाहरपुर, बदलापुर के ग्राम पंचायत नकहरा खानदेव और बछुआर, सुईथाकला की ग्राम पंचायत रहिमापुर और पूरासम्भलशाह, शाहगंज की ग्राम पंचायत शाहापुर और तारगहना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत एलईडी वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओ के प्रचार प्रसार के साथ ही आज स्वास्थ्य शिविर में लोगों की जांच की गयी। पीएम उज्ज्वला के तहत नये व्यक्तियों का नामांकन किया गया। उपस्थित लोगों ने देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया। ड्रोन से नैनौ युरिया, डीएपी, का प्रर्दशन किया गया और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई-के0वाई0सी0 की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया।

सहकारिता विभाग के अन्तर्गत ग्रामीणों को सहकारी समिति का सदस्य बनाकर प्रमाण पत्र देते हुए उन्हें लाभान्वित किया गया। रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों जैसे ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के प्रयोग का प्रदर्शन व प्रचार-प्रसार किया गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि, कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती, श्रीअन्नध्मिलट्स की उपयोगिता, स्थानीय कृषि उत्पादन संगठनों के उत्पादन के प्रति प्रदर्शनी रबी अभियान के अन्तर्गत प्रगतिशील कृषकों द्वारा उच्च उत्पादकता प्राप्त करने हेतु संवाद कार्यक्रम किया गया।स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पशुओं सामयिक टीकाकरण व रोगों के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया। आपूर्ति एवं विपणन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गतन निःशुल्क राशन एवं पीएम उज्ज्वला योजना पर प्रकाश डाला गया।